आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, बुधवार 8 नवंबर 2023, वर्ष-9 अंक- 219 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

70.87% मतदान के साथ 223 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग शाम 5 बजे खत्म हो गया। पहले चरण में बस्तर 12 और दुर्ग संभाग के 8 विधानसभा क्षेत्रों में वोटिंग हुई। इनमें से अति नक्सल प्रभावित 10 विधानसभा क्षेत्रों में 3 बजे तक मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग ने अभी 3 बजे तक का अपडेट दिया है। जिसमें 10 मतदान क्षेत्रों में उम्मीद से ज्यादा वोटरों ने मतदान किया है। दोपहर 3 बजे तक वोटिंग प्रतिशत 60.92 है। बता दें कि 20 विधानसभा क्षेत्रों में 223 उम्मीदवारों मैदान में हैं। इनमें पूर्व सीएम रमन सिंह, मंत्री कवासी लखमा, दीपक बैज, मोहन मरकाम समेत अन्य दिग्गजों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया। वोटिंग के दौरान छुटपुट नक्सली घटनाएं भी सामने आयी है। कांकेर, सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच एनकाउंटर की 4 घटनाएं भी सामने आई। सुकमा के मीनपा में शाम 6 बजे तक मुठभेड़ जारी था।

मंतूराम और रुपसिंह को नक्सलियों ने दी धमकी

कांकेर में नक्सलियों मतदान खत्म होते ही पर्चा फेंककर कांग्रेस प्रत्याशी रुपसिंह पोटाई और निर्दलीय चुनाव लड़ रहे मंतूराम पवार को धमकी दी है। नक्सलियों ने मंतूराम पवार पर 30 करोड़ गबन करने का आरोप लगाते हुए जनअदालत में सजा सुनाने की बात कही है। जानकारी के अनुसार नक्सलियों ने यह पर्चे बांदे मुख्यालय से 2 किलोमीटर दूर स्टेट हाईवे 25 पर फेंके हैं। यह सड़क उलिया माड़पखांजुर को बांदे पखांजुर मार्ग से जोड़ती है। नक्सलियों ने पर्चे पर दोनों नेताओं को जन अदालत पर आने का फरमान जारी किया

पांच बजे तक 70.87 प्रतिशत मतदान

निर्वाचन आयोग ने शाम पांच तक हुई वोटिंग के आंकड़े जारी किए हैं। पहले चरण की 20 सीटों पर 70.87 प्रतिशत मतदान हुआ है। सबसे ज्यादा वोटिंग राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ सीट पर हुई है। यहां 77. 4 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं सबसे कम वोटिंग बीजापुर सीट में हुई है। यहां मतदान का प्रतिशत 40.98 रहा।

जवानों ने बरामद किया आइईडी

जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में थाना अरनपुर के अंतर्गत सुरक्षाबलों ने दो प्रेशर आइईडी बरामद किया है। सीआरपीएफ111वीं बटालियन की सी कंपनी के जवान सर्चिंग पर निकले थे। इसी दौरान सुरक्षा बलों ने आइईडी बरामद किया है। आशंका जताई जा रही है कि नक्सलियों ने पुलिस पार्टी व मतदान दलों के नुकसान पहुंचाने की नियत से इसे प्लांट किया था। फिलहाल जवानों बम को निष्क्रिय कर दिया।

सुकमा में तीन जवान घायल

सुकमा जिले के मिनपा के पास से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। मिनपा में पोलिंग पार्टी को सुरक्षा देने के लिए जवान जंगलों में तैनात थे। पुलिस और नक्सलियों के बीच लगभग 20 मिनट तक मुठभेड़ चली।

बूथ पर नक्सलियों ने की फायरिंग

इससे पहले नक्सलियों ने कोंटा के बंडा इलाके में पोलिंग बूथ के बाहर हमला कर दिया। जवानों ने जवाबी कार्रवाई की तो नक्सली भाग निकले। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने दूरमा और सिंगाराम के जंगल में बीजीएल भी दागे। टोडामर्का में भी नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया था। इसकी चपेट में आकर सीआरपीएफ कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया।

नक्सलियों के मारे जाने की खबर

गंगालूर मार्ग के बीच भी पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। सीआरपीएफ 85 बटालियन के जवान एरिया डॉमिनेशन पर निकले थे। पुलिस का दावा है कि मुठभेड़ के बाद नक्सलियों को 2-3 शव उठाकर भागते देखा गया है। मौके पर खून के धब्बे और घसीटने के निशान मिले हैं।

दो घंटे देर से शुरू हुआ मतदान

डोंगरगढ़ के छोटे कुसमी में चुनाव बहिष्कार की चेतावनी के चलते मतदान दो घंटे देर से शुरू हुआ। गांव में विकास कार्य नहीं होने से ग्रामीण खफा थे। अधिकारियों के समझाने के बाद वोट डालने पहुंचे। वहीं ढारा और स्वामी आत्मानंद स्कूल के 150 नंबर बूथ के ईवीएम खराब होने से मतदान 2 घंटे बंद रहा।

20 सीटों पर 70.87 प्रतिशत हुई वोटिंग

डोंगरगढ़ में सबसे अधिक 77.4, बीजापुर में सबसे कम 40.98 प्रतिशत वोटिंग

विस सीट	9 बजे	11 बजे	1 बजे	3 बजे	5 बजे
मोहला-मानपुर	9	27	56	73	76
अंतागढ़	17.44	28.84	55.65	62.67	70.72
भानुप्रतापपुर	16.9	36.1	61.83	68.50	79.10
कांकेर	15.09	34.65	61.80	68	76.13
केशकाल	12.84	27.63	52.66	60.11	74.49
कोंडागांव	14	32.5	54.04	69.03	76.29
नारायणपुर	11	21.6	46	53.55	63.88
दंतेवाड़ा	10.18	16.2	41.21	51.90	62.55
बीजापुर	4.5	9.11	20.09	30	40.98
कोंटा	4.21	12.39	30.27	50.12	50.12
नोट : इन 10 सीटों पर सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक वोटिंग हुई					
विस सीट	9 बजे	11 बजे	1 बजे	3 बजे	5 बजे
खुज्जी	7	25	46.67	67.07	72.01
डोंगरगढ़	9	21.5	41.10	61.20	77.40
डोंगरगांव	12.4	18.06	39	62.80	76.80
राजनांदगांव	5	14	38	62	74
कवर्धा	13	23.25	41.67	64.48	72.89
पंडरिया	12	21	39.44	60.40	71.06
खैरागढ़	6	23.21	44.27	64.48	76.31
चित्रकोट	2.5	11.3	34.16	56.90	70.36
जगदलपुर	6.41	18.36	45.81	60.75	75
बस्तर	5.55	19.97	44.14	65.20	71.39

नोट : इन 10 सीटों पर सुबह 8 से शाम 5 बजे तक वोटिंग हुई । निर्वाचन आयोग द्वारा मिले शाम पांच बजे तक के आंकड़े।

दिल्ली और रायपुर से हुई वोटिंग की निगरानी

नक्सल प्रभावित 2,431 मतदान केंद्रों से मतदान प्रक्रिया का सीधा प्रसारण किया जा रहा है। इस वेब कास्टिंग की निगरानी केंद्रीय चुनाव आयोग दिल्ली व रायपुर के निर्वाचन कार्यालय में बैठे अधिकारी कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि मतदान प्रक्रिया या बूथों में अभी तक किसी भी प्रकार की रूकावट या मतदान को प्रभावित करने वाली गतिविधियों की जानकारी सामने नहीं आई है।

ईवीएम मशीन के सुधरने का करते रहे इंतजार

डोंगरगढ़ के स्वामी आत्मानंद स्कूल के बूथ क्रमांक 150 में ईवीएम मशीन खराब हो गया। ईवीएम में खराबी के चलते लगभग 20 मिनट तक मतदान रुकी रही। 20 मिनट बाद ईवीएम मशीन को सुधार कर मतदान फिर से शुरू हुआ। इस दौरान मतदाता तब तक मतदान केंद्र पर बैठे रहे।

आज बेबाक

चुनाव आयोग डाल-डाल है तो रजनीतिक पार्टियां पात-पात। पांच राज्यों के लिए हो रहे विधानसभा चुनाव के दौरान अब तक कई करोड़ रूपए नगद और करोड़ों की शराब तथा अन्य वस्तुएं जप्त की गई है। जितनी रकम और सामान मिला है उससे कई गुना ज्यादा तो ठिकाने लग गया होगा। अब हर जगह हर किसी पर पहरेदारी तो बिठाई नहीं जा सकती। इस मामले में राजनीतिक दलों के बीच गजब की एकता होती है। वे एक दूसरे की मुखबीरी नहीं करते क्योंकि दूध का धुला कोई नहीं है। दूसरे का पत्ता काटेंगे तो खुद कैसे बाटेंगे?

देश में महंगाई चरम पर, छत्तीसगढ़ में इसका असर नहीं : प्रियंका

बालोद/नवप्रदेश। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी मंगलवार को बालोद पहुंची। जुंगेरा में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी बोलीं गलती करोगे तो पांच साल भुगतोगे, सोच समझकर वोट देंगे तो फि र से कांग्रेस की सरकार बनेगी। देश भर में महंगाई चरम पर है, लेकिन छत्तीसगढ़ में इसका कोई असर नहीं है। इसलिए कांग्रेस को वोट देकर कांग्रेस की सरकार

बनाएं। सभा में प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर भी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश की संपत्ति कौड़ियों के दाम बेची जा रही

प्रियंका गांधी ने कहा कि गरीबों को दो वक्त की रोटी के लिए जद्दोजहद करना पड़ता है। लेकिन इन सबकी मोदी जी को कोई चिंता नहीं है। देश की संपत्ति कौड़ियों के दाम पर बेची जा रही है। ज्यादातर संपत्ति अडानी को दी गई है। प्रियंका गांधी बोलीं, 'प्याज के बाद अब टमाटर महंगा हो गया है। आज प्राइवेटाइजेशन हो रहा है। मीडिल क्लास के लिए बीजेपी नहीं सोचती। पेंशन को बीजेपी ने निवेश कर दिया। आज सरकारी अधिकारी कर्मचारी अब पुराने पेंशन स्कीम की मांग कर रहे हैं। इसलिए छत्तीसगढ़ में आज ओपीएस लागू है। बीजेपी के पास गरीबों के लिए पैसे नहीं है। कांग्रेस ने आपके पैसे वापस आपके जेब में डाले हैं। कांग्रेस ने हमेशा आपके हक की बात की है।

32 सौ रुपए करेंगे धान का समर्थन मूल्य

प्रियंका बोली की कांग्रेस की सरकार आते ही हमने सबसे पहले किसानों का कर्ज माफकिया। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी हो रही है। आगे धान का समर्थन मूल्य 3200 करेंगे, 10 लाख तक का मुफ्त मिलेगा, 200 यूनिट बिजली फ्री, सिलेंडर पर 500 की सब्सिडी मिलेगी। वनोपजों के लिए अतिरिक्त 10 हजार मिलेंगे। 700 इंडस्ट्रियल पार्क बनाए जाएंगे। युवाओं को उद्योग के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। वोट उसी पार्टी के लिए जाना चाहिए जहां आपको भविष्य नजर आता है।

बीजेपी ने बनाया है, बीजेपी ही संवारेगी : मोदी

सूरजपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सूरजपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर आदिवासियों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। पीएम ने अपराध, आतंकवाद के मुद्दे पर भी कांग्रेस को जमकर घेरा। पीएम ने कहा कि कांग्रेस को कभी भी गरीबों की चिंता नहीं हुई, उनके बच्चों के बारे में कांग्रेस ने कभी नहीं सोचा। जब कि बीजेपी हमेशा गरीबों की भलाई को प्राथमिकता दी है। पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी ने अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का निर्माण किया था और इसीलिए आज पूरा छत्तीसगढ़ कह रहा है, 'बीजेपी ने बनाया है, बीजेपी ही संवारेगी।'पीएम ने कहा कि बीजेपी को गरीबों की चिंता है, इसीलिए मुफ्त राशन योजना अगले 5 साल तक जारी रहेगी। 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन दिया

जाएगा। वह नहीं चाहते कि किसी भी गरीब का बच्चा भूखा सोए, इसीलिए सरकार ने मुफ्त राशन योजना जारी रखने का फैसला लिया है।

डरें नहीं, बिना हिचके करें मतदान

छत्तीसगढ़ में मंगलवार 7 नवंबर को हो रहे पहले चरण के चुनाव के दौरान पीएम मोदी ने सभी वोटर्स से बिना डरे और बिना हिचके मतदान जरूर करने की अपील की, उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े उत्साह और उमंग के साथ भारी मतदान हो रहा है, सभी लोग वोट जरूर डालें। पीएम मोदी ने कहा कि एक तरफ बीजेपी का संकल्प पत्र है, दूसरी तरफ कांग्रेस का झूठ का कारोबार। आप सभी को कांग्रेस ने विश्वासघात के सिवाय कुछ नहीं दिया है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के युवाओं के सपने भी पूरे नहीं किए।

कांग्रेस राज में बढ़ जाते हैं नक्सलियों के हौंसले

पीएम मोदी ने कहा कि जब-जब कांग्रेस सत्ता में आती है, तब-तब देश में आतंकवादियों और नक्सलियों के हौंसले बढ़ जाते हैं। जिस-जिस राज्य में कांग्रेस सत्ता में होती है वहां अपराध और लूटपाट का ही राज ही चलता है। उन्होंने बीजेपी राज में हो रहे कामकाज को छत्तीसगढ़ की जनता के सामने रखा और उनसे कांग्रेस को राज्य से उखाड़ फेंकने की अपील की।

मिजोरम की 40 सीटों पर मतदान खत्म

आइजोल (एजेंसी)। मिजोरम की 40 विधानसभा सीटों पर मंगलवार सुबह 7 बजे से शुरू हुई वोटिंग शाम 4 बजे खत्म हो गई। राज्य में 77.04 प्रतिशत मतदान हुआ। सेरछिप में सबसे ज्यादा 77.78 प्रतिशत तो सियाहा में सबसे कम 52.02 प्रतिशत मतदान हुआ। आइजोल में 65.06 प्रतिशत वोटिंग हुई। मिजोरम में 2018 के विधानसभा चुनाव में 81.61 प्रतिशत वोट पड़े थे। गवर्नर हरि बाबू कंभमपति ने आइजोल साउथ में सुबह 8:15 बजे वोटिंग की। मुख्यमंत्री जोरमथंगा सुबह 7 बजे के करीब वोट डालने आए थे, लेकिन ईवीएम मशीन में खराबी के चलते लौट गए। चार घंटे बाद वापस आकर उन्होंने वोट डाला। वहीं, मिजोरम कांग्रेस के अध्यक्ष लालसावता ने दावा किया कि मिजोरम में हम पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रहे हैं। हम 22 सीट जीतने जा रहे हैं। जोरम पीपुल्स मूवमेंट के कार्यकारी अध्यक्ष और आइजोल नॉर्थ-आईआईआई से पार्टी के उम्मीदवार के सपडांगा ने भी अपना वोट डाला।

दिल्ली प्रदूषण पर सुको

सब्र खत्म हो रहा, हमारा बुलडोजर चला तो रुकेगा नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार 7 नवंबर को सुनवाई

हुई। इस दौरान जस्टिस संजय किशन कौल ने पंजाब, हरियाणा, यूपी और राजस्थान सरकारों को सख्त आदेश दिया कि पराली जलाना तुरंत बंद किया जाए। प्रदूषण को देखते हुए हमारा सब्र खत्म हो रहा है, अगर हमने एक्शन लिया तो हमारा बुलडोजर रुकेगा नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को भी निर्देश दिया कि नगर निगम शहर का ठोस कचरा खुले में न जलाए, क्योंकि दिल्ली को हर साल प्रदूषण से जूझने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता। जस्टिस कौल ने केंद्र से कहा कि वह किसानों को सब्सिडी देने और दूसरी फसलों की पैदावार के लिए प्रेरित करे, ताकि ठंड से पहले पराली जलाना बंद हो सके। मामले की सुनवाई जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच कर रही थी। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 10 नवंबर तय की है। यह फैसला दिल्ली में वायु प्रदूषण के लगातार खतरनाक स्तर को कम करने के लिहाज से अहम है। राजधानी की हवा पिछले 8 दिनों से बेहद खराब है। सोमवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स 470 था।

सीएम केजरीवाल गिरफ्तार होंगे तो जेल से चलेगी सरकार : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली (वार्ता) । दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अगर गिरफ्तार होते हैं तो वो जेल से ही सरकार चलाएंगे क्योंकि दिल्ली की जनता ने उनको ही जनादेश दिया है। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन और उनकी गिरफ्तारी को लेकर हो रहे दावे के बीच उन्होंने सोमवार को पार्टी विधायक दल की बैठक की। ईडी के समन और उनकी गिरफ्तारी को लेकर हो रहे दावे के बीच यह अहम बैठक दिल्ली विधानसभा में हुई। श्री भारद्वाज ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि बैठक में सभी विधायकों ने अपनी बात रखी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि केजरीवाल अगर गिरफ्तार होते हैं तो वो जेल से ही दिल्ली सरकार चलाएंगे, क्योंकि दिल्ली की जनता ने उनको ही जनादेश दिया है।

संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि मुख्यमंत्री को ट्रायल के बहाने जेल में रखा जाए तो उनको इस्तीफा देना पड़ेगा। श्री भारद्वाज ने कहा कि भाजपा को अगर किसी पार्टी से समस्या है तो सबसे ज्यादा आम आदमी पार्टी से है। अब तक जितने मुकदमे आम आदमी पार्टी के विधायकों-मंत्रियों पर हुए और जिस तरह से अब अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की तैयारी है, इससे साफ है कि अगर प्रधानमंत्री और भाजपा को किसी से सत्ता का डर है तो वो अरविंद केजरीवाल से है। वह चाहते हैं कि किसी तरह से दिल्ली की सत्ता से श्री अरविंद केजरीवाल को हटाया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा अब यह बात जान चुकी है कि अरविंद केजरीवाल को साजिश करके ही सत्ता से हटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम सब विधायकों ने अरविंद केजरीवाल से करबद्ध निवेदन किया है कि जैसे भी हो, अवसर आएंगे, हम कैबिनेट के साथी हैं, अरविंद केजरीवाल जब भी बुलाएंगे, हम लोग जेल में मिलने जाएंगे। मुझे लगता है कि आज जैसा माहौल है, हम लोग सच में बहुत जल्द जाएंगे। जिस तरह की तैयारियां प्रधानमंत्री कर रहे हैं, बाकी कैबिनेट मंत्री भी मुख्यमंत्री के साथ जेल में जाएंगे। जेल में ही कैबिनेट की बैठक करेंगे और फैसला करेंगे। मुख्यमंत्री को जब जरूरत होगी, तब अफसरों को जेल में बुलाएंगे।

केंद्रीय मंत्री पटेल की कार से एक्सीडेंट शिक्षक समेत तीन बच्चों की हालत गंभीर

छिंदवाड़ा (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की कार हादसे का शिकार हो गई। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति समेत तीन स्कूली बच्चे घायल हुए हैं। हादसा उस वक्त हुआ जब प्रहलाद पटेल मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से जनसंपर्क कार्यक्रम निपटा कर नरसिंहपुर लौट रहे थे। सिंगोड़ी बाईपास के पास निजी स्कूल से बच्चों को लेकर लौट रहे एक टीचर की बाइक को उनकी कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे भूरा मोहगांव निवासी निरंजन चंद्रवंशी बुरी तरह से जख्मी हो गए, जबकि उनके साथ बैठे तीन बच्चे भी घायल हो गए, तत्काल केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने अन्य स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसे के दौरान प्रहलाद पटेल के पैर में भी मामूली चोट आई है। वहीं, उन्होंने तत्काल घायलों को अस्पताल भिजवाया। हादसे के कुछ देर बाद प्रहलाद पटेल दूसरे वाहन से नरसिंहपुर निकल गए। इस दौरान काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए थे, यहां से प्रहलाद पटेल के जाने के बाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के द्वारा नारेबाजी भी की गई। भाजपा कार्यकर्ता भी यहां पर कांग्रेस कार्यकर्ता के खिलाफ नारे लगाते नजर आए।

न्यूज गैलरी

खडगे-राहुल ने की युवाओं से वोट की अपील

नई दिल्ली(वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पार्टी नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रथम चरण के लिए जारी मतदान के बीच राज्य की जनता से कांग्रेस को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि दोबारा सरकार बनने पर सभी वादों को पूरा किया जाएगा। श्री खडगे ने कहा छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया। आज छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम चरण का मतदान शुरु हो चुका है। हमारी हर मतदाता से, ख़ासतौर से पहली बार वोट देने वाले युवाओं से अपील है कि वोट ज़रूर करें। हमें पूरा विश्वास है कि छत्तीसगढ़ में न्याय युक्त शासन रहेगा और लोकतंत्र के प्रति भरोसा बरक़रार रहेगा। श्री गांधी ने छत्तीसगढ़ के मतदाताओं को याद दिलाया कि राज्य में यदि कांग्रेस दोबारा सत्ता में आती है तो प्रदेश की जनता से किए गए वादों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा , जब इस्तेमाल करें अपना मताधिकार, याद रहे, छत्तीसगढ़ में फिर एक बार, कांग्रेस की भरोसे की सरकार। कांग्रेस की छत्तीसगढ़ को गारंटी- किसानों का कर्ज़ माफ़, 20 क्विंटल एकड़ धान खरीदी, भूमिहीनों को 10,000 रुपए,धान पर 3,200 की एमएसपी पर, तेंदूपत्ता पर 6,000 रुपए बोरा, तेंदूपत्ता के लिए 4000 रुपएवर्ष बोनस, 200 यूनिट बिजली फ्री, गैस सिलेंडर पर 500 रुपए सब्सिडी, केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा, 10 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज, 17.5 लाख परिवारों को आवास, जातिगत जनगणना।हम जो कहते हैं, वो कर के दिखा देते हैं।

ओडिशा विस के पूर्व अध्यक्ष महेश्वर मोहंती का निधन

भुवनेश्वर(वार्ता)। बीजू जनता दल (बीजद) के वरिष्ठ नेता एवं ओडिशा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष महेश्वर मोहंती का मंगलवार तड़के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो पुत्र हैं। श्री मोहंती की तबीयत बिगड़ने और हल्के मस्तिष्काघात का पता चलने के बाद उन्हें गत 31 अक्टूबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था , जहां उन्होंने आज 03:25 बजे अंतिम सांस ली। पेशे से वकील रहे श्री मोहंती ने 1995 से 2014 तक लगातार पांच बार पुरी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। वह बीजद उम्मीदवार के रूप में चार बार और एक बार जनता दल के उम्मीदवार के रूप में विधानसभा के लिए चुने गए थे।

दक्षिण चिली में आग लगने से 14 की मौत

सैंटियागो(वार्ता)। दक्षिणी चिली में एक शिविर में आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक आग बायोबियो क्षेत्र के कोरोनेल शहर में स्थितएक शिविर में लगी थी।

शराब कारोबारी समूह पर आयकर की कार्रवाई

भोपाल(वार्ता)। आयकर विभाग ने आज शराब कारोबार से जुड़े मध्यप्रदेश के बड़े समूह के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई प्रारंभ की। सूत्रों के अनुसार छापे की कार्रवाई भोपाल और रायसेन जिलों में स्थित समूह के महत्वपूर्ण ठिकानों पर की गयी है। कथित तौर पर कर अपवंचन से जुड़े मामले के चलते यह कार्रवाई की गयी है। बताया गया है कि छापे की कार्रवाई मध्यप्रदेश के भोपाल और रायसेन के अलावा कुछ अन्य शहरों में भी की गयी है।

2605 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए

जयपुर(वार्ता)। राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य के सभी दो सौ विधानसभा क्षेत्रों के लिए 2605 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं जिनमें करीब तीन सौ महिला प्रत्याशी शामिल है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सोमवार को नामांकन के अंतिम दिन 1543 उम्मीदवारों ने 1974 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। प्रदेश में चुनाव के लिए गत 30 अक्टूबर को नामांकन भरना शुरू किया गया और इसके आखिरी दिन छह नवंबर तक कुल 2605 उम्मीदवारों ने 3436 नामांकन पत्र भरे। इस दौरान 299 महिला उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पर्चा भरा। श्री गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में सबसे अधिक 31 उम्मीदवारों ने आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में नामांकन भरे। इसके बाद कामां में 28, आहोर और भीलवाड़ा में 27-27 और अजमेर उत्तर, साँगानेर और सूरसागर में 26 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे। सबसे कम 4-4 उम्मीदवारों ने दूदू और लालसोट में, चोहटन में पांच उम्मीदवारों ने और रेवदर एवं चाकसू विधानसभा क्षेत्रों में 6-6 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच सात नवम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे से रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में ऑब्ज़र्वर की उपस्थिति में होगी और नामांकन वापसी की अंतिम तारीख नौ नवम्बर है। सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान 25 नवम्बर को प्रातःसात बजे से शाम छह बजे तक होगा जबकि मतगणना तीन दिसंबर को होगी। उन्होंने बताया कि इन उम्मीदवारों में 408 प्रत्याशियों ने अपने आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी दी।

हितेश मकवाना बने महासर्वेक्षक

नई दिल्ली(ए.)। केंद्र ने बड़े नौकरशाही फेरबदल के तहत आईएएस हितेश कुमार एस मकवाना को भारत का महासर्वेक्षक (सर्वेयर जनरल) नियुक्त किया है। तमिलनाडु कैडर के 1995 बैच के आईएएस अधिकारी मकवाना वर्तमान में गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव हैं। कार्मिक मंत्रालय से जारी आदेश के मुताबिक पद के लिए भर्ती नियमों को कुछ समय तक टालते हुए मकवाना को अतिरिक्त सचिव के पद और वेतन पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत भारतीय सर्वेक्षण विभाग का महासर्वेक्षक नियुक्त किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक सिंह को अब गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं, असम मेघालय कैडर के 1994 बैच के आईएएस अधिकारी नीरज वर्मा को दूरसंचार विभाग में यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड का प्रशासक बनाया गया है।

भारत ने की पड़ोसी देश की मदद...

आईएएफ के स्पेशल विमान से नेपाल पहुंची 9 टन राहत सामग्री

नई दिल्ली (ए.)। नेपाल में तीन नवंबर को आधी रात आए 6.4 तीव्रता के भूकंप में 153 लोगों की जान चली गयी और 250 से अधिक लोग घायल हो गये थे। जिसके बाद भारत ने पड़ोसी देश को राहत सामग्री और मदद पहुंचाई थी। भारत से नौ टन आपातकालीन राहत सामग्री की दूसरी खेप सोमवार को नेपाल के उत्तर पश्चिमी पर्वतीय क्षेत्र में भूकंप प्रभावित परिवारों के लिए पहुंची। इस हिस्से में लोगों को भोजन, गर्म कपड़े और दवाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है। भारत, नेपाल के भूकंप प्रभावित जिलों में आपातकालीन राहत सामग्री भेजने वाला पहला देश बन गया है। भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''इस कठिन घड़ी में नेपाल को भारत का समर्थन मजबूत और दृढ़ बना हुआ है।'' इस बीच, नेपाल में आज फिर से भूकंप का तेज झटका आया।

राहत सामग्री की दो खेप भेज चुका है भारत

भारत ने राहत सामग्री की पहली खेप में 11 टन से अधिक सामग्री रविवार को नेपाल को सौंपी थी, जिसमें तंबू, तिरपाल, कंबल और स्लीपिंग बैग के साथ-साथ आवश्यक दवाएं और चिकित्सा उपकरण शामिल थे। भारतीय दूतावास ने एक बयान में कहा, ''जाजरकोट में आए भूकंप के बाद नेपाल सरकार को हरसंभव सहायता देने के लिए भारत प्रतिबद्ध है।'' बांके के मुख्य जिला अधिकारी श्रवण कुमार पोखरेल ने बताया कि सशस्त्र पुलिस बल नेपाल के कर्मियों के संरक्षण में नेपालगंज हवाई अड्डे से राहत सामग्री प्रभावित क्षेत्रों में भेजी गयी है। उन्होंने बताया कि एक ट्रक राहत सामग्री जाजरकोट के लिए और एक ट्रक राहत सामग्री रुकुम पश्चिम के लिए है।

उन्होंने कहा कि राहत सामग्रियां संबंधित जिलों के मुख्य जिला अधिकारियों को सौंपी जाएंगी। भारतीय वायुसेना का स्पेशल सी-130 विमान 10 करोड़ रुपये की आपात राहत सामग्री की पहली खेप लेकर रविवार को नेपाल पहुंचा था। अधिकारियों के अनुसार राहत सामग्रियों में प्लास्टिक के 625 तिरपाल, 1000 'स्लीपिंग बैग', 1000 कंबल, बड़े आकार के 70 तंबू, टेंट से संबंधित चीजों के 35 पैकेट और 48 अन्य वस्तुएं शामिल थीं। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया था कि जाजरकोट और आसपास के इलाके में सोमवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर 4 बजकर 30 मिनट पर फिर से भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 5.8 दर्ज की गई।

केंद्र ने बताया कि इसके बाद 4 बजकर 40 मिनट पर 4.5 तीव्रता का एक और भूकंप का झटका महसूस किया गया। नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने देश में आए विनाशकारी भूकंप के मद्देनजर अपनी 10 दिवसीय यूरोप यात्रा रद्द कर दी है।

नेपाल के जाजरकोट और रुकुम पश्चिम जिले भूकंप से अधिक प्रभावित

अधिकारियों ने बताया कि नेपाल के जाजरकोट और रुकुम पश्चिम जिले भूकंप के कारण सबसे अधिक प्रभावित हुए, जहां करीब 8000 मकान क्षतिग्रस्त हो गये। भारतीय मिशन के उप प्रमुख प्रसन्न श्रीवास्तव ने राहत सामग्री की दूसरी खेप बांके के मुख्य जिला अधिकारी श्रवण कुमार पोखरेल को सौंपी। भारत की ओर से भेजी गई नौ टन राहत सामग्री की दूसरी खेप को भारतीय वायु सेना के विशेष सी-130 विमान से नेपालगंज पहुंचाया गया। इसमें आवश्यक चिकित्सा और स्वच्छता आपूर्ति, तंबू, स्लीपिंग बैग और कंबल शामिल हैं।

इजरायल ने भारत से मांगे 1 लाख मजदूर, आखिर क्या है नेतन्याहू का प्लान?

जैरूसलम(ए.)। इजरायल-हमास के बीच बीते एक महीने से संघर्ष जारी है। जिसका खामियाजा गाजा के लोगों को अपनी जिंदगी को चुकाकर भुगतना पड़ा रहा है। इस जंग में अब तक 10 हजार से ज्यादा लोग मौत की नींद सो चुके हैं। 7 अक्टूबर को हमास के हमले के बाद गाजा युद्ध के मैदान में तब्दील हो चुका है। हमास के हमले के बाद इजरायल गाजा पर लगातार बमबारी कर रहा है। इजरायल का कहना है कि वो हमास को मिटा कर ही दम लेगा।

हमास के बीच जारी जंग के बीच इजरायल को अब 1 लाख भारतीय श्रमिकों की जरूरत पड़ी है। इजरायल करीब 1 लाख श्रमिक भारत से ले जाना चाहता है। इजरायली बिल्डर्स एसोसिएशन ने इजरायल की बेंजामिन नेतन्याहू सरकार से 1 लाख भारतीय श्रमिकों की भर्ती की मांग की है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि हम पूरे सेक्टर में काम करने के लिए भारत से करीब 50 हजार से 1 लाख श्रमिकों को शामिल करेंगे और इसे सामान्य स्थिति में लाएंगे।

युद्ध से पहले 90 हजार फिलिस्तीनी इजरायल में काम करते थे

रिपोर्ट की मानें तो करीब 90 हजार फिलिस्तीनी ऐसे हैं, जो युद्ध शुरू होने से पहले इजरायल में काम करते थे, लेकिन 7 अक्टूबर को फिलिस्तीनी आतंकी संगठन हमास के आतंकवादियों के हमले के बाद अब उन्हें इजरायल में काम करने की मनाही हो चुकी है। इसकी वजह से इजरायल के निर्माण उद्योग में भारी मंदी आ गई है। जिसको कार्यबल की कमी के कारण दिक्कतों का सामन करना पड़ रहा है। यही कारण है कि इजरायल को 1 लाख भारतीय श्रमिकों की जरूरत है। मई में 42 हजार भारतीय श्रमिकों को लेकर हुआ था भारत-इजरायल का समझौता यहां एक बात यह भी गौर करने वाली है कि भारत और इजरायल ने इस साल मई की शुरुआत में 42 हजार भारतीय श्रमिकों को निर्माण और नर्सिंग के क्षेत्र में इजरायल में काम करने की अनुमति देने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस कदम से इजरायल को जीवनयापन की बढ़ती लागत से निपटने में मदद मिलने की उम्मीद थी, क्योंकि भारतीय श्रमिकों को तुलनात्मक रूप से कम वेतन दिया जाता है।

भारतीय श्रमिक पहले से ही मध्य पूर्व में काम रहे हैं

बता दें, भारत में दुनिया की सबसे बड़ी कामकाजी आबादी है। सैकड़ों भारतीय श्रमिक पहले से ही मध्य पूर्व में काम कर रहे हैं। अब तक, यह स्पष्ट नहीं है कि क्या किसी नए सौदे पर हस्ताक्षर किए जाएंगे या वे मौजूदा सौदे में बदलाव करेंगे, क्योंकि यह निर्माण और नर्सिंग दोनों क्षेत्रों के लिए केवल 42 हजार श्रमिकों को अनुमति देता है।

श्रीरामचरितमानस की प्रतियां जलाने के मामले में मौर्य को कोर्ट की नसीहत

नई दिल्ली (ए.)। इलाहबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने श्रीरामचरितमानस की प्रतियां जलाने के मामले में आरोपी सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य को नसीहत दी है। कहा, किसी ग्रंथ या अभिलेख के कथन को सही परिप्रेक्ष्य में पढ़ा और रखा जाना चाहिए। कहीं से लिया गया कोई अंश, बिना सुसंगत तथ्यों के रखना सत्य नहीं कहा जा सकता। कुछ हालत में यह असत्य कथन भी हो सकता है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने मौर्य की याचिका खारिज करने वाले फैसले में की है। याचिका में प्रतापगढ़ कोतवाली सिटी में दर्ज मामले में दाखिल आरोप पत्र और निचली अदालत द्वारा इस पर लिए गए संज्ञान को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने याचिका बीते 31 अक्तूबर को खारिज कर दी थी। इसका फैसला बाद में जारी हुआ। कोर्ट ने कहा कि कानूनी या न्यायिक निर्णयों का कोई अंश बिना उसके संगत प्रावधानों के प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है। इसी तरह जब श्रीरामचरितमानस की कोई चौपाई उद्धृत की जाए तो यह ध्यान में रखा जाना चाहिए कि किस पात्र ने किस परिस्थिति में किससे कहा है। कोर्ट ने फैसले में यह भी कहा कि याची के कृत्यों से श्रीरामचरितमानस, जो एक बड़े वर्ग द्वारा पवित्र ग्रंथ माना जाता है, को जलाकर उसका अपमान किया गया। इसे एक बड़े वर्ग ने धर्म का अपमान माना।

बारामती में जीरो हुआ शरद पवार गुट, अजित पवार की बड़ी जीत

महाराष्ट्र(ए.)। मराठा छत्रप शरद पवार शायद अपने सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। पहले उनके भतीजे अजित पवार ने पार्टी में सेंध लगा दी और जुलाई में कई विधायकों को लेकर डिप्टी सीएम बन बैठे। अब उन्होंने चुनावी मैदान में भी शरद पवार को पहला झटका दिया है। इसमें भी सबसे अहम यह है कि पवार फैमिली के गढ़ कहे जाने वाले बारामती में अजित पवार गुट को बड़ी सफलता मिली है। बारामती तालुका की 32 में से 30 ग्राम पंचायतों पर अजित पवार के नेतृत्व वाले एनसीपी गुट ने कब्जा जमा लिया है। यही नहीं बाकी 2 सीटें भी भाजपा के हिस्से आई हैं। महाराष्ट्र में 2,359 ग्राम

पंचायतों और 130 सरपंच के पदों पर चुनाव हुए थे। इनमें से 1300 से ज्यादा पदों पर भाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के एनसीपी गुट ने जीत हासिल की है। वहीं कांग्रेस, एनसीपी और उद्धव ठाकरे गुट को 1000 से भी कम सीटों पर संतोष करना पड़ा है। महाराष्ट्र में ग्राम पंचायतों और सरपंच के चुनाव पार्टी के सिंबल पर नहीं होते, लेकिन पार्टियां उम्मीदवारों को अपना समर्थन जरूर देती हैं। ऐसे में बारामती में अजित पवार गुट की बड़ी जीत उनके चाचा शरद पवार के लिए बड़ा झटका है। बारामती लोकसभा सीट का एनसीपी की राजनीति में कितना अहम रोल है, इसे ऐसे समझ सकते हैं कि 1996 से 2004 तक लगातार शरद पवार यहां से सांसद रहे। उसके बाद से ही लगातार उनकी बेटी सुप्रिया सुले यहां से सांसद हैं। ऐसे में ग्राम पंचायतों के चुनाव में बारामती से शरद पवार गुट की हार उनकी जमीन खिसकने के संकेत के तौर पर भी देखी जा रही है। अजित पवार का साथ आना भाजपा के लिए भी बड़ी सफलता है। उसका यहां खाता खुल गया है। इसके अलावा पहली बार बारामती में उसका सरपंच भी चुना गया है। चुनाव नतीजों को लेकर भाजपा का दावा है कि उसने 2,359 में से करीब 1000 ग्राम पंचायतों में जीत हासिल की है। दूसरे नंबर अजित पवार गुट की एनसीपी रही है और तीसरे पर एकनाथ शिंदे की शिवसेना।जीत के दावे भी अलग-अलग दिख रहे हैं। नाना पटोले ने कहा कि महाविकास अघाड़ी ने ज्यादा सीटें हासिल की हैं। चर्चा यह भी है कि बारामती लोकसभा सीट से सुप्रिया सुले के मुकाबले अजित पवार गुट ही उम्मीदवार उतार सकता है। ऐसा हुआ तो यह सुप्रिया सुले के लिए खतरे की घंटी होगा।

सिर्फ दोषारोपण चल रहा, प्रदूशन पर सख्त सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली(ए.)।दिल्ली-एनसीआर और आसपास के राज्यों में वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने तीखी टिप्पणी की है। अदालत ने सरकारों के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि पलूशन से निपटने के लिए कोई स्पष्ट दिशानिर्देश नहीं हैं। इस मसले पर सिर्फ एक-दूसरे पर दोषारोपण का खेल चल रहा है। अदालत ने इस बीच राजस्थान सरकार को भी आदेश दिया है कि वह दिवाली के दौरान पटाखे जलाने को लेकर दिए उसके पुराने आदेश का पालन करे। कोर्ट ने कहा कि राजस्थान सरकार को एयर पलूशन कम करने के लिए कदम उठाने चाहिए। कोर्ट ने कहा कि यह हर किसी का कर्तव्य है कि पलूशन को कम करने के लिए

प्रयास करे। कोर्ट ने कहा कि पलूशन के मामले को हर कोई आगे बढ़ा देना चाहता है। इस पर कोई कदम नहीं उठा रहा। बता दें कि दिल्ली सरकार की ओर से कई बार कहा जा चुका है कि राजधानी में पलूशन की वजह हरियाणा और यूपी पराली जलाया जाना है। इसके अलावा बाहर से आने वाले वाहनों को भी दिल्ली सरकार पलूशन का जिम्मेदार मानती है। वहीं भाजपा की ओर से दिल्ली सरकार पर पलूशन से निपटने में फेल होने के आरोप लगाए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि राजनीतिक दलों के इसी रवैये को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने यह तीखी टिप्पणी की है।

कोर्ट बोला- पटाखे बेचने और उन्हें बनाने पर ही लगानी होगी रोक

अदालत ने कहा कि लोग पटाखे खरीदते हैं तो उन्हें जलाते हैं। इसलिए उनकी बिक्री और बनने पर ही रोक लगनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि यह गलत धारणा है कि पलूशन को रोकने के लिए अदालत है। यहीं पर पर्यावरण से जुड़े मामले क्यों आते हैं। यह हर किसी की जिम्मेदारी है कि वह एयर और साउंड पलूशन को कम करे। दरअसल कोर्ट में एक अर्जी दाखिल हुई थी, जिसमें अदालत से यह मांग की गई थी कि वह राजस्थान सरकार को पलूशन रोकने के लिए कदम उठाने का 4आदेश दे। इसी पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने तीखी टिप्पणियां कीं। 'सेलिब्रेशन करके पलूशन बढ़ाना तो स्वार्थी रवैया है'। जस्टिस एस बोपन्ना और एम.एम सुंदरेश की बेंच ने कहा कि सबसे अहम चीज है कि लोगों को संवेदनशील बनाया जाए। उन्हें बताया जाए कि पलूशन कितना बड़ा संकट है।

और वे इससे निपटने में क्या मदद कर सकते हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि एक निश्चित समय में पटाखे जलाने पर रोक लगाने से भी पलूशन कम नहीं होगा।

कांग्रेस परिवारवाद का प्रतीक : मोदी

सीधी(ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि कांग्रेस देश में परिवारवाद का सबसे बड़ा प्रतीक बन गयी है और यही वजह है कि मध्यप्रदेश में भी इस दल के दो नेता अपने बेटों को स्थापित करने के लिए लड़ रहे हैं। श्री मोदी ने राज्य के विंध्य अंचल के सीधी में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर विंध्य अंचल के पार्टी प्रत्याशी भी मौजूद थे। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस देश में परिवारवाद का सबसे बड़ा प्रतीक है। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस के दो बड़े नेता आपस में इसलिए लड़ रहे हैं कि उनके बेटों का कांग्रेस पर कब्जा हो जाए। इसलिए ये नेता एक दूसरे के कपड़े फाड़ने की बात भी कर रहे हैं। जिन नेताओं की प्राथमिकता अपने बेटों का भविष्य है, वो आम जनता की क्या सोचेगा। उन्होंने राज्य के 18 से 25 वर्ष आयु के मतदाताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे इस बात का चिंतन करें कि देश में आजादी के बाद छह सात दशक तक पंचायत से लेकर संसद तक हर जगह कांग्रेस की ही सत्ता थी। लेकिन अब यह पार्टी गिनती के राज्यों में क्यों सिमटकर रह गयी। कांग्रेस के कार्यों ने गरीबों की जेब साफ करने का काम किया है।

जाति के आधार पर देश की पहली आर्थिक सर्वे रिपोर्ट पेश

नई दिल्ली (ए.)। बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र का आज दूसरा दिन है। सत्र के शुरू होते ही सदन के पटल पर जाति आधारिक गणना की आर्थिक रिपोर्ट पेश कर दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि बिहार में पिछड़ा वर्ग में 33.16%, सामान्य वर्ग में 25.09%, अति पिछड़ा वर्ग में 33.58%, अनुसूचित जाति वर्ग (एससी) में 42.93% और अनुसूचित जनजाति वर्ग (एसटी) में 42.7% गरीब परिवार हैं। सामान्य वर्ग में भूमिहार सबसे ज्यादा 25.32% परिवार, ब्राह्मण में 25.3% परिवार, राजपूत में 24.89% परिवार, कायस्थ में 13.83% परिवार, शेख 25.84% परिवार, पठान (खान) 22.20त्न परिवार और सैयद 17.61% परिवार गरीब हैं।

10 से 20 हजार मासिक आय 19% आबादी है

बिहार की 22.67त्न आबादी के पास कक्षा 1 से 5 तक की शिक्षा है। 14.33त्न आबादी के पास कक्षा 6 से 8 तक की शिक्षा है। 14.71% आबादी के पास और कक्षा 9 से 10 तक की शिक्षा है। वहीं 9.19 फीसदी आबादी के पास कक्षा 11 से 12 तक की शिक्षा है।

ग्रेजुएट की शिक्षा 7 फीसदी से ज्यादा आबादी के पास

वहीं सामान्य वर्ग में 10 से 20 हजार मासिक आय 19% आबादी है। 20 से 50 हजार मासिक आय 16% आबादी है। 50 हजार से ज्यादा मासिक आय वाले 9% हैं। छह हजार मासिक आय वाले 25% हैं।

नेता प्रतिपक्ष बोले- बिहार में अपराध चरम पर है

नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि कितनी लाशों पर बिहार सरकार की भूख मिटेगी। पटना के विक्रम में हत्या हुई। बालू कारोबारी की हत्या हुई। बिहार में अपराध चरम पर है। बिहार सरकार इस पर क्यों नहीं कुछ बोल रही है। इस संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने मुझ पर आरोप लगाया कि हम तो घुमाते हैं लेकिन मैं यह बता दूं कि मेरी इतनी क्षमता नहीं कि मैं आसन को घुमा सकूं। इसके बाद सदन में विधायकों ने आंगनबाड़ी सेविका और रसोईया को सरकारी कर्मी का दर्जा देने और वेतनमान बढ़ाने की मांग की। शून्य काल के बाद विधानसभा की कार्यवाही आज दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

भाजपा ने वेल में आकर किया हंगामा

पांच दिवसीय सत्र के दूसरे दिन सदन शुरू होने से पहले भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने वेल में आकर हंगामा शुरू कर दिया। औपचारिकताओं के साथ हंगामा संभव है। उनकी मांग है कि आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर डिबेट करने को लेकर और प्रखंड स्तर तक डिटेल्स प्रकाशित करने के लिए हंगामा करने लगे। भाजपा विधायकों को विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने समझाने की कोशिश लेकिन भाजपा विधायक ने माने। इसके बाद कुर्सी और टेबल भी उठाने की कोशिश करने लगे। मार्शल ने ऐसा करने से रोक दिया। हंगामा को देख विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया था। भाजपा विधायकों ने बिहार में बढ़ रहे अपराध और नौकरी घोटाले का मुद्दा बनाकर हंगामा और प्रदर्शन किया। भाजपा विधायक हरि भूषण ठाकुर बचौल ने कहा कि बिहार में कानून का राज खत्म हो चुका है। सरकार वोट के लिए तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। नौकरी देने के नाम पर घोटाला हो रहा है।

बिहार पिछड़ा वर्ग के जातियों की आर्थिक स्थिति

इधर, भट्ट में 23.68त्न परिवार, गोस्वामी में 30.68%परिवार, कुशवाहा में 34.32% परिवार, यादव 35.87% परिवार, कुर्मी में 29.90% परिवार, घटवार में 44.17% परिवार, सोनार में 26.58% परिवार, मल्लाह में 32.99% परिवार, बनिया में 24.62त्न परिवार, मल्लिक, मुस्लिम में 17.26% परिवार, सूर्यापुरी मुस्लिम में 29.33, ईसाई में 15 .79% परिवार, ईसाई धर्ममलम्बी हरिजन 29 .12% परिवार और किन्नर में 25.73% परिवार गरीब हैं।

बिहार में अत्यंत पिछड़ा वर्ग जातियों की आर्थिक स्थिति

तेली में 29.87% परिवार, मल्लाह में 34. 56 फीसदी परिवार, कानू में 32.9% परिवार, धानुक में 34.75% परिवार, नोनिया में 35 .88% परिवार, चंद्रवंशी में 34.08% परिवार, नाई में 38 .37% परिवार, बढ़ई में 27 .71% परिवार, प्रजापति में 33.39% परिवार, पाल में 33.20% परिवार

न्यूज गैलरी

शीलू पोयट्री अवार्ड से हुई सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर शहर की लेखिका और कवियत्री श्रीमती शीलू लुनिया को भोपाल में एक गरिमामयी समारोह मेंअमृता प्रीतम पोयट्री अवार्ड से सम्मानित किया गया । विश्व हिंदी रचनाकार मंच द्वारा हिन्दी भवन, भोपाल में अमृता प्रीतम नेशनल पोयट्री अवार्ड सेरेमनी आयोजित किया गया था जिसमें भोपाल समेत विभिन्न शहरों जैसे झारखंड, झांसी, ग्वालियर, विदिशा,सागर, दिल्ली,आगरा, रायपुर की साहित्य और कवियत्रियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों राघवेन्द्र ठाकुर,विमला तिवारी,पद्मा तिवारी, डॉ. हिरेंद्र गौतम, डॉ.रेखा भटनागर आदि ने अपने हाथों सम्मान दिया। रायपुर से यह सम्मान श्रीमती शीलू लुनिया को दिया गया। शीलू ने इसके पूर्व डे बेबी केयर, हृदयांगम,अगीरा की वर्णमाला आदि भी किताबें लिखी हैं। पहले भी उन्हें लेखन व समाजसेवा के लिए विभिन्न संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

नौकरी दिलाने का झांसा देकर महिला से ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। स्टाप नर्स के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 76300 रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया ऐश्वरी सिन्हा 29 वर्ष कुशालपुर सीतला कालोनी पुरानी बस्ती की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी अर्पित कुमार एक्का ने प्रार्थिया को जगदलपुर में स्टाप नर्स के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 3 बार 76300 रुपए लेकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थिया की शिकायत पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दुकान के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर/नवप्रदेश। कोटा रोड स्थित रयान किचन के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।प्रार्थी दीपक कुमार मुंदड़ा 48 वर्ष कृष्णा लैण्ड मार्क कोटा का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलएफ 4897 को कोटा रोड स्थित रयान किचन के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

महिला व देवर से मारपीट, केस दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। कैलाश नगर बीरगांव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने महिला व उसके देवर से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया गुंजन पटले 32 वर्ष कैलाश नगर बीरगांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी सुनील साव ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थिया व उसके देवर से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

18 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। सेजबहार और नेवरा पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 6120 रुपए जब्त किया है। सेजबहार पुलिस ने यादवपारा तिराहा बोरियाकला में जुआ खेलते नीरज डहरिया 19 वर्ष, भानु साहू 34 वर्ष व रोहित कुमार साहू 34 वर्ष सहित कुल 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 4900 रुपए जब्त किया है। इसी तरह नेवरा पुलिस ने हथबंद तालाब के किनारे जुआ खेलते आरोपी लीलाधर निषाद सहित अन्य 5 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 1220 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते 7 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुरानी बस्ती पुलिस के टीम ने दर्री तालाब के पास भाठागांव में सरेआम शराब पीते आरोपी पोखराज साहू 34 वर्ष व रिंकु सोनी 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आमानाका पुलिस ने आरोपी चिंटू सौंधिया 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं उरला पुलिस ने आरोपी तेज कुमार साहू 43 वर्ष व शुभम रघाटाटे 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह अभनपुर पुलिस ने आरोपी लेखन बघेल 22 वर्ष व अशोक कोसले 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

अवैध शराब बेचते तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा और राजेन्द्र नगर पुलिस की टीम ने अवैध शराब बेचते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 97 पाव देशी शराब जब्त किया है। विधानसभा पुलिस के टीम ने डबरी तालाब के पास आमासिवनी में अवैध शराब के साथ आरोपी गंगाधर बघेल 40 वर्ष व शेखर नायक 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 67 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह राजेन्द्र नगर पुलिस के टीम ने अर्चबृज के पास केनाल रोड में आरोपी रामदत्त सेन 60 वर्ष के पास से 30 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

तोंडामरका में नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आज विधानसभा चुनाव के लिए प्रथम चरण का मतदान शुरू हो गया है। इसी बीच सुकमा से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आई है। यहां नक्सलियों ने तोंडामरका में जवानों को टॉरगेट करते हुए आईईडी विस्फोट किया है। इसमें एक जवान के घायल होने की सूचना है। कल जहां कांकेर में आईईडी ब्लास्ट कर तीन लोगों को जख्मी करने की खबर आयी थी, वहीं आज सुकमा में भी आईईडी ब्लास्ट की खबर है। छत्तीसगढ़ में पहले चरण के मतदान के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। सुकमा के तोंडामरका इलाके में नक्सलियों द्वारा आईईडी ब्लास्ट किया गया है, जिसमे कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया है । जानकारी के अनुसार सुबह गश्त के दौरान कोबरा 206 के जवान श्रीकांत का पैर नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी पर पड़ गया, जिसके बाद ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट में जवान घायल हो गए। बताया जा रहा है कि जवान एरिया डोमिनेशन अभियान में एल्मागुंडा गांव के लिए निकले थे , जहां तोंडामरका के पास ये हादसा हुआ है।

दीयों से रोशन करने वाले कुम्हारों के घर अंधेरे में डूबे

रंगों, लकड़ी के बढ़ते दाम, नहीं मिलती उनके मेहनत की सही कीमत

जीवन एस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। मिट्टी के बर्तन बनाकर जीविकोपार्जन करने वाले कुम्हार परिवार उपेक्षित हैं। उनका पूरा जीवन ही मिट्टी पर आश्रित है। यही उनकी जीविका का एक मात्र साधन है। इस महंगाई के दौर में उन्हें बर्तनों व मूर्तियों का सही दाम नहीं मिलते। उनका दुखड़ा सुनने के लिये उनके पास कोई नहीं आता है। कुम्हारों को शासन से भी ऐसी कोई विशेष सहायता नहीं मिलती जिसे लेकर वे अपना व्यवसाय बढ़ा सके और उनकी तरक्की हो उनकी कला को आगे बढ़ाने के लिए भी कोई ठोस प्रयास सरकार ने नहीं किए हैं। ग्राम पंचायत मैनपुर के आश्रित ग्राम नदीपारा मे कुम्हार परिवार वर्षो से निवास कर रहे हैं। ग्राम नदीपारा की 75 प्रतिशत आबादी कुम्हारों की है और यह ग्राम मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। नदी के बाढ़ से इन्हें हर वर्ष भारी नुकसान उठानी पड़ती है। कुम्हार परिवार के लोगों ने बताया कि त्यौहार को छोड़ अन्य दिनों में उन्हें उनकी मेहनत का कोई संतोषजनक मोल नहीं मिलता। उनकी जीविका का साधन मिट्टी का बर्तन बनाना ही है। उसी पर वे जीविकोपार्जन के लिए आश्रित हैं।

नदीपारा के कुम्हार परिवार के उदेराम पाड़े, उकिया बाई, टंकधर, बेनुराम, उमाशंकर, पारेश्वर, निर्मला, बलराम, जोहरसिंह ने बताया कि शासन द्वारा उन्हें किसी भी प्रकार की उनके कला कौशल मिटटी के बर्तन मूर्ति बनाने के लिये सहयोग व अनुदान नहीं मिला है। जबकि यदि इन्हें अनुदान के साथ अन्य कलाकारों को जो शासन प्रोत्साहन देती है तो निश्चित रूप से यह समाज विकास की मुख्य धारा में तेजी से विकास करेगी।

उदेराम पाड़े ने बताया कि प्रदेश के कुम्हारों को वर्ष 2006 में हुए प्रदेश स्तरीय अधिवेशन में मिट्टी के लिए प्रत्येक गांव में 5-5 एकड़ जमीन देने घोषणा की घोषणा तत्कालीन सरकार ने की थी। इस पर 15 साल तक सरकार रहने के बावजूद अमली जामा नहीं पहना पाया। रामा चक्रधारी बताते हैं कि मिट्टी के कच्चे बर्तनों को पकाने के लिए पर्याप्त मात्रा में लकड़ी व भूसा नहीं मिलने के कारण लोग इस व्यवसाय से किनारा कर रहे हैं। व्यवसाय तो चौपट हो ही रहा है साथ ही बच्चों का भविष्य भी अंधकार में जा रहा है। नदीपारा में कुम्हारों की 60-70 परिवार निवास करते हैं। हर वर्ष रंगों की कीमत बढ़ती जा रही है मिटटी के बर्तन बनाने व इस त्यौहारी सीजन मे पोरा चुकी, दीया, नदिया बैल व मूर्ति बनाने में उन्हें महंगे रंगों का उपयोग करना पड़ता है और तो और इन्हें पकाने के लिये लकड़ी भी खरीदना पड़ता है। लकड़ी की कीमत भी बढ़ गई है जिसके कारण उन्हे पर्याप्त मुनाफा नही मिलता है। शासन ने कुम्हारों को इलेक्ट्रानिक चाक व जमीन तथा अन्य सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही थी। लेकिन यहां के एक भी कुम्हार परिवार को लाभ नहीं मिला है अधिकांश लोगों को यह भी पता नहीं है कि शासन अनुदान में उपलब्ध कराती है। कुम्हार पिछड़े वर्ग में आते है सदियों से वे इस पेशे से जुड़े होने के कारण मिट्टीकला उन्हें विरासत में मिली है। दिवाली पर कुम्हारों द्वारा बनाए गए दीए से ही हमारे घर रोशन होंगे. पूजापाठ, अनुष्ठान, मांगलिक कार्यक्रम हो या फिर अंतिम संस्कार, मिट्टी के बने पात्रों के बिना कोई भी कार्य पूरा नहीं होता। मिट्टी के पात्र बनाने के व्यवसाय में लगे कुम्हारों की जिंदगी दीया तले अंधेरा की कहावत को चरितार्थ कर रहा है। शासन की घोषणा के बाद भी न तो प्रदेश के कुम्हारों को मिट्टी के लिए जमीन उपलब्ध नहीं हो पाई है। और न ही मिट्टी के बर्तन को पकाने लकड़ी या भूसे की व्यवस्था।

दिव्यांग मतदाताओं ने भी पूरी उमंग के साथ किया मतदान

नारायणपुर/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र नारायणपुर में 7 नवंबर 2023 को हुए मतदान में जहां सामान्य मतदाता वोट देते नजर आये तो वही दिव्यांग एवं असहाय मतदाता भी पीछे नहीं थे। उन्होंने भी पूरी उमंग-उत्साह और जोश के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान कर अपना अहम योगदान दिया। ऐसा ही नजारा महावीर चौक के रमोती बाई देवांगन दिव्यांग महिला और आश्रम वार्ड के रूकमणी गावड़े (विकलांग) जो अपना वोट देने किसी तरह मतदान केन्द्र तक पहुंची। निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों ने व्हील चेयर लेकर मतदान केन्द्र तक लाकर मतदान करने में मदद की। इसी तरह शादी के चलते तहसीलपारा मतदान केन्द्र क्रमांक 51 में फैजल फारूकी ने भी दुल्हा के वेशभूषा में आकर मतदान किया

सुवा नृत्य कर मनाई दीपावली

बेमेतरा/नवप्रदेश। शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में शनिवार को दीपावली उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली छात्रों को बस्ता विहीन स्कूल बुलाया गया। इस मौके पर छात्रों ने पारम्परिक वेशभूषा में सुंदर सुवा नृत्य की प्रस्तुति दी। छात्रों ने आम के पत्ते से तोरण बनाकर स्कूल को सजाया था।

अपने गुरुजनों की देखरेख में बच्चों ने सुंदर दीपावली रंगोली बनाकर दीपक एवं मोमबत्ती से सजाकर खुशी जताई। एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी। वहीं प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल ने छात्रों को दीपावली त्यौहार के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर शाला के शिक्षक आशुतोष चौबे, वीणा रावटे, मैमुना सुल्ताना और श्वेता वर्मा उपस्थित थे।

माता-पिता के चरणों में है सभी तीर्थ : चौबे

शिवपुराण के छठे दिन गणेश व कार्तिक का प्रसंग

नवागढ़/नवप्रदेश। मारो में चल रहे शिव महापुराण के छठे दिवस की कथा में गणेश जी और कार्तिक स्वामी की बाल लीला के माध्यम से माता पिता को परमात्मा के समान पूजनीय बताते हुए कथावाचक पंडित प्रदीप चौबे ने माता पिता के चरणों को ही सर्व तीर्थ बताया। गणेश जी अपने माता की परिक्रमा कर घर बैठे ही सारी पृथ्वी परिक्रमा का फल प्राप्त कर लिये और माता पिता की आज्ञा का पालन कर प्रथम पूज्य हो गये। आगे पंडित प्रदीप चौबे भगवताचार्य ने बताया कि स्त्री के लिए पति और पुत्र के लिए माता पिता ही तीर्थ हैं इन्हें असहाय अवस्था में छोड़ कर जो तीर्थ यात्रा करते हैं उन्हें तीर्थ यात्रा का कोई फल प्राप्त नहीं होता कार्तिक स्वामी जी ने माता पिता के आशीर्वाद से तारका सुर जैसे महा अत्याचारी का अंत कर धर्म की स्थापना कर देवताओं के सेनापति बन गए। इस प्रकार से दोनों भाईयों ने माता पिता की पुजा कर सर्वश्रेष्ठ बन गए।उन्होंने द्वादस ज्योतिर्लिंग का विस्तार से वर्णन किया। विश्वनाथ और रामेश्वर ज्योतिर्लिंग पर गंगाजल अर्पण करने से मनुष्य मोक्ष को प्राप्त कर लेता है। महाकाल भीमेश्वर के दर्शन करने पर शत्रु से विजय की प्राप्ति नागेश्वर से विषधर पशुओं का भय समाप्त हो जाता है। सोमनाथ के दर्शन से आरोप की प्राप्ति ओंकारेश्वर, ममलेश्वर, केदारनाथ, त्रयंबकेश्वर के दर्शन से शिव सायुज्य प्राप्त होता है। घुश्मेश्वर के दर्शन से संतान की रक्षा होती है इस प्रकार से द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर मनुष्य संपूर्ण मनोकामना पूर्ण कर शिव लोक को प्राप्त करता है जो शिव भक्त साधन के अभाव में बारह ज्योतिर्लिंगों का दर्शन नहीं कर सकते वो प्रातः सांय इन बारह ज्योतिर्लिंगों का ध्यान सुमिरन कर शिवजी को प्रसन्न कर सकते हैं। महामृत्युंजय मंत्र की महिमा पर प्रकाश डालते हुए आचार्य जी ने कहा कि जीवन में जब घोर संकटा उत्पन्न हो जाए तो सवा लक्ष्य महामृत्युंजय मंत्र का अनुष्ठान विद्वान ब्राम्हणों से करवाने पर और गन्ना के रस से अभिषेक करने पर जीवन के बड़े से बड़े संकट टल जातें हैं और आनंद की प्राप्ति हो जाती है।

शादी के जोड़े में मतदान करने पहुंचे सरदार अमृत सिंह

डोंगरगढ़ के मतदान केन्द्र क्रमांक 140 में सरदार अमृत सिंह शादी के जोड़े में दुल्हा बनकर अपने परिवार के सदस्यों के साथ मताधिकार का उपयोग करने मतदान केन्द्र पहुंचे। पहले मतदान, फिर विवाह का संदेश देकर अपने मतदान के कर्तव्य के प्रति उनके और परिवार की जागरूकता की सराहना हो रही है।

धान खरीदी केंद्रों से उठाव शुरु 384 मीट्रिक टन का डीओ जारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए एक नवंबर से शुरू हुए धान खरीदी के बीते छह दिनों में 17534 मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी हैं। किसानों से 127 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही हैं। इन छह दिनों में किसानों ने 17534 मीट्रिक टन उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर अपना धान बेचा हैं। बेमेतरा जिलें के धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव शुरू हो गया हैं। इससे किसान और सहकारी समिति ने राहत की सांस ली हैं। उठाव होने से अब खरीदी केंद्रों में धान रखने के लिए जगह की कमी नहीं होगी। प्रभारी अधिकारियों द्वारा लगातार किया जा रहा हैं, धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा भी लगातार अधिकारियों के सतत संपर्क में हैं।

बाइक सवारों को बोलेरो ने ठोका हादसे में मां की मौत, बेटा गंभीर

तखतपुर/नवप्रदेश। जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवारों जो ठोकर मारी दी. हादसे में बाइक सवार महिला की मौके पर मौत हो गई जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है. जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

यह मामला तखतपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, बोलेरो वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए बाइक सवार मां-बेटे को अपने चपेट में ले लिया. हादसे में मौके पर ही अधेड़ महिला की मौत हो गई और बेटे को गंभीर चोट आई है. बताया जा रहा है कि मृतका अपने बेटे के साथ बाइक से लोन का पैसा निकलवाने तखतपुर जा रही थी. तभी मोढ़े मार्ग के पास घटना हुई. शव का पंचनामा कार्रवाई पुलिस ने बॉडी को पोस्टमार्टम के लिया भेजवा दिया है. मामले में पुलिस आगे कार्रवाई में जुटी हुई है।

दिवाली के दिन शराब दुकान बंद रखने सौंपा ज्ञापन

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ जिला धमतरी ने दीपावली लक्ष्मी पूजन के दिन शराब दुकान बंद कराने को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा ।

उन्होंने कहा कि इस पर्व के दिन शराब का कारोबार निरंतर चालू रहता है। जिससे सामाजिक माहौल खराब होने की पूरी आशंका बनी रहती है यदि इस पर्व के दिन जिले के समस्त देशी विदेशी शराब दुकाने बंद तो निश्चित ही पर्व का उमंग व उत्साह दोगुनी होगी एवं जिले में शांति व्यवस्था बनी रहेगी। दीपावली के अवसर पर एक दिवस के लिये शराब दुकाने बंद कर इस दिन को शुष्क दिवस घोषित करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ जिला धमतरी के अध्यक्ष अंगेश हिरवानी व सदस्य शामिल थे।

त्योहारी सीजन में बैंको में समुचित मात्रा में नगद राशि रखें : अबिनाश मिश्रा

रायपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अबिनाश मिश्रा ने जिला पंचायत में विभिन्न बैंक के अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने कहा कि यह त्यौहार का समय है। सभी बैंकों में पर्याप्त मात्रा में नगद राशि रखें। विभिन्न परिस्थितियों में आम नागरिकों को किल्लत का सामना ना करना पड़े। एटीएम में समय समय पर नगद राशि भरते रहें ताकि ग्राहको को आहरण करते समय दिक्कत का सामना ना करना पडे। उन्होंने कहा कि बैंको में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखें। इस अवसर पर राजधानी के सभी बैंको के अधिकारीगण उपस्थित थे।

एनएमडीसी ने शुरु की ऑस्ट्रेलिया में गोल्ड खनन

हैदराबाद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय खनन कंपनी एनएमडीसी ने रविवार को अपनी सहायक कंपनी लिगेसी आयरन ओर लिमिटेड के माध्यम से पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के माउंट सेलिया में गोल्ड खनन कार्य का शुभारंभ किया। नागेंद्र नाथ सिन्हा (सचिव) इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार ने अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), एनएमडीसी और राकेश गुप्ता, सीईओ, लिगेसी की उपस्थिति में लिगेसी के गोल्ड परियोजना का उद्घाटन किया। लीगेसी का माउंट सेलिया गोल्ड परियोजना अगले दो से तीन महीनों में ब्लू पीटर पिट्स में अयस्क खनन कार्य प्रारंभ करेगा। यह 66 वर्ष पुरानी खनन कंपनी एनएमडीसी के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है क्योंकि यह भारत के खनन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए अपने पोर्टफोलियो में एक नया भूगोल और एक नया खनिज शामिल किया है।

संपादकीय

विश्वकप में भारतीय टीम का पराक्रम

आईसीसी वर्ल्ड कप में भारतीय क्रिकेट टीम का विजय रथ रोक पाना अब किसी के वश की बात नहीं रही। अंक तालिका में दूसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण अफ्रीका को भारतीय क्रिकेट टीम के पराक्रम के सामने जिस तरह घुटने टेकने पड़े है। उसके बाद अब तो यह बात दीवार पर लिखी इबारत की तरह साफ नजर आ रही है कि भारतीय क्रिकेट टीम ही विश्वकप जीतेगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले बल्लेजाबी करते हुए भारतीय क्रिकेट टीम ने कप्तान रोहित शर्मा की धुआंधार शुरूआत और बाद में विराट कोहली कें 49वें शतक तथा श्रेयस अय्यर के अर्धशतक और सूर्य कुमार यादव तथा रविन्द्र जडेजा की छोटी लेकिन महत्वपूर्ण पारियों के चलते टीम इंडिया ने 326 रन बनाएं। बाद में बल्लेबाजी करने आई साउथ अफ्रीका से यह उम्मीद थी कि वह भी बड़ा स्कोर बनाएगी और दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी लेकिन भारतीय बॉलरों ने ऐसा कहर बरपाया कि दक्षिण अफ्रीका की टीम मात्र 83 रनों पर ढेर हो गई। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भले ही कोई विकेट नहीं लिया लेकिन शुरूआत में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों को एक एक रन के लिए तरसा दिया। जसप्रीत बुमराह ने जो दबाव बनाया उसका मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज ने पूरा फायदा उठाया। इन दानों ही गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका के ऊपरी क्रम के बल्लेबाजों को सस्तें में निपटा दिया और इसके बाद रविन्द्र जडेजा ने मध्यक्रम की कमर ही तोड़ दी। उन्होने पांच विकेट लिए। विश्वकप में युवराज सिंह के बाद पांच विकेट लेने वाले दूसरे स्पीनर बन गए है रविन्द्र जडेजा। इस मैच के बाद भारतीय क्रिकेट टीम का आखरी मुकाबला अपेक्षाकृत कमजोर टीम नीदरलैंड के साथ है। साउथ अफ्रीका 10 नवंबर को अफगानिस्तान के खिलाफ अपना ग्रुप स्टेज का आखिरी मैच खेलेगी. ऑस्ट्रेलिया के ग्रुप मैच में दो मैच बचे हैं. ऑस्ट्रेलिया अफगानिस्तान के खिलाफ 07 नवंबर को खेलेगी. इसके बाद ग्रुप स्टेज का आखिरी मैच बांग्लादेश के खिलाफ 11 नवंबर को खेलेगी. न्यूजीलैंड ग्रुप स्टेज का आखिरी मैच श्रीलंका के खिलाफ 09 नवंबर को खेलेगी. पाकिस्तान 11 नवंबर को इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगी. यह मैच भी भारत बड़ी आसानी से जीतेगा और अंक तालिका में सर्वाधिक 18 अंकों के साथ शीर्ष पर विराजमान रहेगा। सेमीफायनल में भारत का मुकाबला अंक तालिका में चौथे नंबर पर रहने वाली टीम से होगा और भारत सेमीफायनल भी आसानी से जीत जाएगा। इसके बाद जिसके साथ भी भारत का फाइनल मुकाबला होगा वह भारत के पराक्रम के सामने शायद ही टिक पाए। कुल मिलाकर भारतीय क्रिकेट टीम ने इस विश्वकप में इतना बेहतरीन प्रदर्शन किया है उसकी मिसाल मिलनी मुश्किल है। भारतीय टीम की बल्लेबाजी तो सभी टीमों के मुकाबले सबसे ज्यादा मजबूत मानी ही जा रही थी लेकिन अब भारतीय गेंदबाजों ने भी अपनी घातक गेंदबाजी से यह सिद्ध कर दिया है कि इस समय भारतीय आक्रमण सबसे सशक्त है। जिसके सामने विपक्षी टीमों को एक एक रन बनाने के लिए नाको चने चबाने पड़ रहे है। सेमीफाइनल में चौथे नंबर की जंग काफी दिलचस्प है. नंबर चार के लिए न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और अफगानिस्तान है. तीनों ही टीमों के आठ-आठ अंक है. पाक और न्यूजीलैंड का एक-एक मैच बचा है. वहीं, अफगानिस्तान के दो मैच बचे हैं. पाक और न्यूजीलैंड को अपने मुकाबले हर हाल में जीतने होंगे. नेट रन रेट की बात करें तो न्यूजीलैंड का नेट रन रेट बेहतर है. इस हालत में पाक को बड़े अंतर के साथ मैच जीतना होगा. वहीं, अफगानिस्तान यदि दो में से एक मैच भी जीतती है तो भी न्यूजीलैंड और पाक से नेट रन रेट में पीछे हो जाएगी. वहीं, दो मैच जीतने की स्थिति में वह सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लेगी।

वक्त पर संभव है कैंसर का ईलाज

योगेश कुमार गोयल

किसी भी व्यक्ति के लिए कैंसर एक ऐसा शब्द है, जिसे अपने किसी परिजन के लिए डॉक्टर के मुंह से सुनते ही परिवार के तमाम सदस्यों की सांसें गले में अटक जाती हैं और पैरों तले की जमीन खिसक जाती है। ऐसे में परिजनों को परिवार के उस अभिन्न अंग को सदा के लिए खो देने का डर सताने लगता है। बढ़ते प्रदूषण तथा पोषक खानपान के अभाव में यह बीमारी एक महामारी के रूप में तेजी से फैल रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि हमारे देश में पिछले बीस वर्षों के दौरान कैंसर मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं। कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे मरीजों में आशा की नई उम्मीद जगाने, लोगों को कैंसर होने के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने, प्राथमिक स्तर पर कैंसर की पहचान करने और इसके शीघ्र निदान तथा रोकथाम के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भारत में प्रतिवर्ष 7 नवम्बर को 'राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस' मनाया जाता है। वास्तव में यह महज एक दिवस भर नहीं है बल्कि कैंसर से लड़ रहे उन तमाम लोगों में नई चेतना का संचार करने और नई उम्मीद पैदा करने का विशेष अवसर भी है। भारत में कैंसर के करीब दो तिहाई मामलों का बहुत देर से पता चलता है और कई बार तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। कैंसर के संबंध में यह समझ लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है किन्तु अगर इसका सही समय पर पता लग जाए तो लाइलाज मानी जाने वाली इस बीमारी का अब उपचार संभव है। यही वजह है कि देश में कैंसर के मामलों को कम करने के लिए कैंसर तथा उसके कारणों के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें। कैंसर से लड़ने का सबसे बेहतर और मजबूत तरीका यही है कि लोगों में इसके प्रति जागरूकता हो, जिसके चलते जल्द से जल्द इस बीमारी की पहचान हो सके और शुरूआती चरण में ही इसका इलाज संभव हो। यदि कैंसर का पता शीघ्र लगा लिया जाए तो इसके उपचार पर होने वाला खर्च काफी कम हो जाता है। यही वजह है कि जागरूकता के जरिये इस बीमारी को शुरूआती दौर में ही पहचान लेना बेहद जरूरी माना गया है क्योंकि ऐसे मरीजों के इलाज के बाद उनके स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जीने की संभावनाएं काफी ज्यादा होती हैं। हालांकि देश में कैंसर के इलाज की तमाम सुविधाओं के बावजूद अगर हम इस बीमारी पर लगाम लगाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं तो इसके पीछे इस बीमारी का इलाज महंगा होना सबसे बड़ी समस्या है। वैसे देश में जांच सुविधाओं का अभाव भी कैंसर के इलाज में एक बड़ी बाधा है, जो बहुत से मामलों में इस बीमारी के देर से पता चलने का एक अहम कारण होता है।

यह भी जान लें कि 'कैंसर' आखिर है क्या? जब हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर हो जाती है तो शरीर पर विभिन्न प्रकार की बीमारियां हमला करना शुरू कर देती हैं। ऐसी परिस्थितियों में कई बार शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित होकर अपने आप तेजी से विकसित और विभाजित होने लगती हैं। कोशिकाओं के समूह की इस अनियंत्रित वृद्धि को ही कैंसर कहा जाता हैं। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैलने लगता है और कैंसर की यह स्थिति बहुत घातक हो जाती है। दुनियाभर में कैंसर से लड़ने और इसे हराने के लिए निरन्तर चिकित्सीय खोजें हो रही हैं और इन प्रयासों के चलते ही अब कैंसर का प्रारम्भिक स्टेज में तो सफल इलाज संभव भी है। अगर शरीर में कैंसर होने के कारणों की बात की जाए तो हालांकि इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं लेकिन अक्सर जो प्रमुख कारण माने जाते रहे हैं, उनमें मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, व्यायाम न करना, ज्यादा मात्रा में अल्कोहल व नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार की कमी इत्यादि इन कारणों में शामिल हो

टूट रहे प्रदूषण के सारे रिकॉर्ड, सांसों का ये कैसा आपातकाल?

योगेश कुमार गोयल

विकास के नाम पर अनियोजित तथा अनियंत्रित निर्माण कार्यों के चलते बिगड़ते हालात, खेतों में जलती पराली, खतरों को जानते-समझते हुए भी की जाने वाली भारी आतिशबाजी तथा वाहनों और औद्योगिक इकाईयों के कारण अत्यधिक प्रदूषित हो रहे वातावरण के भयावह खतरों को हम इसी प्रकार साल-दर-साल झेलने को विवश हैं। हालांकि पर्यावरण तथा प्रदूषण नियंत्रण के मामले में देश में पहले से ही कई कानून लागू हैं लेकिन उनकी पालना कराने के मामले में पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण विभाग में सदैव उदासीनता का माहौल देखा जाता रहा है। देश की राजधानी दिल्ली तो वक्त-बेवक्त 'स्मॉग' से लोगों का हाल बेहाल करती रही है। न केवल दिल्ली-एनसीआर में बल्कि देशभर में वायु, जल तथा ध्वनि प्रदूषण का खतरा निरन्तर मंडरा रहा है। वायु, जल तथा अन्य प्रदूषण के कारण अब हर साल देशभर में लाखों लोग जान गंवाते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक मानव निर्मित वायु प्रदूषण के ही कारण प्रतिवर्ष करीब पांच लाख लोग मौत के मुंह में समा जाते हैं। अब देश का शायद ही कोई ऐसा शहर हो, जहां लोग धूल, धुएं, कचरे और शोर के चलते बीमार न हो रहे हों। देश के अधिकांश शहरों की हवा में जहर घुल चुका है।

दिल्ली-एनसीआर की हवा में दीवाली से कुछ दिन पहले ही इस कदर जहर घुल चुका है और हवा इतनी दमघोंटू हो चुकी है कि लोगों को न केवल सांस लेना मुश्किल हो गया है बल्कि अन्य खतरनाक बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार इस साल अक्तूबर में दिल्ली में प्रदूषण का स्तर 2020 के बाद सबसे खराब स्तर पर था लेकिन नवम्बर की शुरूआत से ही प्रदूषण के सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं और दिल्ली में एक प्रकार से सांसों का आपातकाल सा दिखाई दे रहा है, जहां चारों स्मॉग की घनी चादर छाई है। यह चादर कितनी खतरनाक है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सूर्य की तेज किरणें भी इस चादर को नहीं भेद पा रही हैं। करीब एक सप्ताह से देश के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की वायु गुणवत्ता सूचकांक में तेजी से गिरावट आई है। इस तरह की वायु गुणवत्ता को सेहत के लिए कई प्रकार से बेहद खतरनाक माना जाता है। दिल्ली के कई हिस्सों में तो वायु गुणवत्ता सूचकांक 800 के आंकड़े को भी पार कर चुका है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित सीमा से कई गुना ज्यादा है। विशेषज्ञों के मुताबिक अभी अगले 15-20 दिनों तक यहां ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है।

वैसे तो दिल्ली के साथ-साथ देश के कई अन्य राज्यों में भी प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है और देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई में भी वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की जा रही है लेकिन दिल्ली पिछले कई वर्षों से दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक बनी हुई है, जिसका सीधा सा अर्थ है कि करीब 3.3 करोड़ लोगों में वायु प्रदूषण के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का गंभीर जोखिम बना हुआ है। लोगों की सांसों पर वायु प्रदूषण का खतरा इतना खतरनाक होता जा रहा है कि वैज्ञानिक अब दिल्ली में साल-दर-साल बढ़ते प्रदूषण के कारण बढ़ रहे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर दुष्प्रभावों को लेकर चिंता जताने लगे हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आने वाले कुछ दिनों में दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता बहुत खराब रहेगी, जिसका कारण तापमान में कमी और पराली जलाने से होने वाला उत्सर्जन है। केंद्र सरकार के डिसीजन सपोर्ट सिस्टम फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (डीएसएस) ने पराली जलाए जाने की गतिविधियों में वृद्धि की आशंका जताई है, जिससे अगले कुछ दिनों में वायु गुणवत्ता बेहद खराब होने की आशंका है। चिंता का विषय यह है कि हर साल दिल्ली सहित, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश इत्यादि राज्यों में इस सीजन में खेतों में बड़े स्तर पर पराली जलाई जाती है, जिसके चलते प्रदूषण का यही आलम देखने को मिलता है। यह बेहद चिंता की बात है कि किसानों से खेतों में पराली नहीं जलाए जाने के निरंतर अनुरोधों के बाद भी इस बार दशहरे के मौके पर तो जैसे किसानों में पराली फूंकने की होड़ सी लगी दिखी, वहीं करवा चौथ के मौके पर चांद के दीदार होते ही दिल्ली तथा पड़ोसी राज्यों में लोगों जमकर आतिशबाजी की, जिसने प्रदूषण की स्थिति को और विकराल बनाने में आग में घी का काम किया।

विकास के नाम पर अनियोजित तथा अनियंत्रित निर्माण कार्यों के चलते बिगड़ते हालात, खेतों में जलती पराली, खतरों को जानते-समझते हुए भी की जाने वाली भारी आतिशबाजी तथा वाहनों और औद्योगिक इकाईयों के कारण अत्यधिक प्रदूषित हो रहे वातावरण के भयावह खतरों को हम इसी प्रकार साल-दर-साल झेलने को विवश हैं। हालांकि पर्यावरण तथा प्रदूषण नियंत्रण के मामले में देश में पहले से ही कई कानून लागू हैं लेकिन उनकी पालना कराने के मामले में पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण विभाग में सदैव उदासीनता का माहौल देखा जाता रहा है। देश की राजधानी दिल्ली तो वक्त-बेवक्त 'स्मॉग' से लोगों का हाल बेहाल करती रही है। न केवल दिल्ली-एनसीआर में बल्कि देशभर में वायु, जल तथा ध्वनि प्रदूषण का खतरा निरन्तर मंडरा रहा है। वायु, जल तथा अन्य प्रदूषण के कारण अब हर साल देशभर में लाखों लोग जान गंवाते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक मानव निर्मित वायु प्रदूषण के ही कारण प्रतिवर्ष करीब पांच लाख लोग मौत के मुंह में समा जाते हैं।

अब देश का शायद ही कोई ऐसा शहर हो, जहां लोग धूल, धुएं, कचरे और शोर के चलते बीमार न हो रहे हों। देश के अधिकांश शहरों की हवा में जहर घुल चुका है। पयार्वरण तथा मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत डेविड आर. बॉयड का कहना है कि विश्वभर में इस समय छह अरब से भी ज्यादा लोग इतनी प्रदूषित हवा में सांस ले रहे हैं, जिसने उनके जीवन, स्वास्थ्य और बेहतरी को खतरे में डाल दिया है और सर्वाधिक चिंता की बात यह है कि इसमें करीब एक-तिहाई संख्या बच्चों की है। अपनी बहुचर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से बताया है कि वायु प्रदूषण न केवल फेफड़ों को बल्कि स्वास्थ्य को तमाम अन्य तरीकों से भी प्रभावित करता है। हवा की खराब गुणवत्ता के कारण अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, और बैक्टीरियल संक्रमण के खतरे बढ़ सकते हैं। वायु की खराब गुणवत्ता व्यक्ति में ऑटिज्म, तनाव और स्ट्रोक जैसे तमाम न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर सहित अन्य बीमारियों को भी बढ़ावा देती हैं वायु प्रदूषण के कारण हवा में कई प्रकार की हानिकारक गैसें सम्मिलित हो जाती हैं, जिनसे सिरदर्द, खांसी, जुकाम और एलर्जी जैसी आम समस्याएं भी देखने को मिलती हैं। पर्यावरण, प्रदूषण और स्वास्थ्य पर विभिन्न प्रकार के प्रदूषण के भयावह खतरों के बारे में विस्तार से जानने के लिए 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक को फ्लिपकार्ट से प्राप्त किया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वायु प्रदूषण के चलते दुनियाभर में प्रतिवर्ष करीब 70 लाख लोगों की असामयिक मृत्यु हो जाती है, जिनमें करीब छह लाख बच्चे भी शामिल होते हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक वातावरण में बढ़ रहा वायु प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य के लिए काफी समस्यादायक स्थिति पैदा कर सकता है।,

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1208 - ओत्तो वान विटल्सबाश को जर्मनी का राजा चुना गया। 1620 - मई फूल कॉम्पैक्ट, प्लायमाउथ कॉलोनी का पहला शासी दस्तावेज, मई फूल यात्रियों में से 41 द्वारा हस्ताक्षरित किया गया था। 1675 - गुरु गोबिन्द सिंह में सिक्खों के गुरु नियुक्त हुए थे। 1675 - जर्मन पॉलीमैथ गॉटफ्रेड लीबनिज ने पहली बार समारोह के ग्राफके तहत क्षेत्र को खोजने के लिए अभिन्न कलन को नियोजित किया। 1724 - लंदन में यूसुफब्लेक (उर्फब्ल्यूज़िन), हाईवेमेन को फांसी पर चढ़ाया गया। 1725 - लंदन में जॉर्ज फ्राइडीरिक हैंडल के ओपेरा 'टेमरलेनो' का प्रीमियर हुआ। 1745 - चार्ल्स एडवर्ड स्टुअर्ट उर्फ बोनी प्रिंस चार्ली की सेना इंग्लैंड में घुसी। 1752 - थेरेशियन मिशेलिटी अकादमी वियना में खोली गयी 1765 - फ़्रांस के एक रसायनशास्त्री तथा आधुनिक फोटोग्रैफ़ी के जनक नैस्फ़र नेपेस का जन्म हुआ। वे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने फोटो खींचने में सफलता प्राप्त की। 1778 - आईरोक्वाइस भारतीयों ने न्यूयॉर्क में चेरी घाटी नरसंहार में 40 लोगो को मार डाला।

QUIZ TIME

1) बिहार के किस शहर में सर्वाधिक रेशमी वस्त्र के कारखाने स्थापित है?

2) एकदिवसीय विश्व कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी कौन है?

3) भारत चुनाव आयोग द्वारा नेशनल आइकन के रूप में हाल ही में किसे चुना गया है?

4) 7वीं भारतीय मोबाइल कांग्रेस का आयोजन हाल ही में कहां हुआ?

5) सिंधिया और 1857 नामक पुस्तक का हाल ही में विमोचन किया गया, इसके लेखक कौन है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) भागलपुर (2) मोहम्मद शमी (45 विकेट) (3) राजकुमार राव (4) नई दिल्ली (5) डॉ राकेश पाठक

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:44, सूर्यास्त : 05:36 चन्द्रोदय : 25:45, चन्द्रास्त : 14:21 अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय) ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : कार्तिक, पक्ष : कृष्ण, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : पूर्वाफाल्गुनी, योग : ब्रह्म (15:20 से इन्द्र), प्रथम करण : वणिज (19:07 तक), द्वितीय करण : विष्टि (पूर्ण रात्रि)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : तुला, चंद्र : सिंह मंगल : तुला (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : वृश्चिक (अस्त, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कन्या (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:39 से 12:22, अमृत काल : 13:42 से 15:30, विजय मुहूर्त : 13:49 से 14:32, गोधूलि मुहूर्त : 17:26 से 17:52, सायाह्न सन्ध्या : 17:26 से 18:45, निशिता मुहूर्त : 23:34 से 24:27, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 09:18 से 10:39, होमाहुति : राहु, दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : आकाश भद्रावास : मृत्यु (19:07 से), चन्द्रवास : पूर्व, शिववास : क्रीड़ा में।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष - आज के दिन आप बुद्धि विवेक से कार्य करेंगे परन्तु परिस्थिति हर तरह से कार्यो में बाधा डालेगी

वृष- आपके लिए आज का दिन प्रतिकूल फल देने वाला रहेगा। जिस भी कार्य को करने का मन बनाएंगे।

मिथुन- आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से उन्नति वाला रहेगा। धन संबंधित समस्याएं काफी हद तक सुलझने पर दिन भर प्रसन्नता रहेगी।

कर्क- आज के दिन आप किसी भी कार्य को लेकर ज्यादा भाग-दौड़ करने के पक्ष में नही रहेंगे। आसानी से जितना मिल जाये उसी में संतोष कर लेंगे।

सिंह- आज के दिन आपको लगभग सभी कार्यो के अनुकूल परिणाम मिलेंगे। अधिकांश कार्य थोड़े से प्रयास से पूर्ण हो जाएंगे।

कन्या- आज के दिन आप सम्भल कर ही कार्य करेंगे फिर भी सफलता में संशय बना रहेगा। व्यवहारिकता की कमी के कारण जितना लाभ मिलना चाहिए उतना नही मिल सकेगा।

तुला- आपको आज का दिन धन एवं सम्मान दोनों की प्राप्ति कराएगा। जिस भी कार्य को करेंगे उसमे प्राम्भ में थोड़ी भाग-दौड़ करनी पड़ेगी।

वृश्चिक- आज आपको प्रत्येक कार्यो में सफलता मिलेगी लेकिन इसके लिए बौद्धिक परिश्रम अधिक करना पड़ेगा।

धनु - आपका आज का दिन आर्थिक लाभ कराएगा फिर भी ध्यान रखें व्यवहार का रूखापन लाभ को हानि में बदलने के साथ ही सामाजिक प्रेम संबंधों में खटास भी ला सकता है।

मकर- आज के दिन आप अकस्मात घटनाओं से सतर्क रहें। घरेलू दिनचर्या वैसे तो सामान्य ही रहेगी घर मे भी महिलाओं के हाथ कुछ ना कुछ नुकसान अवश्य होगा।

कुंभ- आज आप दिन के आरंभ में जितना परिश्रम करेंगे मध्यान के बाद उसका फल धन लाभ एवं सम्मान के रूप में मिलेगा।

मीन - आज के दिन कार्यो के प्रति मन मे उच्चाटन रहेगा। नौकरी पेशा एवं व्यवासायिक लोगो को अपने क्षेत्र में विविध कष्टो का सामना करना पड़ेगा।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -237

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 236 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	■
प	■	ति	■	■	र	क्ष	क	■
र	ह	मा	न	■	■	■	■	आ
वा	■	■	मि	थु	न	■	दा	स
ह	वा	ला	त	■	सी	ता	■	पा
■	न	■	■	■	ब	क	वा	स
औ	र	त	■	म	■	त	■	■
ला	■	बे	च	ना	■	व	च	न
द	ह	ला	■	ना	ग	र	■	दी

न्यूज गैलरी

मतदाताओं को भ्रमित करने वाले विज्ञापनों पर रोक

बिलासपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत मतदान दिवस और उसके एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र के अनुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान दिवस यानि दूसरे चरण के मतदान के एक दिन पहले एवं मतदान दिवस यानि 16 नवम्बर और 17 नवंबर को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति को प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं।

7 से 30 नवंबर तक एक्जिट पोल पर रोक

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 7 नवम्बर से 30 नवम्बर तक किसी भी तरह के एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत आयोग द्वारा इस अवधि के दौरान एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण पर रोक लगाई गई है। भारत निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा आम निर्वाचन के दृष्टिगत 7 नवम्बर को सवेरे सात बजे से 30 नवम्बर की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि को एक्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर प्रतिबंधित अवधि के रूप में अधिसूचित किया है। इस अवधि में विधानसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एक्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार या किसी भी अन्य तरीके से प्रचार-प्रसार पर रोक रहेगी। आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन साधारण निर्वाचन एवं उप निर्वाचन में संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

टेमर रेल फाटक 7 को रहेगा बंद

बिलासपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत सक्ती-झाराडीह स्टेशनों के मध्य किमी 633/29-31 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या 320 (टेमर फाटक) को 08 नवम्बर 2023 को रात 10 बजे से 09 नवम्बर 2023 सुबह 10 बजे तक तथा 09 नवम्बर 2023 को रात 10 बजे से 10 नवम्बर 2023 सुबह 10 बजे तक मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। उक्त समपार पर मरम्मत कार्य के दौरान यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पास में ही स्थित सोंठी फाटक से उपलब्ध है। रेल प्रशासन आम जनता को होने वाली असुविधा के लिए खेद प्रकट करता है एवं सहयोग की आशा करता है ।

सूने मकान से नकदी व जेवर चोरी

बिलासपुर/ नवप्रदेश। पुलिस के अनुसार क्रांति नगर सरस्वती गार्डन निवासी मंजू पति शोभित अहिरवार (47) निजी चिल्ड्रन हॉस्पिटल में नर्स है। रात 9 बजे मंजू अहिरवार ड्यूटी पर चली गइं। ड्यूटी समाप्त होने के बाद घर लौटी तो देखा मकान का ताला टूटा हुआ है। अंदर पहुंचीं तो देखा अलमारी का लॉकर टूटा हुआ था व कमरे में कपड़े व बर्तन फैले हुए थे। अलमारी चेक करने पर 25 हजार नगद, सोने के गहने व मोबाइल चोरी हो चुका था। घर में चोरी होने की सूचना मंजू अहिरवार ने तारबाहर थाने पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई है।

शिक्षकों को बड़ी राहत, संशोधित पदस्थापना आदेश रद्द

हाईकोर्ट ने शिक्षकों को पिछली पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण कराने सरकार को दिया आदेश

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में राज्य शासन द्वारा चार सितंबर.2023 को जारी शिक्षकों की संशोधित पदस्थापना आदेश को रद्द कर दिया है। याचिकाकर्ता शिक्षकों के पिछले पदस्थापना स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति दे दी है। वेतन का भुगतान भी संबंधित स्कूल से ही होगा। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति का गठन करने जिसमें एक सदस्य के रूप में लोक शिक्षण निदेशक और सदस्य के रूप में संबंधित पांच विभागों के सभी संयुक्त निदेशक शामिल होंगे,निर्देश शासन को दिया है। समिति के समक्ष याचिकाकर्ता शिक्षकों के आवेदन रखे जायेंगे जो संयुक्त निदेशक के समक्ष दिये गये थे जिनके आधार पर संशोधित पदस्थापन आदेश जारी किये गये थे। इन आवेदनों पर 45 दिनों के भीतर समिति को अपना निर्णय देना होगा।

शिक्षकों की याचिका पर जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल के सिंगल बेंच में सुनवाई होगी। जस्टिस चंदेल ने अपने फैसले में कहा है कि याचिकाकर्ता शिक्षकों को समिति के समक्ष 15 दिनों के भीतर आवेदन पेश करना होगा। कोर्ट ने याचिकाकर्ता शिक्षकों को यह भी छूट दी है कि समिति के समक्ष अपने आवेदन के समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता होगी। समिति प्रत्येक याचिकाकर्ता के मामले का निर्णय करेगी और उनके नये पदस्थापन आदेश समिति या सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किये जायेंगे। निर्णय लेते समय समिति या सक्षम प्राधिकारी याचिकाकर्ताओं के मामले और उनके नए पोस्टिंग आदेश जारी करने के लिए, राज्य की स्थानांतरण नीति 22.अगस्त.2022 के प्रासंगिक प्रविधानों और राज्य (स्कूल शिक्षा विभाग) द्वारा 29 मार्च.2023 को जारी निर्देशों पर भी विचार करेगी। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में तकरीबन 2300 शिक्षकों ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से अलग-अलग याचिका दायर कर राज्य शासन द्वारा चार सितंबर .2023 को पारित आदेश को चुनौती दी है, जिसके तहत संबंधित संभागीय संयुक्त निदेशकों द्वारा जारी याचिकाकर्ताओं के संशोधित पोस्टिंग आदेश रद कर दिए गए हैं। याचिकाकर्ता, जो सहायक शिक्षक शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। 147 शिक्षक प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति हेतु विचार किया गया। उन्हें पदोन्नति प्रदान कर 29.मार्च.2023 के दिशा-निर्देशानुसार काउंसलिंग आयोजित कर पदस्थापन आदेश जारी किये गये। इसके बाद, कुछ पदोन्नत शिक्षकों प्रधान पाठकों ने पदोन्नति के बाद अपनी पोस्टिंग में बदलाव की प्रार्थना करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया। संयुक्त निदेशकों द्वारा संशोधित पोस्टिंग आदेश जारी किए गए और उसके अनुसार याचिकाकर्ताओं और अन्य प्रभावित शिक्षकों प्रधान पाठकों ने अपने नए पोस्टिंग स्थान पर कार्यभार ग्रहण किया। चार सितंबर .2023 को एक आदेश जारी कर राज्य शासन ने संयुक्त निदेशकों द्वारा जारी याचिकाकर्ताओं के अलावा शिक्षकों व प्रधान पाठकों के सभी संशोधित पोस्टिंग आदेशों को यह कहते हुए रद कर दिया कि संबंधित अधिकारियों द्वारा जारी किए गए संशोधित पोस्टिंग आदेश अवैध हैं।

शासन ने यह भी हिदायत दी कि यदि कोई शिक्षक प्रधान पाठक संशोधित पदस्थापन आदेश के आधार पर नये पदस्थापन स्थान पर कार्यभार ग्रहण कर चुका है तो उसे तत्काल 10 दिन की अवधि के भीतर अपने मूल पदस्थापन स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए कार्यमुक्त कर दिया जाएगा, अन्यथा ऐसा न होने पर जिससे उनका पदोन्नति आदेश स्वतः निरस्त हो जायेगा।

राज्य शासन ने रक्षा पक्ष

काउंसलिंग के समय प्रतिवादियों के पास उपलब्ध रिक्तियां याचिकाकर्ताओं और अन्य पदोन्नत शिक्षकों प्रधानाध्यापकों को प्रदान की गईं और उन रिक्तियों को देखने के बाद उन्होंने अपनी पदस्थापना के लिए स्थानों का चयन किया और सक्षम प्राधिकरण ने उन्हें तैनात किया। यह स्पष्ट है कि याचिकाकर्ताओं की पदस्थापना उनके द्वारा चुने गए पोस्टिंग स्थान के अनुसार की गई है, ना कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिए गए स्थान के अनुसार। उसके बाद कुछ शिक्षकों प्रधानाध्यापकों ने अपने चुने हुए स्थान पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया और अपने पदस्थापन आदेशों में संशोधन की मांग करते हुए आवेदन प्रस्तुत किए। इसी आधार पर 2723 शिक्षकों प्रधानाध्यापकों के संशोधित पदस्थापन आदेश पारित किया गया।

संशोधन आदेश में जमकर फर्जीवाड़ा

राज्य शासन ने अपने जवाब में कोर्ट को जानकारी दी है कि संशोधित पदस्थापन आदेश जारी होने के बाद राज्य सरकार को शिकायतें प्राप्त हुईं कि अधिकारियों ने अवैध साधन प्राप्त कर पूर्व पदस्थापन आदेशों में संशोधन किया है। ऐसी शिकायतें मिलने पर राज्य सरकार ने संबंधित संभागीय आयुक्तों के माध्यम से मामले की जांच कराई और संभागीय आयुक्तों की रिपोर्ट के आधार पर यह आदेश पारित किया गया है। संबंधित संयुक्त निदेशकों ने बिना किसी अधिकार के संशोधित पोस्टिंग आदेश पारित कर दिए हैं। चूंकि स्थानांतरण प्रतिबंध अवधि के दौरान संबंधित संयुक्त निदेशकों द्वारा संशोधित पदस्थापन आदेश पारित किये गये थे, जो समन्वयविहीन है, इसलिए संयुक्त निदेशकों द्वारा पारित संशोधित पदस्थापन आदेश अवैध हैं।

हाई कोर्ट ने कहा–छात्र हित में यह फैसला जरुरी

हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि याचिकाकर्ता पहले ही अपनी पोस्टिंग के स्थान पर शामिल हो चुके हैं और उनके अंतिम वेतन प्रमाण पत्र भी वहां भेज दिए गए हैं। सितंबर .2023 को जारी विवादित आदेश के चलते याचिकाकर्ताओं को पहले ही उनकी पोस्टिंग के स्थान से कार्यमुक्त कर दिया गया है। हाई कोर्ट के 11.सितंबर .2023 के आदेशानुसार उन्हें अपने पिछले पोस्टिंग स्थान पर वापस शामिल होने की अनुमति दी जा रही है। छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए। न्याय के हित में यह निर्देश दिया जाता है कि सभी याचिकाकर्ताओं को उनके पिछले पोस्टिंग स्थान पर शामिल होने की अनुमति दी जाए ताकि उनके वेतन के मुद्दे का समाधान किया जा सके।

फुटपाथ पर दुकानों का सामान, लोग परेशान

बिलासपुर. स्मार्ट सिटी बिलासपुर में करोड़ों की लागत से नालियों के निर्माण के साथ पैदल चलने के बनाए गए फुटपाथ पर दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है। यहां दुकानों के सामान और बाइक और ठेले रख दिए गए हैं। इससे पैदल चलने वालों को सड़क पर मजबूरी में चलना पड़ रहा है। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने कार्रवाई कई महीनों से नहीं की है, जिसका फायदा अवैध कब्जा करने वाले उठा रहे हैं।

बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शहर में बड़े प्रोजेक्ट के साथ-साथ शहर में ड्रेनेज सिस्टम सुधारने के लिए नालियों के निर्माण कराएं हैं। इन नालियों के ऊपर पैदल चलने के लिए फुटपाथ का निर्माण किया गया है ताकि सड़कों पर पैदल चलने वाले सुरक्षित रहे। शहर के तिलक नगर मुख्य मार्ग, स्मार्ट सिटी रोड मिट्टी तेल गली, नेहरू नगर, नेहरू चौक से मंगला चौक समेत अन्य क्षेत्रों में बनाए गए फुटपाथ पर दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है। यहां दुकानों के सामान रखे जा रहे हैं और फुटपाथ को पूरी तरह ब्लॉक कर दिया गया है।

त्योहार में होगी परेशानी

आने वाले दीपोत्सव के पहले से ही शहर के बाजार वाले व्यस्त क्षेत्रों में सुबह से लेकर रात तक खरीदारी करने वालों की भीड़ लगने लगती है। संभाग का सबसे बड़ा व्यापार केन्द्र होने के कारण यहां दूसरे जिलों के व्यापारी भी खरीदारी करने आते हैं। लिहाजा भीड़ बढ़ने के साथ-साथ वाहन भी बड़ी संख्या में शहर की सड़कों पर चलाए जाएंगे। इससे फुटपाथ पर जगह नहीं होने पर लोगों को सड़क पर चलना पड़ेगा और पल-पल जाम की स्थिति बनेगी।

दो महीनों से कार्रवाई नहीं

नगर निगम का अतिक्रमण दस्ते ने पिछले 2 महीनों से शहर में अतिक्रमण करनेवालों के खिलाफ कार्रवाई कार्रवाई बंद कर दी है इसका पूरा फायदा व्यापारी और अन्य लोग उठाकर लगातार फुटपाथ पर कब्जा जमाए हुए हैं।

> फुटपाथ चलने के लिए बनाया गया है और इसमें कब्जा करना गलत है। व्यापारियों को विवेक से काम लेना चाहिए और फुटपाथ को खाली रखना चाहिए। अवैध कब्जा हटाने और यातायात व्यवस्थित रखने के निर्देश अतिक्रमण नवारण शाखा को दिए जाएंगे।
>
> *शेख नजीरूद्दीन, अध्यक्ष, नगर निगम*

इंस्टाग्राम पर हुए प्यार के बाद युवती से मिलने दिल्ली से आया युवक पुल से कूदा

बिलासपुर/ नवप्रदेश। इंस्टाग्राम के माध्यम से हुए प्यार के बाद दिल्ली में रहने वाला युवक अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए शहर पहुंच गया। यहां युवती ने परिवार का हवाला देकर उससे मिलने से इन्कार कर दिया। इससे नाराज युवक ने इंदिरा सेतु से नदी में छलांग लगा दी। आसपास के लोगों ने किसी तरह युवक को बचाकर पुलिस के हवाले कर दिया है। सरकंडा पुलिस ने घटना की जानकारी युवक के स्वजन को दी है। सरकंडा थाना प्रभारी जेपी गुप्ता ने बताया कि हरियाणा में रहने वाला हर्ष कुमार निजी सुरक्षा एजेंसी में काम करता है। कंपनी एयरपोर्ट में सुरक्षा मुहैया कराती है। हर्ष कुमार दिल्ली के एयरपोर्ट में काम करता है। युवक की कोरबा जिले में रहने वाली युवती से इंस्टाग्राम पर पहचान हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच मोबाइल पर भी बातचीत होने लगी। युवक ने बीते दिनों अपने प्यार का इजहार युवती से किया था।

रविवार को वह अपनी प्रेमिका से मिलने बिलासपुर आ गया। इधर युवती ने अपने परिवार का हवाला देते हुए युवक से मिलने से इन्कार कर दिया। इससे युवक दुखी था। सोमवार की दोपहर उसने इंदिरा सेतु से नदी में छलांग लगा दी। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह युवक को बचा लिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को थाने लेकर आ गई। पूछताछ के बाद घटना की जानकारी युवक के स्वजन को दी गई है। स्वजन की मौजूदगी में बयान के बाद युवक को उनके हवाले कर दिया जाएगा।

जिले के तीन आदतन अपराधी जिला बदर

बिलासपुर/नवप्रदेश। चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने बदमाशों पर हो रही लगातार कार्यवाही हो रही हैं। आचार संहिता दौरान कुछ दिन पूर्व एक अन्य बदमाश को जिला बदर और दो के ऊपर रासुका के तहत कार्यवाही की गई थी।कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बिलासपुर अवनीश शरण ने पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह की अनुशंसा पर जिले के आदतन अपराधी सुहेल खान उर्फ मोहम्मद मुस्तकीम पिता मोहम्मद शाहिद उम्र 22 वर्ष खपरगंज थाना सिटी कोतवाली, राहुल माखीजा पिता शंकर लाल मखीजा उम्र 24 वर्ष शांति नगर थाना सकरी और सुनील कुर्रे उर्फ टिल्ली पिता पुन्नी लाल उम्र 33 वर्ष डीहपारा अमेरी थाना सकरी को छह माह के लिए जिला बदर कर दिया है। पुलिस द्वारा दर्जनों अन्य आदतन बदमाशों के ऊपर जिला बदर की कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर ऑफिस में भेजा गया है, जो प्रक्रिया में हैं।

कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-3 एवं 5 के तहत् दाण्डिक प्रकरणों में पारित आदेश दिनांक 06/11/2023 अनुसार यह आदेश दिया है कि 24 घंटे के अन्दर जिला- बिलासपुर तथा समीपवर्ती राजस्व जिला कोरबा जांजगीर-चांपा, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, बलौदा बाजार जिले क्षेत्र से छह माह की अवधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए इस जिले एवं उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इन सभी को इस आदेश का तुरन्त पालन करने और पालन न करने पर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के आदेश दिए हैं। इन बदमाशों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई अपराध में चालान और कार्यवाहियां हुई है। सुहेल खान के खिलाफ वर्ष 2018 से लेकर मारपीट, गाली गलौज, गुंडागर्दी, हत्या का प्रयास व चोरी के कुल छह अपराध पंजीबद्ध है।

राहुल माखीजा के खिलाफ 2017 लगातार मारपीट, गाली गलौज, गुंडागर्दी, जान से मारने की धमकी देने, हत्या का प्रयास, पैसों की अवैध वसूली एवं सामानों को तोड़फोड़ कर क्षति कारित करने जैसे गंभीर अपराध घटित कर आमजन को आतंकित करने एवं उनके मध्य भय उत्पन्न करने में संलिप्त है।

जिला कार्यालय एवं प्रशिक्षण स्थलों में सुविधा केन्द्र स्थापित

बिलासपुर/नवप्रदेश। मतदान ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के मताधिकार का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए सुविधा केन्द्रों की स्थापना की गई है। ये केन्द्र जिला कार्यालय सहित सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण स्थल पर बनाये गये हैं। इन केन्द्रों पर डाक मतपत्र से मतदान सहित संपूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने मतदान ड्यूटी में लगे सभी अधिकारियों को डाक मतपत्र के जरिए अपने मताधिकार का उपयोग करने का आह्वान किया है।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मतदान दलों के दूसरे चरण के प्रशिक्षण के लिए निर्धारित स्थलों पर 7 से 9 नवम्बर तक सुविधा केन्द्र क्रियाशील रहेंगे। इस दौरान प्रतिदिन सवेरे साढ़े 10 बजे से 4.30 बजे तक डाक मतपत्र भराने एवं जमा कराने का कार्य होगा। इसके अलावा जिला कार्यालय परिसर में 10 से 14 नवम्बर तक मंथन सभाकक्ष के ऊपर बड़े हॉल में सुविधा केन्द्र बनाया गया है। कार्यालयीन दिवसों में यहां डाक मतपत्र से मतदान एवं मार्गदर्शन दिया जायेगा। मतदान ड्यूटी में लगे अधिकारियों को फार्म 12 भरकर जमा करने पर ही डाक मतपत्र इश्यू किये जाते हैं। जिन ड्यूटीरत लोगों ने फार्म 12 इश्यू नहीं कराये हैं, वे अंतिम तिथि 10 नवम्बर तक इश्यू कराकर मतदान कर सकते हैं।

स्टेशन प्लेटफार्म पर महिलाओं के लिए सुविधायुक्त बैठक व्यवस्था

बिलासपुर। देश की धड़कन भारतीय रेलवे प्रतिदिन लाखों यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाती है । यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा तथा संरक्षा के साथ ट्रेन परिचालन रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है । करोड़ों यात्रियों में देश की आधी आबादी महिलाएं भी सम्मिलित हैं।

रेलवे निरंतर सुविधाओं को आधुनिक तथा उन्नत बनाने के दिशा में अग्रसर है । यात्री केन्द्रित सुविधा का विकास तथा उनसे फीडबैक के आधार पर सुविधाओं को सरल एवं सहज बनाने का प्रयास लगातार जारी है । इसके अंतर्गत रेलवे ने महिला यात्रियों के लिए स्टेशनों एवं विशेषतया प्लेटफार्मों पर विशेष सुविधा का प्रावधान किया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने एक अभिनव पहल करते हुए प्लेटफार्म पर प्रतीक्षारत महिला यात्रियों के लिए ÷अक्षिता÷ नाम से एक उपयुक्त स्थान को चिन्हांकित किया है जिसमें ट्रेन की प्रतीक्षा के दौरान महिला यात्रियों के लिए बैठने की सुविधा के साथ अन्य उपयुक्त सुविधा दी है । महिला सशक्तिकरण की दिशा एक कदम और आगे बढ़ते हुए अकेली महिला यात्रियों को रेलवे प्लेटफार्म पर प्रतीक्षा के दौरान एक ऐसी जगह उपलब्ध कराना था जहां कि वो अपने आप को सुरक्षित महसूस करे । इसी उद्देश्य के दृष्टिगत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अपने 09 महत्वपूर्ण स्टेशनों बिलासपुर, रायपुर, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, अनुपपुर, गोंदिया, रायगढ़, दुर्ग एवं भिलाई स्टेशनों के सामान्यतया प्लेटफार्म नंबर 01 पर एक ऐसे जगह को चिन्हांकित किया जो कि प्लेटफार्म के लगभग मध्य स्थित हो।

अपील... रांक, पंधी, देवरी कौडिया में डॉ. बांधी ने किया सघन जनसंपर्क

कहा–हम रखेंगे माताओं–बहनों का ख्याल

बिलासपुर/नवप्रदेश। चुनाव में जीत के लिए दौरा और जनसंपर्क की कड़ी में मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ सोमवार को भाजपा जयराम नगर गतौरा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान जहां-जहां श्री बांधी का काफिला पहुंचा, वहां-वहां पर स्थानीय लोगों ने अपने नेता का स्वागत किया।

भाजपा मंडल जयराम गतौरा क्षेत्र की जनता के स्नेह से प्रसन्न श्री डॉ. बांधी ने कहा, मुझ पर जो विश्वास आप ने किया है उसे कायम रखिए, आप लोगों के माध्यम से सेवा का पुनः अवसर मिलने पर मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास किया जाएगा। मस्तुरी में बढ़ते अपराध और नशाखोरी की रोकथाम कर यहां की जनता को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। दौरा और जनसंपर्क के दौरान श्री बांधी और उनका काफिला सबसे पहले रांक पहुंचा जहां से जनसंपर्क की शुरुआत हुई जिसके बाद क्षेत्र के देवरी पधी कौड़ियां पहुंचा, जहां से जनसंपर्क की शुरुआत की गई। इसके बाद यहां स्थानीय ग्रामीणों ने फूलमालाएं पहनाकर डॉ. बांधी का आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद यह कारवां रांक, पंधी, और विभिन्न ग्रामों के हर दरवाजे पहुंचा जहां ग्रामीणों के विशाल जनसमूह ने मस्तूरी विधायक व भाजपा प्रत्याशी डॉ कृष्णमूर्ति बांधी का आत्मीय स्वागत किया इस दौरान गांव गांव म चलत हे गोठ बांधी भईया काम करत हे और ओहि ल देबो ओट जैसे गगन चुंबी नारों से इलाका गूंज उठा।

इस दौरान स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी डॉ. बांधी ने कहा- भाजपा अपने चुनावी घोषणा पत्र में किए गए एक-एक वायदे को पूरा करेगी। भाजपा की सरकार वापस बनने पर प्रदेश में महिलाओं व बेटियों के लिए योजनाओं को प्राथमिकता के साथ लागू किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर पीएम आवास योजना के पात्र लोगों को मकान बनाने के लिए राशि दी जाएगी। वहीं हर घर में पानी की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

जनता मेरा स्वाभिमान, मेरी हैसियत बस आप की खैरियत : शैलेष पांडे

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर विधायक और बिलासपुर विधान सभा से कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश पांडेय ने कहा कि,आज की राजनिनीति विभस्त परिस्तिथियों में तब्दील होती जा रही परन्तु मैं विषम परिस्तिथयो में भी डिगने वालो में से नही क्योकि मेरा साथ बिलासपुर की जनता देते आ रही है और उसी विश्वास पर आधार मेरी बुनियाद टिकी है मैं ये भी नही जानता कि नेतागिरी क्या होती है और इसमें मुझे आम जनता से कैसे व्यवहार करना चाहिए मैं तो बस साधारण सी अवस्था लिए आम जन की उपेक्षाओं को लेकर आगे बढ़ रहा हूँ। मैं एक सर्वसाधारण व्यक्तित्व जीवन मे रहता हूँ ,न तो मेरे पास अकूट धन संचय है और ना ही मेरे पास सेठगिरी, हाँ यदि मेरे पास है तो मात्र एक प्यार और विश्वास वो भी बिलासपुर की जनता का जो मुझे सदैव विकास और न्याय की परिधिति में संजोय के रखना है।

लेकिन मेरा सिर्फ एक उद्देश्य और साधना की है कि मुझे बिलासपुर की तस्वीर बदलनी है। इस दिशा में मैं अग्रसर हूं और मुझे आरोप प्रत्यारोप से किसी प्रकार का भी कोई लेना-देना नहीं है सवाल यह उठता है कि मेरी जनता मुझ पर भरोसा करती है और मैं उसी जनता के बल पर पिछली बार विधान सभा का चुनाव जीता था। आज फिर उसी जनता के आसरे मुझे फिर एक बार सुअवसर मिला है। बिलासपुर को उस मुकाम पर पहुचाने के लिए मेरी जनता मुझे भरपूर समर्थन के साथ मेरा साथ देगी आज फिर बिलासपुर की जनता से मेरा यह निवेदन है कि मैं सिर्फ बिलासपुर की तस्वीर बदलना चाहता हूं अगर आपका साथ मिला तो मैं बिलासपुर की तस्वीर बदल दूंगा।

यह मेरा वादा ही नहीं वरन मेरा आत्मविश्वास भी है। मेरा उद्देश्य इसी दिशा में अग्रसर भी है और इसी दिशा में आगे भी बढ़ रहा हूं। मुझे इस बार फिर मौका देंगे तो मैं आपके शहर की तस्वीर बदलने के अलावा भी कई ऐसे मुद्दे हैं जो कि आपको चुप रहने को मजबूर करते है, मैं जानता हूं मुझे सेठ से मतलब नहीं है।

■ न्यूज गैलरी

कलेक्टर, एसपी ने किया मताधिकार का प्रयोग

नारायणपुर/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-84 नारायणपुर (अजजा) के केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मतदान केन्द्र में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव ने कतार में लग कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने जिलेवासियों से शतप्रतिशत मतदान कर मतदान के महापर्व को सफल बनाने में योगदान देने की अपील की। नारायणपुर जिले में 127 मतदान केन्द्र बनाएं गए हैं। इनमें सामान्य मतदान केन्द्र 21, संवेदनशील मतदान केन्द्र 49, अति संवेदनशील मतदान केन्द्र 45 और क्रिटिकल मतदान केन्द्र 12 मतदान केन्द्रों में मतदाता अपरान्ह 1 बजे तक विधानसभा क्षेत्र 84 नारायणपुर में 46 प्रतिशत मतदान किया गया है।

स्काउट गाइड बने मतदाता मित्र

कांकेर/नवप्रदेश। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर कांकेर के आदेश के अनुरूप कांकेर जिले के 79 अंतागढ़, 80 भानुप्रतापपुर और 81 कांकेर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सम्मिलित समस्त मतदान केंद्रों में दिव्यांग, बुजुर्ग,बीमार गर्भवती महिला मतदाताओं को सहयोग करने के उद्देश्य से विद्यालय के स्काउट गाइड्स रोवर्स रेंजर्स ने मतदाता मित्र बनकर सेवाएं प्रदान की। भारत स्काउट एवं गाइड्स के जिला संगठन आयुक्त वाजिद खान एवं दंतेश्वरी तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कांकेर जिले के तीन विधानसभाओं में सत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के के उद्देश्य से चुनाव में बुजुर्ग, दिव्यांग ,गंभीर रूप से बीमार, गर्भवती महिलाओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने में स्काउट गाइड्स अपनी महती भूमिका अदा की। मतदान करने वाले मतदाताओं ने इस पुनीत कार्य की प्रशंसा की है।

102 साल की उम्र में दिखाया मतदान का जज्बा

कांकेर/नवप्रदेश। लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने वयोवृद्ध भी कमतर नहीं है। जिले के अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पखांजूर निवासी 102 साल के वयोवृद्ध कनक मंडल में यह जज्बा देखने को मिला। शतायु पार कर चुके विद्यानगर निवासी श्री मंडल ने बताया कि वह शुरू से वोट करते आ रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की खूबसूरती मतदान करने में है, क्योंकि यही प्रदेश और देश का भविष्य तय करता है। श्री मंडल के मतदान को यादगार बनाने शतायु वोटर के नाम से मतदान केंद्र परिसर में पौधा भी लगाया गया।

कलेक्टर-एसपी ने परिवार सहित किया मतदान

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 88 दंतेवाड़ा के मतदान केंद्र क्रमांक 83 चितालंका-2 में पहुंचकर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार और पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने अपने परिवार के साथ आम मतदाताओं के साथ कतार में लग कर मतदान किया। साथ ही बनाए सेल्फी जोन में दोनों अधिकारियों ने अपने परिजनों के साथ सेल्फी ली। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नंदनवार ने जिले के मतदाताओं से मतदान में बढ़चढ़ कर सहभागिता निभाने का आग्रह करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए इस महापर्व में सक्रिय भूमिका निभाएं। इसके साथ ही अपने घर-परिवार के मतदाताओं सहित अन्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें।

भाजपा प्रत्याशी ने किया मतदान

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। भाजपा दंतेवाड़ा विधानसभा प्रत्याशी चैतराम अटामी ने बूथ क्रमांक 47 मंझार पारा कासोली मतदान केंद्र पहुँच परिवार के साथ मतदान किया। मतदान के पश्चात पत्रकारों से चर्चा करते हुए भाजपा प्रत्याशी अटामी ने बताया कि आज लोकतंत्र के महापर्व के तहत मतदान करने वे पहुंचे है। उन्होंने अपने मत का प्रयोग किया। साथ ही श्री अटामी ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।

मतदान केंद्र का निरीक्षण

कोरबा/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु पाली-तानाखार तथा कटघोरा विधानसभा हेतु नियुक्त प्रेक्षक आई.ए.एस. सी.के.जमातिया ने आज कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 253 प्राथमिक शाला भवन सरईसिंगार का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किए गये दीवाल लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प तथा मतदान केन्द्रों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित बूथ लेबल अधिकारी उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

देश में महंगाई चरम ...

जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के पास 16 हजार करोड़ के दो जहाज सिर्फ घूमने के लिए है। संसद भवन के सौंदर्यीकरण के लिए 20 हजार करोड़ खर्च कर दिए जाते है, मोदी जी के पास उद्योगपतियों के लिए पैसे हैं लेकिन गरीबों के लिए कोई सोच नहीं। गन्ना किसान अपने परिवार के साथ मुआवजे की मांग को लेकर कई दिनों तक सड़क पर प्रदर्शन करते रहे। लेकिन मोदी जी का दिल नहीं पसीजा, उन्हें 15 हजार करोड़ का मुआवजा नहीं दिया गया।

लोकतंत्र के महापर्व में दिखा उत्साह

■ पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में ज्यादा उत्सुकता

■ पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में दिखा गजब का उत्साह

कांकेर/भानुप्रतापपुर/अंतागढ़/नवप्रदेश। देश के लोकतंत्र का महापर्व यानी पहले चरण के 20 सीटों के लिए होने वाले मतदान तिहार को लेकर 7 नवंबर मंगलवार को सुबह से ही कांकेर, भानुप्रतापपुर और अंतागढ़ विधानसभा में मतदान केंद्रों में महिला पुरुष की भारी भीड़ उमड़ रही थी।

कांकेर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी शंकर ध्रुवा ने अपने पैतृक निवास सरोना में मतदान किया। वहीं दूसरी ओर भाजपा प्रत्याशी आशा राम नेताम ने अपने पैतृक गांव बेवरती में अपना मतदान किया। कांकेर विधानसभा चुनाव में शहरीय क्षेत्रों के सभी बूथ केंद्रों में सुबह 6 बजे से भारी भीड़ उमड़ रही थी। इसके अलावा सुबह से ही लगातार महिला और पुरुष मतदाता मतदान केंद्र पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान सुबह 7बजे से लेकर 11बजे तक कांकेर 45.65 फीसदी मतदान हो चुका है। मतदान के पहले चरण में शामिल कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर विधानसभा सीट में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। यहां के नए मतदाताओं में गजब का उत्साह देखने को मिला है। यहां मतदान प्रक्रिया शुरू होने से पहले कई मतदान केंद्रों में लंबी लाइन देखने को मिली। भानुप्रतापपुर विधानसभा के ग्राम तेलगरा, केवटी, दमकसा, संबलपुर, भानुप्रतापपुर, चारामा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केंद्रों के बाहर सुबह से ही महिला पुरुष और खास पहली बार मतदान करने युवाओं की लंबी कतारें लगी हुई थी। 11 बजे तक भानुप्रतापपुर -40.1 फीसदी मतदान हो चुका था। कांकेर जिले की सबसे हाई प्रोफाइल सीट अंतागढ़ विधानसभा में भी जबरदस्त उत्साह के साथ लोग मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान करते नजर आए। जानकारी अनुसार अंतागढ़ विधानसभा में -32.84 प्रतिशत मतदान हो चुका है। अंतागढ़ विधानसभा में कुल 14 उम्मीदवार मैदान पर हैं। कांग्रेस से बगावत कर निर्दलीय अनूप नाग के मैदान में उतरने से अंतागढ़ विधानसभा चुनाव हाईटेक चुनाव माना जा रहा है।

इन केन्द्रों में सुबह 7 से 3 बजे तक मतदान

प्रदेश के 10 विधानसभा में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान का समय निर्धारित है। उनमें मोहला-मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।

यहां 8 से 5 बजे तक होगा मतदान

10 विधानसभा में सुबह 8 से शाम 5 बजे तक वोट डाला जाएगा। उनमें पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, बस्तर, जगदलपुर व चित्रकोट विधानसभा शामिल है।

तीन दिन पहले मारे गए बीजेपी नेता की बेटी ने दादा के साथ डाला वोट

नारायणपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में मंगलवार 7 नवंबर को 20 सीटों के लिए पहले चरण की वोटिंग हो रही है। इनमें से कई सीटें नक्सल प्रभावित हैं। वोटिंग से 3 दिन पहले नक्सलियों ने बीजेपी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उसकी बेटी ने बहादुरी दिखाते हुए वोटिंग की। नारायणपुर में वह अपने दादा के साथ वोट डालने वोटिंग सेंटर पहुंची।

नारायणपुर के बीजेपी नेता रतन दुबे की हत्या नक्सलियों ने की थी। वह पार्टी के लिए चुनाव प्रचार करने के लिए निकले थे। इसी दौरान नक्सलियों ने गोली मार दी थी। पिता की हत्या के तीन दिन बाद मृतक नेता की बहादुर बेटी ने मताधिकार का उपयोग करते हुए वोटिंग की।

अकेले नहीं वरन अपने दादा के साथ उनका हाथ थामे दोनों ने मतदान केन्द्र में वोट डाला। 3 दिन पहले नक्सली हमले में पिता को खोने वाली बहादुर बेटी का हौसला कम नहीं हुआ। लोकतंत्र के इस उत्सव में शामिल होकर बेटी ने नारायणपुर में वोटिंग सेंटर में पहुंचकर अपना वोट डाला। इतना ही नहीं उसके साथ उसके दादा भी साथ थे। बूढ़े दादा का हाथ थामे पहुंची पोती ने खुद तो वोट डाला ही साथ ही दादा की भी वोटिंग करने में मदद की। मतदान के 3 दिन पहले नक्सलियों ने की नेता की हत्या। उस समय वे घर से प्रचार के लिए निकले थे। बीजेपी ने की थी हत्या निंदा। पार्टी के प्रदेश प्रभारी ओम प्रकाश माथुर ने इसकी निंदा की थी। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा था कि प्रदेश के नारायणपुर सीट के संयोजक और जिला उपाध्यक्ष रतन दुबे की प्रचार के दौरान नक्सलियों ने निर्ममता से हत्या कर दी है। इससे बेहद दुखी हूं। इस कायरतापूर्ण घटना की समूची पार्टी निंदा करती है।

काष्ठागार में शेड कांक्रीटीकरण में गड़बड़ी का आरोप

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। वन विभाग द्वारा शेड की फ्लोरिंग कराई जा रही है। फ्लोर की कांक्रीटिंग का काम किया जा रहा है। इसमें गुणवत्ता की उपेक्षा की जा रही है। जानकारी के अनुसार कांक्रीटिंग की मोटाई 6 इंच होनी चाहिए है। लेकिन वन विभाग मात्र 4 इंच मोटाई का कांक्रीट लेयर डलवा रहा है। इसके लिए बेस भी तैयार नहीं किया गया। समतल जमीन पर ही 4 इंच मोटाई का कांक्रीटीकरण किया जा रहा है। लोगों ने इसकी शिकायत विभाग के बड़े पदाधिकारियों से की है। शिकायत करने वालों ने कहा कि निर्माण में स्तरहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।

भानुप्रतापपुर पूर्व वनमंडल के काष्ठागार में लाखों रुपए की लागत से शेड का निर्माण किया जा रहा है। परिक्षेत्र अधिकारी के संरक्षण में होने से ठेकेदार द्वारा कार्य में लापरवाही बरता जा रहा है। नियमतः ढलाई फ्लोरिंग से पहले ही मजबूती के लिए जमीन को गिट्टी व सीमेंट मसाला से बेस तैयार किया जाना चाहिए ताकि मजबूती बनी रहे।

निर्माणाधीन शेड में सीमेंट हल्के क्वालिटी का उपयोग किया जा रहा है। अच्छी क्वालिटी का सीमेंट 350 रुपए है,जबकि ठेकेदार द्वारा हल्के व खराब सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। कार्य के पूर्व ही उपयोग किये गए सामग्रियों का निरीक्षण किया जाना चाहिए लेकिन अधिकारी इसकी अनदेखी करते हैं।

यह कहना है अधिकारियों का इस संबंध में परिक्षेत्र अधिकारी से जानकारी लेने का प्रयास किया गया। जिस पर उन्होंने अनभिज्ञता जाहिर की।

एसडीओ आई पी गेन्ड्रे ने कहा कि यदि ठेकेदार द्वारा कार्य में लापरवाही किया जा रहा है तो उसे उखड़वा कर पुनः निर्माण कराया जाएगा। जिसका संपूर्ण नुकसान ठेकेदार को वहन करना पड़ेगा।

डीएफओ कृष्ण श्री जाधव ने कहा कि कार्य में सुधार करवाए जाएंगे।

नारायणपुर, कोंडागांव और बस्तर जिले में पुरुष से ज्यादा महिला मतदाता

■ सामान्य प्रेक्षक विभिन्न मतदान केन्द्र पहुंचे

नारायणपुर/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-84 नारायणपुर (अजजा) के सामान्य प्रेक्षक निरंजन कुमार सुधांशु ने मंगलवार को नारायणपुर के विभिन्न मतदान केन्द्रों का जायजा लेकर मतदाताओं से चर्चा की। उन्होंने नारायणपुर के मतदान केन्द्र गरांजी, गढ़बेंगाल, देवगांव, नेलवाड़, गोहड़ा, बेनूर, गुलमकोंडो, तहसीलपारा और सिंगोड़ीतराई का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदाताओं से अपने घरों के सभी सदस्यों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। विधानसभा क्षेत्र नारायणपुर में 1 लाख 90 हजार 917 मतदाता हैं। इसमें पुरुष मतदाता 92138 और महिला मतदाता 98775 हैं। नारायणपुर जिले में पुरुष मतदाताओं की संख्या 42020 और महिला मतदाता 45684 हैं। इसी प्रकार कोण्डागांव जिले में पुरुष मतदाताओं की संख्या 18391 और महिला मतदाता 19851 हैं और बस्तर जिले में पुरुष मतदाताओं की संख्या 31727 और महिला मतदाता 33240 हैं। नारायणपुर जिले में 87707, कोण्डागांव जिले में 38243 और बस्तर जिले में 64967 मतदाता मतदान करेंगे।

चार थर्ड जेंडर मतदाता

थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 4 हैं। इनमें से नारायणपुर में 3 और कोण्डागांव में 1 मतदाता हैं। मतदान दिवस 7 नवंबर को प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मतदाता मतदान करेंगे। मतदान के लिए विधानसभा क्षेत्र में 265 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 10 संगवारी मतदान केन्द्र, 5 आदर्श मतदान केन्द्र, 1 मतदान केन्द्र दिव्यांगों के लिए बनाया गया है। निरीक्षण के दौरान पीएमजीएसवाई के कार्यपालन अभियंता विनय वर्मा एवं निर्वाचन संबंधी अधिकारी मौजूद थे।

विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों ने लिया शतप्रतिशत मतदान का संकल्प

■ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान में भागीदारी का दिया संदेश

बलरामपुर/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी व जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में सतत् रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत् मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप अंतर्गत रैली, रंगोली, विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को वोट के महत्व को समझा कर मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही जिले के वनांचलों, पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले विभिन्न पिछड़ी जनजाति के लोगों के मध्य मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें मतदान के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

इसी कड़ी में कलेक्टर श्री एक्का के निर्देशन तथा स्वीप नोडल अधिकारी व जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती जमील के मार्गदर्शन में विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम सरगंवा में विशेष पिछड़ी जनजातियों को मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेष पिछड़ी जनजातियों के सदस्यों द्वारा पारम्परिक वेशभूषा में लोक नृत्य, नुक्कड़ नाटक, के माध्यम से सुदूर वनांचल में निवासरत 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को भी मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को एक-एक मत के महत्व की जानकारी तथा लोगों को मतदान की उपयोगिता की विस्तृत जानकारी देते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु वोट अवश्य करने की बात कही गई।

कार्यक्रम में गांव के विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों ने भाग लेकर शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रेना जमील के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों एवं ग्रामीणों को आगामी निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने और लोकतंत्र में अपना योगदान देने की शपथ भी दिलाया गया। इस दौरान लोगों ने निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति एवं समुदाय से प्रभावित हुए बिना निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। कार्यक्रम में बडी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

चर्चा का विषय बना रेनबो मतदान केन्द्र

कांकेर/नवप्रदेश। प्रदेश की 20 विधानसभा सीटों में पहले चरण के मतदान 7 नवंबर को हो रहे है। इसमें कांकेर के पखांजूर का रेनबो मतदान केंद्र चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां ट्रांसजेंडर्स वोट डालने पहुंचे। प्रदेश में पहली बार ट्रांसजेंडर्स के लिए मतदान केंद्र बनाया गया है। जब थर्ड जेंडर मतदान करने पहुंचे तो मतदान मित्रों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। इस मतदान केंद्र की सुरक्षा में ट्रांसजेंडर्स सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए हैं। मतदान के प्रति सुबह से ही काफी रूझान दिख रहा है। कलेक्टर डॉ.प्रियंका शुक्ला की अनूठी पहल इस बार के चुनाव में भी दिख रही है। पखांजूर के रेनबो मतदान केंद्र में तैनात 4 सुरक्षाकर्मी भी ट्रांसजेंडर्स के हैं। पखांजूर में बना रेनबो पोलिंग बूथ में कई लोग केवल फोटो खींचने के लिए पहुंच रहे हैं। रेनबो मॉडल मतदान केंद्र कांकेर जिले के पखांजूर-3 क्षेत्र में स्थापित किया गया है। सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण बड़ी संख्या में यहां सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।

लाईन में लगकर कलेक्टर, एसपी ने किया वोट

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला, एसपी दिव्यांग पटेल और जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल ने आदर्श मतदान केंद्र माहुरबंदपारा में वोट देकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों ने सेल्फी कॉर्नर और हम साथ साथ हैं फ़ोटो कॉर्नर में एक साथ तस्वीर भी खिंचाई और सभी वोटर्स को मतदान अवश्य करने का संदेश भी दिया।

ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों का कमीशनिंग कार्य प्रारंभ

■ प्रेक्षक ने कमीशनिंग कार्य का किया अवलोकन

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में निर्वाचन के दौरान उपयोग होने वाले ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों का कमीशनिंग आज झगरहा स्थित आईटी कॉलेज कोरबा में बनाए गए स्ट्रांग रूम में प्रारंभ हो गया है। आज कोरबा व कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के लिए ईव्हीएम मशीनों का कमीशनिंग किया गया। प्रेक्षक श्री के.सी. जमातिया ने आईटी कॉलेज कोरबा में किए जा रहे कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुरूप एवं गोपनीयता बनाए रखते हुए कमीशनिंग का कार्य संपादित करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत आगामी 17 नवम्बर 2023 को होने वाले मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के विधानसभावार कमीशनिंग के साथ ही सीलिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। इस हेतु प्रशिक्षित अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। आज स्ट्रांग रूम में विधानसभा कोरबा व कटघोरा हेतु मशीनों का कमीशनिंग किया जा रहा है। एवं शेष रामपुर व पाली तानाखार विधानसभा का 08 नवम्बर को कमीशनिंग किया जाएगा। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे, संबंधित रिटर्निंग अधिकारी सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

किशोरियों ने निर्भीकता से किया मतदान

कांकेर/नवप्रदेश। ऐसी नई किशोरी मतदाता जिन्होंने हाल ही में 18 वर्ष पूरा किया है, उन्हें प्रोत्साहित करने और बिना किसी भय या झिझक के मतदान कार्य में हिस्सा लें, इस उद्देश्य से बिटिया हेल्प डेस्क तैयार किया गया है। कांकेर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र करप में वोट करने आई कुमारी अर्चना और ऋचा नेताम ने बताया - हम नए वोटर्स के लिए यह सुखद अनुभव रहा। पहली बार वोट करने को लेकर मन में कुछ संशय रहता है, लेकिन हेल्प डेस्क की दीदी ने हमारी सारी झिझक दूर कर हिम्मत दिलाई। अब आगे भी बिना किसी डर या झिझक के वोट करेंगी।

इसी तरह मोहपुर मतदान केंद्र में युवतियां झुंड में वोट करने पहुंची थीं। यहां पहली बार वोट करने आई अशिका नेताम, अनु और सुषमा यादव ने स्याही लगी अंगूठी दिखाकर उत्साहपूर्वक कहा कि बिटिया मतदान केंद्र से काफी सहायता मिली। वोट करने की पूरी प्रक्रिया के बारे में डेस्क कर्मियों ने आसानी से समझा दिया।

पहली बार वोट करने आई कॉलेज की छात्रा वीणा गजेंद्र को चारामा उत्कृष्ट विद्यालय में स्थापित किया गया आदर्श मतदान केन्द्र खूब भाया। उन्होंने बताया कि वह बीकॉम फाइनल इयर की स्टूडेंट हैं और आज वह पहली बार मतदान कर रही है। यह उनके लिए किसी सरप्राइज से कम नहीं है। वीणा ने कहा कि ब्लैक एंड व्हाइट थीम पर तैयार किया बूथ बेहद चित्ताकर्षक है। ऐसा ही पोलिंग बूथ हर जगह हो तो निश्चित तौर पर वोटर्स आकर्षित होंगे। गौरतलब है कि ब्लैक एंड व्हाइट थीम पर आधारित इस केंद्र में सभी साजो सजावट, आसपास की चीजें सभी श्याम और श्वेत रंग में तैयार की गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे , स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नम्बर : 07752-468654, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

प्रेक्षकों की मौजूदगी में की गई ईवीएम कमिशनिंग

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। पॉलीटेक्निक कॉलेज में सोमवार को सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षकों की उपस्थिति में ईवीएम कमीशनिंग का कार्य किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने भी कमिश्निंग कार्य का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने स्वयं मशीनों को सेट करने की प्रक्रिया देखी और सेट बनाकर स्ट्रांग रूम में मतदान केन्द्र क्रमांक अनुसार व्यवस्थित रखने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने मतदान हेतु मशीनों की कमिश्निंग व सीलिंग कार्य को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए पूरी सावधानी के साथ करने और सीलिंग के दौरान भिन्न-भिन्न पंजीयों का संधारण करना, बीयू नंबरिंग, पिंक पेपर जारी करने सहित मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति लेने के संबंध में निर्देशित किया। साथ ही रेण्डमली मशीनों में मॉकपोल करने के भी निर्देश दिये। बता दें कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतदान कार्य हेतु जिले में उपलब्ध ईलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों का रेण्डमाईजेशन में विधानसभावार आबंटित कर अलग-अलग विधानसभा के लिए आबंटित करते हुए पॉलीटेक्निक कॉलेज में निर्मित स्ट्रांग रूम में रखा गया है, जिसकी कमिश्निंग की गई है।

तीनों विधानसभा के लिए 20 मतदान दल गठित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के निर्वाचन में 80 वर्ष की आयु से अधिक व दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही वोट डालने की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिले के ऐसे मतदाता जिन्होंने फॉर्म 12 घ भरकर घर पर मतदान करना चुना हैं, वे 09 एवं 10 नवम्बर को मत डालेंगे। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 172 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता चिन्हांकित हैं, जिनमें 80 वर्ष से अधिक आयु के 141 एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता 31 हैं। गौरतलब है कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा में 80 वर्ष से अधिक आयु और योग्य दिव्यांगजन की कुल संख्या 54 है। इसी तरह, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर में 72 और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर में 46 मतदाताओं को चिन्हांकित किया गया है जिनके द्वारा होम वोटिंग की जाएगी। होम वोटिंग के लिए कुल 20 टीमें बनाई गई है, प्रत्येक टीम में एक-एक पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी तथा माइक्रो ऑब्जर्वर होंगे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा हेतु 6 दल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर हेतु 8 दल तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर हेतु 6 दल बनाए गए हैं। जिनके लिए रिटर्निंग अधिकारी द्वारा रुट चार्ट जारी कर दिया गया है, जिसकी सूचना पूर्व में ही अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधि को उपलब्ध करा दी गई है। मतदान दल पूर्व निर्धारित रुट में मतदाता के घर अथवा निवास में जाकर मतपत्र द्वारा मतदान कराएंगे। संपूर्ण मतदान प्रक्रिया की गोपनीयता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मतदान प्रक्रिया की वीडियो रिकार्डिंग की जाएगी। मतदान दल के लौटने के बाद बैलेट पेपर जिला कोषालय कार्यालय में जमा किया जाएगा।

जाकिर खान 6 माह के लिए जिलाबदर

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने आदेश जारी कर जाकिर खान, पिता जब्बार खान उम्र 22 वर्ष निवासी एण्ड्रूज वार्ड दाउपारा मुंगेली को 06 माह के लिए जिलाबदर किया है। जाकिर खान को मुंगेली एवं उनके सरहदी जिला कबीरधाम, बेमेतरा, बिलासपुर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, बलौदाबाजार एवं डिंडौरी (म. प्र.) जिलों की राजस्व सीमाओं से आदेश जारी होने के 24 घंटे के भीतर बाहर चले जाने तथा 06 माह की अवधि तक प्रवेश नहीं करने के लिए आदेशित किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने पर उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जाकिर खान वर्ष 2017 से आपराधिक गतिविधियों में संलग्न होकर लगातार मारपीट, हत्या एवं हत्या का प्रयास तथा लूट जैसे अपराध घटित किया है। जाकिर खान के आपराधिक गतिविधियों को प्रतिबंधित करने तथा शांति व्यवस्था सदाचार बनाए रखने हेतु समय-समय पर लगातार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है, किंतु उनके कृत्य एवं अपराधिक गतिविधियों में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हुआ है। जाकिर खान वर्तमान में भी अपराधिक गतिविधियों में संलग्न है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार जाकिर खान न्यायालय की पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना उपरोक्त जिलों की सीमाओं में इस आदेश के तामिल होने से 06 माह की अवधि तक किसी भी दशा में प्रवेश नहीं करेगा।

रात 8 बजे से 10 बजे तक ही फुटेंगे पटाखे

मुंगेली/नवप्रदेश। त्यौहारों के दौरान पटाखों को जलाने के समय के संबंध में शासन द्वारा निर्देश जारी किया गया है। आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में दीपावली की रात केवल 08 बजे से 10 बजे तक पटाखे जलाए जा सकेंगे। इसी प्रकार छठ पूजा के दिन सुबह 06 बजे से 08 बजे तक, गुरू पर्व में रात 08 बजे से 10 बजे तक और नए वर्ष, क्रिसमस को रात 11.55 से 12.30 तक पटाखे जलाए जा सकेंगे। गौरतलब है कि पटाखों को ज्यादा मात्रा में जलाने से वायु प्रदूषण की मात्रा में वृद्धि होती है। गौरतलब है कि समय-समय पर उच्चतम न्यायालय एवं ग्रीन ट्रेब्यूनल द्वारा भी प्रदूषण स्तर रोकने के संबंध में निर्देश जारी किए जाते रहे हैं। इस संबंध में उच्चतम न्यायालय ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि केवल हरित पटाखों का प्रयोग करें, कम ध्वनि वाले पटाखों का उपयोग करें तथा ऐसे पटाखों का उपयोग ना करें जिसमें लिथीयम, आर्सेनिक, एंटिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग किया गया हो। होम वोटिंग कराने मतदान दलों का हुआ प्रशिक्षण

172 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता, करेंगे घर से मतदान

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के निर्वाचन में 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता व दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही वोट डालने की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके लिए जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 20 मतदान दलों का गठन किया गया है। इन दलों को मंगलवार को लाइवलीहुड कॉलेज में मास्टर ट्रेनरों के द्वारा मतदान के सम्बंध में जरूरी प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार ने स्वयं प्रशिक्षण का जायजा लिया। उन्होंने मतदान कर्मियों को प्रेरित करते हुए कहा कि मतदान के दौरान आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। निर्वाचन आयोग द्वारा पहली बार 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं व दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिले में 09 एवं 10 नवम्बर के दिन होम वोटिंग कराई जा रही है।

केशरवानी बने जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री

जांजगीर/नवप्रदेश। नपं नवागढ़ के कांग्रेस नेता गोविंद केशरवानी को जिला कांग्रेस कमेटी का महामंत्री बनाया गया है। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु ने जिला कार्यकारणी पदाधिकारी के नाम

जोड़ने जिला अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह को अनुमोदन किया है। जिसमें गोविंद के केशरवानी जिला महामंत्री बनाए गए हैं। इस अवसर पर गोविंद के केशरवानी ने कहा कि संगठन की मजबूती व कांग्रेस पार्टी को जितने पूरी मेहनत ईमानदारी से काम करेंगे प्रदेश में कांग्रेस सरकार लगातार विकास को एक नई उन्नति की ओर ले जा रहे हैं। गोविंद के केशरवानी के महामंत्री बनने पर कांग्रेस कार्यकर्ता संतोष साहू,आनंद कश्यप,सहदेव कहरा, रामनिवास पांडे,अखिलेश मिश्रा,ललित साहू,सोमनाथ जलतारे,भूपेंद्र साहू,अनिल गोड, नूतन देवांगन,ओमप्रकाश कर्ष, हर्ष व्यपात है।

झोलाछाप डॉक्टरों की मौज, मौतों के बाद भी नहीं जागा प्रशासन

स्वास्थ्य विभाग बना मूकदर्शक

जांजगीर/नवप्रदेश। बम्हनीडीह ब्लॉक मे झोलाछाप डॉक्टरों की अवैध क्लिनिक जमकर बेखौफ़ संचालित हो रही है। ऐसे डॉक्टरों के गलत इलाज से मरीजों की मौतें भी हो रही है इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग को कोई सरोकार नहीं है। नीम हकीमों के चलते मरीजों की मौतें भी हो रही है और रातों रात ऐसे डॉक्टरों द्वारा मरीज के परिजनों को मैनेज कर मामले को दबा दिया जा रहा है। ताकि मरीज के परिजनों को किसी तरह दिक्कतें न हो। हाल में ऐसा मामला सामने आया जिसमें झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से एक मरीज की मौत हो गई। मरीज के परिजनों को झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा लेन-देन का मैनेज कर लिया गया। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय रहा।

करनौद क्षेत्र के गांव बोरसी करनौद सहित एक दर्जन गांवों में दो दर्जन से अधिक झोलाछाप डॉक्टर बेहद सक्रिय हैं। ऐसे डॉक्टर गांव गांव में सक्रिय हैं। जो मरीजों को घर पहुंच सेवा भी दे रहे हैं। गरीब वर्ग के मरीज बड़े अस्पतालों में इसलिए पहुंच पाते क्योंकि बड़े अस्पतालों में पहुंचने देर होती है और बड़ी रकम भी खर्च करनी पड़ती है। इसके चलते मरीज गांव के ही नीम हकीमों से इलाज करते हैं। कम खर्च में इलाज के फेर में वे अपनी जान भी गवां बैठते हैं।

एक्सरे, लैब सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध

क्षेत्र में ऐसे दर्जनों नीम हकीम है जिनके पास लैब एक्सरे सहित सभी तरह की सुविधाएं मौजूद रहती है। मरीजों को हर तरह की सुविधाएं देने के लिए नीम हकीम पूरी तरह से तैयार रहते हैं। इसके बाद भी उनके गलत इलाज से लगातार मौतें हो रही है। क्योंकि गलत इलाज से अक्सर देखा जाता है कि मरीजों की मौतें हो रही है।

हो गई थी युवक की मौत

ग्रामीणों के अनुसार दो दिन पहले करनौद के एक युवक की झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से मौत हुई है। युवक को इलाज के लिए कपिस्दा के एक झोलाछाप डॉक्टर के पास लाया गया था। झोलाछाप ने जब मरीज का इलाज किया तो उसकी बीमारी बढ़ गईं। उसे गंभीर हालत मे चांपा के एक निजी अस्पताल लाया गया। फिर निजी अस्पताल में भी उसकी स्थिति नहीं सुधरी तो उसे झोलाछाप के द्वारा बिलासपुर ले जाया जा रहा था लेकिन उसकी रास्ते में मौत हो गई। इसके बाद मरीज के परिजनों ने गलत इलाज का आरोप लगाया तो झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा मरीज के परिजनों को रातों रात बड़ी रकम देकर मैनेज कर लिया गया।

क्षेत्र में यदि इस तरह के झोलाछाप सक्रिय हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच कराई जाएगी।

-डॉ. स्वाती वंदना सिसोदिया, सीएमएचओ

दो तस्करों से 10 किलो गांजा बरामद, भेजा गया जेल

रायगढ़/नवप्रदेश। चक्रधरनगर पुलिस को गांजा रेड कार्रवाई में 2 अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है । तस्करों के कब्जे से 10 किलो गांजा बरामद हुआ है, जिसकी कीमत लगभग 1 लाख रुपए बताई जा रही है । चक्रधरनगर पुलिस द्वारा आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर मादक पदार्थों पर कार्रवाई के लिए मुखबिर सक्रिय कर रखा गया है । थाना प्रभारी चक्रधरनगर को मुखबीर से सूचना मिली कि कनकतोरा (ओडिसा)- एकताल रोड़ की ओर से दो व्यक्ति जिसमें से एक व्यक्ति एक विमल पान मसाला का थैला के अंदर एवं दूसरा व्यक्ति एक काला रंग का बैग में मादक पदार्थ गांजा लेकर सवारी ऑटो से रायगढ़ की ओर निकले हैं । थाना प्रभारी द्वारा एकताल बैरियर पर लगे एसएसटी टीम को अलर्ट कर गांजा रेड के लिए टीम एकताल रवाना किया गया । चक्रधरनगर पुलिस टीम द्वारा एकताल बेरियर के पास ओड़िसा की ओर से आ रही ऑटो क्रमांक सीजी 13 वाई 6493 को रूकवाया गया । सवारी ऑटो में चालक सहित पांच सवारी बैठे थे ।

पूछने पर चालक अपना नाम शहबाज खान निवासी मौदहापारा रायगढ़ और सवारी नवरतन मेहर निवासी बजरंगडीपा रायगढ़, मदन यादव निवासी बजरंग पारा रायगढ तथा मुखबीर के बताये अनुसार हुलिया वाले दो संदेही सवारी मिले जिन्होंने अपना नाम पता (1) देवीलाल मीणा पिता कन्हैया लाल मीणा उम्र 55 वर्ष साकिन आम्बेह लबाचक्र थाना फतेगढ जिला गुना मप्र (2) दौलत बंजारा पिता प्रेमसिंह बंजारा उम्र 32 वर्ष साकिन अम्बे थाना कुम्हराज जिला गुना मप्र का होना बताये । दोनों संदेहियों के संबंध में ऑटो चालक से पूछने पर दोनों को कनकतोरा (ओडिसा) से रायगढ के लिए 200 रूपये में सवारी बैठाना बताया। दोनों के पास रखे थैला और बैग की तलाशी में पुलिस को 10 किलो गांजा, कीमती 1 लाख रूपये का मिला जिसके संबंध में दोनों संदेहियों ने अवैध बिक्री के लिए लेकर जाना बताये । आरोपी - देवीलाल मीणा और दौलत बंजारा पर थाना चक्रधरनगर में धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

प्रधान पाठक की वेतनवृद्धि रोकने का आदेश

रायगढ़। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने शासकीय माध्यमिक शाला बोकरामुड़ा विकासखण्ड, रायगढ़ के प्रधान पाठक बेनी माधव सिदार पर लगाये गये आरोप को प्रमाणित पाये जाने पर दो वार्षिक वेतनवृद्धि संचयी प्रभाव से रोके जाने का दण्डादेश पारित करने हेतु आदेश जारी किया है। साथ ही स्पष्ट किया है कि निलंबन अवधि में वेतन को छोड़कर अन्य समस्त प्रयोजन हेतु कर्तव्य अवधि मान्य किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधान पाठक बेनी माधव सिदार के द्वारा बीते लोकसभा निर्वाचन-2019 के दौरान धरमजयगढ़ में पीठासीन अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया था। लेकिन श्री सिदार द्वारा अपने पदीय दायित्व के दौरान नशे की हालत में अपने ड्यूटी पर उपस्थित पाये गए। जहां उनका डॉक्टरी परीक्षण कराया जाने पर शराब सेवन करना प्रमाणित पाया गया। जिसके उपरांत छ.ग.सिविल सेवा नियम के तहत उन्हें निलंबित किया था। श्री सिदार को 2 दिसम्बर 2022 को निलंबन से बहाल करते हुए प्रधान पाठक शास.माध्यमिक शाला बोकरामुड़ा के पद पर यथावत पदस्थ किया गया है।

किसान को कलेक्टर ने शाल-श्रीफल से किया सम्मानित

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कोड़ातराई धान उपार्जन केंद्र में विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए धान तौलाई कर धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसएसपी सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट उपस्थित रहें। कोड़ातराई निवासी किसान चम्पत राम पटेल धान विक्रय के लिए उपार्जन केन्द्र पहुंचे थे। उन्होंने बताया की 80 क्विंटल धान का टोकन कटवाया हैं, कलेक्टर श्री गोयल ने सर्वप्रथम धान विक्रय के लिए पहुंचे चंपत राम पटेल को शाल व श्रीफल प्रदान कर सम्मानित करते हुए, खेती-किसानी के संबंध में चर्चा भी की। कलेक्टर श्री गोयल ने उपार्जन केन्द्र में सभी किसानों के लिए बैठक, पेयजल के सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए, धान संग्रहण हेतु बारदानों की स्थिति की जानकारी ली। खाद्य अधिकारी ने बताया की वर्तमान में पीडीएस एवं नये मिलाकर पर्याप्त बरदाने उपलब्ध हैं। कलेक्टर श्री गोयल ने समिति में पंजीकृत किसानों की जानकारी लेते हुए नए किसानों की भी जानकारी ली। खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए जिले के पंजीकृत किसानों से धान खरीदी शुरू हो गयी है। धान विक्रय के लिए जिले में 83 हजार 61 किसानों का सोसायटी मॉड्यूल में पंजीयन हुआ है, जिसमें 9 हजार 109 नये किसान है। जिले में धान खरीदी के लिए 105 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी शश चितरंजन सिंह, अपेक्स बैंक नोडल अधिकारी पंकज सोढ़ी, आजाद, खाद्य निरीक्षक अंजनी कुमार राव, समिति प्रबंधक मनोज गुप्ता उपस्थित रहे।

मतदाताओं को जागरूक करने का अनोखा तरीका

तीरंदाजी स्पर्धा और मशाल रैली में युवाओं व नागरिकों ने दिखाया उत्साह

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मतदाताओं को जागरुक करने जिले में अनोखा तरीका अपनाया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाताओं को जागरूक करने तीरंदाजी प्रतियोगिता तथा मशाल रैली का आयोजन किया गया। पीजी कॉलेज हॉकी स्टेडियम में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जहां कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर मतदान के प्रति प्रेरित किया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और हुनर का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही घड़ी चौक से मतदाता जागरूकता मशाल रैली का आयोजन किया गया। घड़ी चौक से शुरू होकर यह मशाल रैली गांधी चौक में समाप्त हुई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा के नेतृत्व में मशाल रैली में बड़ी संख्या में युवा, बिहान की दीदियां और आम नागरिक शामिल रहे। इस दौरान मतदान जरूर करें के नारों से शहर गूंज उठा।

क्षेत्र में बाइक चोरी होने की घटनाएं बढ़ी

मुंगेली/नवप्रदेश। क्षेत्र में मोटर सायकल चोरी होने की घटनायें बढ़ी है। हीरालाल वार्ड दाऊपारा निवासी शुभान अली फॉल सिलिंग का काम करता है। 4 नवंबर को जेल रोड शारदा विहार में फॉल सिलिंग का काम चल रहा था। मोटर सायकल क्रमांक सीजी 28 एम 3781 स्प्लेंडर प्लस का मालिक महेसर अली काम में आने-जाने के लिए उसे दिया गया था, दोपहर करीब 2 बजे मोटर सायकल को काम चल रहे मकान के बाहर में रखकर फॉल सिलिंग का काम करने लगा। करीब 6 बजे वापस घर जाने के लिए बाहर आया और देखा तो मोटर सायकल नही था। स्पेडर प्लस को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया। दूसरी घटना में 21 अक्टूबर को सुबह 11 बजे अग्रवाल अस्पताल के पास ग्राम अतरगवां थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा निवासी जैकीचंद बंजारे गली में अपना मोटर सायकल एचएफ डिलक्स बैगनी कलर को खडा किया था।

स्वीप कार्यक्रमों में युवा ले रहे हिस्सा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मतदान के प्रति जागरूकता और शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य के साथ स्वीप कार्यक्रमों में जिले के युवा बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। जिला प्रशासन सरगुजा तथा विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने कार्यक्रम में शामिल होकर युवा मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री नूतन कुमार कंवर, महाविद्यालय के प्राचार्य श्री आर एन खरे, सम्बन्धित अधिकारी, महाविद्यालय के प्रोफेसर, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदान अपील करते हुए तैयार की वीडियो

अतिथियों के समक्ष दिखाई गई। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए मतदान से सम्बन्धित रंगोली एवं पोस्टर का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वरचित कविता, गीत, नुक्कड़ नाटक, नृत्य के द्वारा युवा मतदाताओं ने वोट के महत्व से सभी को अवगत कराया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन ने युवाओं को मतदान हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाएं, आपका एक वोट अत्यंत महत्वपूर्ण है, उन्होंने कहा कि 17 नवम्बर को अपने घर-परिवार में सभी को मतदान हेतु भेजें। कलेक्टर ने युवाओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि अपने लक्ष्य को प्राप्त करने निरंतर प्रयासरत रहें। एसपी श्री शर्मा ने भी युवा शक्ति को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मतदान दिवस पर आप सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस दौरान कलेक्टर ने सभी को निर्वाचन में लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए लोकतांत्रिक मर्यादा बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा बनाए रखते हुए किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई।

आयोजन | 'मेरा मत मेरा अधिकार' एवं 'रखबो मुंगेली के मान, सब्बो झन करबो मतदान' का नारा गूंजा

अमोरा में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय नवीन महाविद्यालय अमोरा में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता का आयोजन किया गया। इस दौरान कालेज परिसर में रंगोली बनाकर छात्र-छात्राओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया तथा शपथ दिलाई गई और 'मेरा मत मेरा अधिकार' एवं 'रखबो मुंगेली के मान, सब्बो झन करबो मतदान' का नारा लगाते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर सभी मतदाताओं को मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी के प्रेरित किया गया। इस दौरान कालेज के प्राचार्य डॉ एस. के. यादव, स्वीप प्रभारी सहायक प्राध्यापक सूर्यकांत चेलकर सहित अन्य प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

नगर में मतदाता जागरण रैली निकाली

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंडाराकापा मुंगेली के भैया बहिनों एवं आचार्य परिवार द्वारा को नगर में मतदाता जागरण रैली निकाली गई। रैली का नगर के विभिन्न मार्गो में स्वागत हुआ। रैली में सम्मिलित आचार्य एवं भैया/बहिन मार्ग में नागरिकों से अपने मत का प्रयोग कर शत् प्रतिशत् मतदान के लिए प्रेरित किया। लोकतंत्र के इस त्यौहार को उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करते हेतु मनाने के लिए जागरूक किया गया। मतदाता इस रैली से बहुत उत्साहित दिखें और उनके द्वारा अपने मतों के उपयोग करने का आश्वासन मिला। इस

रैली में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के भैया/बहिनों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मतदान के लिए बनाये गये नारों के साथ इस रैली का समापन विद्यालय परिसर में हुआ।विद्यालय के प्राचार्य चन्द्रभान तिवारी प्रधानाचार्य नरेन्द्र श्रीवास्तव एवं समस्त आचार्य परिवार ने इस रैली में भाग लिया। उक्त जानकारी एन.एस.एस. प्रमुख सतीश बघेल एवं सहायक कु. खुशबू उपाध्याय, कु. तेजेश्वरी सिंह क्षत्रिय के द्वारा दिया गया।

जिसे कोई नहीं जानता था वह अचानक महादेव एप का मालिक बन गया : भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने सीएम भूपेश बघेल से इस्तीफा मांगा था, जिसमें भूपेश बघेल ने कहा कि जिसके पैसे पकड़े हैं, उसकी रमन सिंह के साथ फ ोटो है, जो गाड़ी है वह भाजपा नेता की है। परसों तक कोई नहीं जानता था शुभम को, वह अचानक महादेव का मालिक बन गया। उसके पहले ईडी उसे अधिकारी बता रहे थे। सीएम बघेल ने कहा कि शुभम ऐसा मालिक है, जो अपने नौकर की शादी में 250 करोड रुपए खर्च कर देता है। रमन सिंह के कार्यकाल में दो अधिकारी थे, वह ऐसे ही स्टोरी बनाते थे। यह पूरा प्लांटेड है। बीजेपी हार मान चुकी है। आखिरी दांव है। कहीं यह रमन सिंह का ही पैसा तो नहीं है। बघेल ने कहा जिसके पास इतना पैसा होता है, वह कोटे का चावल नहीं खाता। ऐसा तो नहीं की रमन सिंह का पैसा है, जांच करना चाहिए ईडी ने अभी तक जांच क्यों नहीं कि वह पैसा किसका है।

उनके शासन में नक्सलियों का था राज

छत्तीसगढ़ की 20 सीटों पर पहले चरण का मतदान हो रहा है। कई जगहों से नक्सली घटनाओं की जानकरी को लेकर कहा कि नक्सली सिमट गए हैं। इनके राज में नक्सलियों का राज था। अब बस्तर भी शांति की ओर लौट रहा है। नक्सली हमले को लेकर कहां पहले ज्यादा हमले होते थे, अभी कम हुए हैं या भी नहीं होना चाहिए। घटना से मतदान में फर्क नहीं पड़ेगा।

एकात सीट आ सकती है बीजेपी की

सीएम बघेल ने कहा कि हमने ऋण माफी किया है, फिर से घोषणा किया है। 3200 रुपये में धान और 200 यूनिट बिजली फ्री की घोषणा से लोग प्रभावित हैं। इसीलिए मतदान का प्रतिशत भी बढ़ेगा। फर्स्ट टाइम वोटर भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। कांग्रेस को 18 से 19 सीटें मिल रही हैं। धोखे से बीजेपी की एकात सीट आ सकती है। सीएम ने कहा कि बीजेपी को 15 साल मौका मिला था । भाजपा ने आदिवासियों की जमीन छीनकर उद्योगपतियों को दे दिया है। आदिवासियों को नक्सलाइट बताकर जेल के अंदर ठूस दिए। एनकाउंटर कर मार दिए। यह बात आदिवासी भूले नहीं हैं। हमारे कार्यकाल में आदिवासी निश्चिंत होकर जी रहे हैं।

अंदरूनी इलाकों में बने मतदान केंद्र

अंदरूनी इलाकों में पहली बार मतदान केंद्र बनने को लेकर कहा कि निर्वाचन आयोग ने अंदरूनी क्षेत्रों में मतदान केंद्र बनाया है। सबसे बड़ा प्रमाण है कि हमने बस्तर में शांति बहाली की। उद्धव ठाकरे के बीजेपी पर तंज को लेकर कहा जो भजापा में शामिल होते हैं, मोदी वाशिंग पाउडर से धुलने के बाद सब दाग साफ हो जाते हैं। शांतिपूर्वक मतदान हो रहे हैं।

जहां कांग्रेस होगी, वहां विकास के बदले विनाश होगा : नड्डा

रायगढ़/नवप्रदेश। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सोमवार को रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ में पहुंचे। उन्होंने छाल में आम सभा को संबोधित किया और बीजेपी प्रत्याशी हरिश्चंद्र राठिया के पक्ष में लोगों से वोट की अपील की। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार और सीएम भूपेश बघेल पर जमकर निशाना साधा। जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचारियों की सरकार है और हमारा लक्ष्य भ्रष्टाचारी सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकना और साफ सुथरी सरकार बनाना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक सिक्के के दो पहलू हैं। जहां कांग्रेस होगी, वहां विकास के बदले विनाश होगा।

बघेल सरकार लूट, छलावे और धोखे की सरकार है, इसलिए इसका जाना तय करना होगा। बीजेपी अध्यक्ष ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र में जब इनकी सरकार थी, तब इन्होंने पनडुब्बी घोटाला, हेलीकॉप्टर घोटाला, कोयला घोटाला किया था। इन्होंने न नभ छोड़ा, न जल, न जमीन.. तीनों लोक में जमकर भ्रष्टाचार किया। छत्तीसगढ़ में सत्ता में आने के पहले इन्होंने शराबबंदी की बात की, लेकिन शराबबंदी तो छोड़ो अपने कार्यकाल में 2,160 करोड़ रुपए का शराब घोटाला कर दिया।

अदाणी और अंबानी चला रहे भारत सरकार : प्रियंका

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी में जिले के कुरूद विधानसभा के अटल बिहारी स्टेडियम में मंगलवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी पहुंची थी जहां उन्होंने आमसभा को संबोधित कर जिले की तीनों विधानसभा कुरूद, सिहावा और धमतरी के प्रत्याशियों के पक्ष में वोट करने की अपील की। वहीं इस आमसभा में कांग्रेस की छत्तीसगढ़ प्रभारी भी उपस्थित रहीं। प्रियंका गांधी ने सर्वप्रथम कांग्रेस के घोषणा पत्र के बारे में बताया आगे उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। प्रियंका गांधी ने कहा कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है प्रदेश में किसानों से जितने मूल्यों में धान खरीदी की जा रही है उतना अन्य किसी प्रदेश में नहीं मिल रहा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि मोदी जी कहते हैं कि धान खरीदी का पैसा वो दे रहे है ये गलत है। उत्तरप्रदेश में जहां भाजपा की सरकार है वहां आज भी 1200-1400 रुपये में धान खरीदा जा रहा है, ये जो धान की खरीदी के पैसे मिल रहे हैं वो केंद्र सरकार नहीं प्रदेश सरकार दे रही है। प्रियंका गांधी ने कहा कि कांग्रेस किसी धर्म जाती के आधार पर चुनाव नहीं लड़ती है, कांग्रेस की विचारधारा सबको साथ लेकर चलने की है, धर्म को लेकर दंगा फसाद होने से किसी भी नेता को नुकसान नहीं होता है नुकसान होता है तो बस आम लोगों को, किसानों को, नेता को कुछ नहीं होता। प्रियंका गांधी ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज विकास, उन्नति, सबसे ज्यादा दर में धान खरीदी के नाम से जाना जाता। छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर सबसे काम है। उन्होंने आगे कहा कि केन्द्र सरकार को अदाणी और अंबानी चला रहे हैं। प्रियंका ने कहा कि अदाणी और अंबानी कुछ बनाते नहीं ये दोनों सिर्फदेश की संपत्ति को लूटने का काम कर रहे हैं। देश का विकास छोड़कर पीएम मोदी लाखों करोडों रूपये सिर्फ फालतू कामों पर खर्च कर रहे है। वहीं प्रियंका ने दावा किया की छत्तीसगढ में खेती करने वालों की संख्या बढ़ रही है,जबकि देश के दूसरे राज्यों में किसान खेती नहीं करना चाहते हैं।

केंद्रीय मंत्री फैलाने आए झूठ का कारोबार : संगीता सिन्हा

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र में हुए केंद्रीय राज्य मंत्री रामेश्वर तेली के सभा के बाद कांग्रेस प्रत्याशी व विधायक संगीता सिन्हा ने केंद्रीय मंत्री के सभाओं को लेकर पलटवार किया है। संगीता सिन्हा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री आते हैं और झूठ बोलकर चले जाते हैं।

हमारी जनता की मजबूती और बघेल सरकार के काम के कारण ही केंद्रीय मंत्री सेंधमारी करने में जुटे हुए हैं। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि प्रदेश में हमारे मुख्यमंत्री समर्थन मूल्य बढ़ा कर दे रहे हैं और मोदी जी उन्हें अपना बताते हैं। कुछ इसी तरह का कार्य केंद्रीय मंत्री यहां पर कर रहे हैं और झूठ फैलाने का कारोबार चला रहे हैं। लेकिन हमारे विधानसभा क्षेत्र की जनता समझदार है। विधायक संगीता ने प्रचार के दौरान कहा कि धान की सर्वश्रेष्ठ समर्थन मूल्य देने वाली सरकार भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार है। अब यहां पर मोदी जी कहते हैं कि एसपी हमने दी, तो मैं पूछना चाहती हूं कि उनके संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में लोगों का हाल क्या है। किसान क्या उनके समृद्ध हैं। वहां तो 1300 - 1400 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से किसान धान बेचने को मजबूर हैं।

विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि घोषणा पत्र बनाना आसान है पर विश्वास जीतना कठिन। 15 साल के वादों से यहां पर जनता को कुछ नहीं मिला और 5 साल के भूपेश बघेल सरकार के वादों से जनता बेहद खुश है।

आज राहुल गांधी अंबिकापुर और जशपुर में करेंगे चुनावी सभा

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी 8 नवंबर को विशेष विमान द्वारा दोपहर 12 बजे अंबिकापुर हवाई अड्डे पहुंचेंगे। दोपहर 12.15 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा जशपुर रवाना होंगे। दोपहर 12.45 बजे सन्ना खेल मैदान, जशपुर में पहुंचेंगे। जशपुर में दोपहर 1 बजे आमसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 2.10 बजे जशपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा कतकालो अंबिकापुर के लिये रवाना होंगे। दोपहर 2.40 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा कतकालो, ब्लॉक - अंबिकापुर, जिला सरगुजा हवाई अड्डे पहुंचेंगे। कतकालो में दोपहर 3 बजे आमसभा को संबोधित करेंगे। शाम 4.40 बजे अंबिकापुर एयरपोर्ट से विशेष विमान द्वारा दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

परिणाम चौंकाने वाले आएंगे, कांग्रेस और बीजेपी ड्रामेबाज : अमित जोगी

रायपुर/नवप्रदेश। अमित जोगी ने पहले चरण के लिए हो रहे मतदान के लिए मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

साथ ही कहा कि पहले चरण में जिन सीटों पर मतदान हो रहा है उनके परिणाम चौंकाने वाले होंगे। अमित जोगी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता जो प्यार मेरे पिता अजीत जोगी को देती थी, वही प्यार मुझे पिछले 2 महीने से मिल रहा है।

पिता के समाधि स्थल में प्रथम चरण के लिए बस्तर और राजनांदगांव जिले से हमारे सभी प्रत्याशीयों के लिए आशीर्वाद मांगा है। इस बीच जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रमुख अमित जोगी ने अपने पिता अजीत जोगी की समाधि स्थल पहुंचे और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान के परिणाम चौंकाने वाले होंगे। साथ ही ईडी की कार्रवाई पर कहा कि भाजपा और कांग्रेस सिर्फ आरोप प्रत्यारोप की राजनीति करते है। इससे ज्यादा कुछ नहीं है। अमित जोगी ने कहा मैं कोई जीत के दावे नहीं कर रहे लेकिन परिणाम हमारे पक्ष में होगा. जनता के सामने मैं नतमस्तक हूं, वही परिणाम तय करेगी. ईडी की कार्रवाई को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस सिर्फ आरोप प्रत्यारोप की राजनीति करती है। ड्रामा करते है. इससे ज्यादा कुछ नहीं है. अमित जोगी ने दोनों पार्टी के ऊपर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा कांग्रेस का रिश्ता पति पत्नी का है. दिन में तकरार रात में प्यार और इनकी संतान भ्रष्टाचार हैं।

कल बिलासपुर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी मायावती

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक लगातार छत्तीसगढ़ का दौरा कर रहे हैं। अब दूसरे चरण के मतदान से पहले चुनावी सभा लेने के लिए बहुजन समाज पार्टी की नेशनल प्रेसिडेंट मायावती कल 9 नवंबर को छत्तीसगढ़ आ रही हैं। मायावती सक्ति के हसौद और बिलासपुर में चुनावी सभा लेंगी। 2023 विधानसभा चुनाव में इस बार बहुजन समाज पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का चुनावी गठबंधन है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी 30 सीट पर और बहुजन समाज पार्टी ने 57 सीटों पर अपने प्रत्याशियों को उतारा है।

कांग्रेस लोगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध : ताम्रध्वज

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू चुनावी जनसंपर्क कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम विनायकपुर, अंडा, जंजगिरी, मतवारी रिसामा, मातरोडिह, कातरो, चिरपोटी, मंचादुर, खोपली, काशीडीह और घुघसीडीह में जनसंपर्क के दौरान अपने उद्बोधन में ताम्रध्वज साहू ने कहा की कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता से जो वादे किए थे, वह सभी पूरे किए गए हैं। कांग्रेस सरकार ने हर वर्ग को अपने विकास का हिस्सा बनाया है आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने हर वर्ग को कुछ ना कुछ दिया है।

कांग्रेस सरकार लोगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। एक नवंबर से शुरू हो गई है धान की खरीद पहले से ज्यादा होगी। कांग्रेस सरकार अब प्रति एकड़ पर 15 क्विंटल की बजाय 20 क्विंटल खरीद रही है। हमारी सरकार बनते किसानों का कर्ज़ माप किया जायेगा, 200 यूनिट बिजली माप, केजी से पीजी तक पढ़ाई निशुल्क, गैस सिलेंडर में 500 रूपये की सब्सिडी, छत्तीसगढ़ के किसानों को देश में धान की सबसे ज्यादा कीमत मिल रही है। कांग्रेस सरकार ने आंगनवाड़ी बहनों का भत्ता बढ़ाकर 10 हजार किया गया है। आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी गांव गरीब के विकास के लिए सदैव तत्पर रहती है। कांग्रेस शासन में गांवों के विकास के लिए कई योजनाएं चलाई गई उसका लाभ सभी वर्गो को लाभ मिल रहा है।

प्रथम चरण में भाजपा का खाता भी नहीं खुलेगा : दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने कहा कि प्रथम चरण के मतदान से स्पष्ट हो गया है कि राज्य में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने वाली है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि प्रथम चरण में भाजपा का खाता भी नहीं खुलेगा। बस्तर की 12 सीटें एक बार फिर से कांग्रेस जीत रही है। इस बार रमन सिंह भी राजनांदगांव से चुनाव हार रहे है। छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस सरकार की पिछले पांच साल के कामों के आधार पर मतदान किया है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र के अधिकांश वायदो को निभाया है, जनता का भरोसा 5 सालों में कांग्रेस के प्रति और बढ़ा है।



यही कारण है कि जनता ने एक बार फिर कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है। कांग्रेस ने उत्साहपूर्वक मतदान करने के लिये मतदाताओं का आभार जताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार अपनी सरकार की योजनाओं और कांग्रेस सरकार के पिछले कामों को आधार बना कर किया है। भाजपा ने नकारात्मकता के आधार पर चुनाव प्रचार किया। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भी मतदाताओं ने भरोसा जताया। इसके विपरीत लोग भाजपा के घोषणा पत्र पर भरोसा करने को तैयार नहीं है इसीलिये प्रथम चरण में जनता ने भाजपा को नकारा है। दूसरे चरण के मतदाता भी कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने वाले है। अबकी बार फिर से दो तिहाई बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनेगी।

कांग्रेस ने चुनाव आयोग से की बीजेपी की शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने मतदाताओं को सीधे प्रलोभन देने के लिये चलाये जा रहे भारतीय जनता पार्टी के अभियान के लिये चुनाव आयोग से शिकायत किया है। शिकायत में कहा गया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से शिकायतें मिली हैं कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से 'महतारी वंदन योजना' का पंजीयन फॉर्म भरवाया जा रहा है. इस फॉर्म में महिला मतदाता का नाम, पता सहित सभी व्यक्तिगत जानकारियां भरवाई जा रही हैं। इस पंजीयन फॉर्म में प्रधानमंत्री की तस्वीर सहित यह कहा जा रहा है कि इस फ ॉर्म को भरने से परिवार की महिलाओं को 1,000 रुपए प्रति माह और सालाना 12,000 रुपए देने का प्रलोभन दिया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी का यह अभियान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत भ्रष्ट आचरण और निर्वाचन अपराध के प्रावधानों की धारा 123 की उपधारा (अ) रिश्वत में जो दिशा निर्देश हैं उसके तहत मतदाता को रिश्वत देने की श्रेणी में आता है। इस अभियान के ज़रिए भारतीय जनता पार्टी स्पष्ट रूप से मतदान करने पर हर परिवार की महिलाओं को प्रति माह 1000 रुपए देने का प्रलोभन दे रही है। चूंकि इसकी शिकायतें प्रदेश की अलग-अलग विधानसभाओं से आई हैं इससे स्पष्ट है कि यह अभियान दूसरे चरण की सभी 70 विधानसभाओं में चल रहा है। इस अभियान के फ ॉर्म को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की ओर से सोशल मीडिया पर भी प्रचारित किया जा रहा है।आपसे अनुरोध है कि इसे भारतीय जनता पार्टी को आयोग की ओर से तत्काल निर्देश दिए जाएं कि वे इस अभियान को रोकें। आपके आदेश के बाद यदि यह अभियान जारी रहता है तो इंडियन नेशनल कांग्रेस की ओर से हम पुलिस में प्राथमिकी दर्ज करवाने को बाध्य होंगा।

पाक को झटका, आईसीसी ने ठोका जुर्माना

बेंगलुरु। पाकिस्तान पर एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लीग मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के रिची रिचर्डसन ने समय भत्ते पर विचार करने के बाद बाबर आजम की टीम को लक्ष्य से दो ओवर कम होने के कारण यह सजा दी।

खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, यदि खिलाड़ियों की टीम आवंटित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहती है, तो प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। बाबर ने अपराध स्वीकार किया और प्रस्तावित सज़ा स्वीकार कर ली, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। मैदानी अंपायर पॉल विल्सन और रिचर्ड केटलबोरो, तीसरे अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ और चौथे अंपायर जोएल विल्सन ने आरोप लगाया। मैच की बात करें तो, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज फखर जमान के धमाकेदार शतक ने सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान पुरुष वनडे विश्व कप के नॉकआउट चरण में जगह बनाने की दौड़ में बना रहे। ज़मान ने केवल 81 गेंदों में नाबाद 126 रन बनाए और सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान न्यूजीलैंड पर 21 रन से जीत के लिए डीएलएस लक्ष्य से आगे रहे, जो प्रतियोगिता में उनकी चौथी जीत भी है।

14 वर्ष की इशिती कौर ने इंग्लैंड में बढ़ाया देश का मान

नई दिल्ली। दिल्ली की 14 वर्षीय लड़की ने हाल ही में यूके के मैनचेस्टर में आयोजित डब्ल्यूपीसी विश्व चैंपियनशिप में पावरलिफ्टिंग का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। दिल्ली के जीडी गोयनका स्कूल की 10वीं कक्षा की छात्रा इशित कौर ने टीनएज कैटेगरी में 44 किलोग्राम भार वर्ग में 95 किलोग्राम डेडलिफ्ट खींचकर रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग कांग्रेस (डब्ल्यूपीसी) विश्व चैंपियनशिप 31 अक्टूबर से 5 नवंबर तक मैनचेस्टर में आयोजित की गई थी।

एंजेलो मैथ्यूज 'टाइम आउट' पर आउट होने वाले पहले क्रिकेटर बने, पहली बार हुआ ऐसा

नई दिल्ली। श्रीलंका के ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज अरुण जेटली स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप 2023 मैच के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 'टाइम आउट' पर आउट होने वाले पहले क्रिकेटर बन गए। यह क्रिकेट के 146 साल के इतिहास में पहली बार हुआ है कि किसी बल्लेबाज को इस तरह आउट होकर पवेलियन लौटना पड़ा। एंजेलो मैथ्यूज टाइम आउट हो गए हैं। वे क्रीज पर बॉल खेलने के लिए तैयार थे, लेकिन पहनते समय उनके हेलमेट का स्ट्रेप टूट गया। ऐसे में उन्होंने दूसरा हेलमेट मंगाया और बॉल खेलने में देरी हो गई। इस बीच शाकिब ने 'टाइम-आउट' की अपील की। मैथ्यूज और बांग्लादेश टीम के साथ बातचीत के बाद ऑन-फील्ड अंपायरों ने श्रीलंकाई बल्लेबाज को 'टाइम आउट' घोषित कर दिया। एमसीसी के नियमों के अनुसार बल्लेबाज को आखिरी विकेट गिरने के 3 मिनट के अंदर बॉल खेलने को तैयार होना पड़ता है। ऐसा नहीं होने पर फील्ड अंपायर अपील पर आउट दे सकता है।

सचिन ने किया हैदराबाद हाफ मैराथन 2023 का उद्घाटन

हैदराबाद। अपने समय के दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने रविवार को एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस हैदराबाद हाफ मैराथन 2023 का उद्घाटन किया। आज सुबह गाचीबोवली स्टेडियम में आठ हजार उत्साही धावकों के बीच सचिन तेंदुलकर ने एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस हैदराबाद हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाई। सचिन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस हैदराबाद हाफ मैराथन 2023 के लिए लगभग 8,000 उत्साही धावकों को भाग लेते देखना शानदार था। मैं व्यक्तिगत रूप से दृष्टिबाधित धावकों के साहस से प्रभावित हुआ। वे हम सभी के लिए प्रेरणा हैं। हमारे ग्रह के स्वास्थ्य की देखभाल करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि हमारे स्वयं के स्वास्थ्य की देखभाल करना। इस दिशा में एक पहल यह है कि सभी मैराथन प्रतिभागियों की ओर से हमारे द्वारा 10 हजार पेड़ लगाए जा रहे हैं।

बिजनेस

एसबीआई में वेतन, पेंशन में बढ़ोतरी के लिए 8,900 करोड़ अलग रखे

मुंबई। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश खारा ने कहा कि देश के सबसे बड़े बैंक के कर्मचारियों के वेतन और पेंशन में संभावित बढ़ोतरी ने दूसरी तिमाही के शुद्ध लाभ को प्रभावित किया है। बैंक दूसरी तिमाही में वेतन में 14 फीसदी बढ़ोतरी मानकर प्रावधान कर रहा है। खारा ने मुंबई में एसबीआई की दूसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बैंक नवंबर 2022 से प्रभावी संभावित वेतन संशोधन के लिए पैसा अलग रख रहा है और उसने अब तक इसके लिए 8,900 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। खारा ने कहा, हमें जो एकमुश्त प्रावधान करना था, उसके कारण मुनाफा थोड़ा कम हो गया है। अन्यथा हमें उम्मीद है कि अगले वित्त वर्ष में विकास की गति 16 प्रतिशत से 17 प्रतिशत तक जारी रहेगी। घरेलू मांग मजबूत है, त्योहार से जुड़े खर्च के कारण इसे और बढ़ावा मिलेगा। एसबीआई ने चालू वित्तवर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए शनिवार को शुद्ध लाभ में 8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 14,330 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की। खुदरा ऋण में 16 प्रतिशत की वृद्धि कॉर्पोरेट ऋण वृद्धि से अधिक रही जो 7 प्रतिशत थी। हालांकि, खारा ने कहा कि कंपनियां धीरे-धीरे ऋण ले रही हैं और बैंक 4.77 लाख करोड़ रुपये के ऋण की पाइपलाइन पर मंजूरी और वितरण का इंतजार कर रहा है।खारा ने कहा, बैंक के पास 3.20 लाख करोड़ रुपये का असुरक्षित ऋण है। हमारे लगभग 86 प्रतिशत असुरक्षित ऋण वेतनभोगी ग्राहकों को दिए गए हैं जो सुरक्षित सरकारी नौकरियों में काम कर रहे हैं और चिंता का कोई कारण नहीं है।आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने हाल की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में बैंकों और एनबीएफसी की असुरक्षित ऋण में वृद्धि पर चिंता जताई थी।

केएसबी लिमिटेड ने तीसरी तिमाही में 31 प्रतिशत वृद्धि की दर्ज

रायपुर। भारत में लीडिंग पंप और वाल्व निर्माता में से एक, केएसबी लिमिटेड ने पिछले वर्ष की तुलना में तीसरे तिमाही में 31 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इस तिमाही में 5,637 मिलियन रुपए की सेल्स वैल्यू हासिल किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 31 प्रतिशत अधिक है 2023 की 3 तिमाही में सेल्स वैल्यू 16,446 मिलियन रुपए है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 27 प्रतिशत अधिक है। वाल्व विभाग ने वाईटीडी 2023 में अब तक का सबसे अधिक ऑर्डर इनटेक 3173 मिलियन रुपए दर्ज किया। केएसबी लिमिटेड के सेल्स और मार्केटिंग के वाइस प्रेसिडेंट, श्री फ़ारूख भथेना ने कहा, '2023 के तीसरी तिमाही में, केएसबी ने साल दर साल 31 प्रतिशत की शानदार सेल्स ग्रोथ हासिल की और पिछले वर्ष की तुलना में पिछली तीन तिमाही में बिक्री में 27 प्रतिशत की क्यूमिलेटिव ग्रोथ देखी गई।

पुलिस और न्यायपालिका में जातिगत विविधता के मामले में लगातार आगे बढ़ रहा छत्तीसगढ़

रायपुर/नवप्रदेश। देश में न्याय प्रदान करने के मामले में राज्यों की रैंकिंग निर्धारित करने वाली एकमात्र रिपोर्ट, यानी इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2022 को इस साल की शुरुआत में जारी किया गया था। इस रिपोर्ट में न्याय प्रदान करने के मामले में शीर्ष 10 राज्यों में छत्तीसगढ़को 9वां स्थानदियागयाहै। वर्ष 2008 से 2021 के बीच कुछ गिने-चुने सुधारों के बावजूद, पुलिस एवं न्यायपालिका में रिक्त पदों और लैंगिक विविधता से जुड़ी चुनौतियाँ प्रभावी न्याय वितरण के लिए गंभीर चिंता का विषय बनी हुई हैं। छत्तीसगढ़ पुलिस: 'सामान्य' श्रेणी पर असर, लेकिन ओबीसी/एसटी का कोटा पूरा होने से विविधता का स्तरबेहतरहुआहै साल 2008 से 2021 के बीच, 'सामान्य' श्रेणी के लिए रिक्त पदों की संख्या दोगुनी हो गई है और पुलिसबल में उनका प्रतिनिधित्व वर्ष 2008 में 52% से घटकर वर्ष 2021 में 21% हो गया है। इसके विपरीत, ओबीसी/ एससी/ एसटी श्रेणी के लिए रिक्त पदों की संख्या आधी से भी ज्यादा हो गई है। साल 2008 में, कुल रिक्तियों में से आधे से ज्यादा रिक्तपद (55%) ओ.बी. सीतथाएससीश्रेणियों के लिए थे, जबकि शेष 45% रिक्त पद 'सामान्य' श्रेणी के लिए थे। हालाँकि, वर्ष 2021 तक, ओ.बी.सी तथा एस.टी श्रेणियों का कोटा पूरा हो चुका है और एससी श्रेणियों के लगभग सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति की जा चुकी है, और इसी वजह से अब ज्यादातर रिक्त पद 'सामान्य' श्रेणी के हैं।

बिजली की मांग 9.4 प्रतिशत बढ़कर हुई 984.39 बिलियन यूनिट

नई दिल्ली। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त के अप्रैल से अक्टूबर तक में भारत की बिजली खपत एक साल पहले की तुलना में 9.4 प्रतिशत बढ़कर लगभग 984.39 बिलियन यूनिट हो गई है। बिजली की खपत बढ़ने का मुख्य कारण आर्थिक गतिविधियों में सुधार का होना है। एक साल पहले की समान अवधि में बिजली खपत 899.95 बिलियन यूनिट थी।एक अन्य संकेतक, पीक पावर डिमांड, की बात करें तो अप्रैल-अक्टूबर अवधि के दौरान पीक पावर डिमांड लगभग 241 गीगावॉट से अधिक थी, जो 2022 की समान अवधि में 215.88 गीगावॉट थी।पिछले महीने अक्टूबर में देश की बिजली खपत त्योहारों और बढ़ी हुई आर्थिक गतिविधियों के कारण बिजली की मांग में वृद्धि के कारण लगभग 22 प्रतिशत बढ़कर 138.94 बिलियन यूनिट (बीयू) हो गई थी।सरकारी आंकड़ों के अनुसार, एक साल पहले इसी महीने में बिजली की खपत 113.94 बीयू थी, जो अक्टूबर 2021 में दर्ज 112.79 बिलियन यूनिट से अधिक है।उर्जा मंत्रालय के अनुमान के मुताबिक गर्मियों के दौरान देश में बिजली की मांग 229 गीगावॉट तक पहुंच सकती है। हालांकि, अधिकतम आपूर्ति जून में 224.1 गीगावॉट की नई ऊंचाई को छू चुकी है, लेकिन जुलाई में गिरकर 209.03 गीगावॉट पर आ गई। अगस्त में अधिकतम मांग 238.19 गीगावॉट तक पहुंच गई। इस साल सितंबर में यह लगभग 241 गीगावॉट थी। अगस्त और सितंबर में बिजली की खपत बढ़ने का मुख्य कारण उमस भरा मौसम और त्योहारी सीजन से पहले औद्योगिक गतिविधियों का बढ़ना भी है।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

"मिनी रत्न कम्पनी"

(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

ई आफीस- 1259701

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र की छाल खुली खान Seam-III परियोजना (6MTY) हेतु भूमि का अर्जन कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम 1957 के धारा 9(1), संवैधानिक आदेश क्रमांक 03, प्रकाशन दिनांक 04/01/2014 के तहत किया गया है। जिसमें ग्राम-छाल, तहसील-छाल, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) के निम्नलिखित भू-प्रभावितों द्वारा नामित अपने प्रत्यक्ष आश्रित उम्मीदवारों को एसईसीएल में कोल इण्डिया पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना नीति 2012 (अवरोही क्रम) के तहत नौकरी प्रदान करने हेतु प्रस्तावित है। उक्त प्रकरण में प्रभावित खातेदारों/नामित आश्रितों द्वारा संलग्न किए गए भूमि एवं अन्य व्यक्तिगत दस्तावेजों में नाम में भिन्नता पायी गई है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

स.क्र.	खसरा क्रमांक	रकबा (हेक्टे.में)	Statement-1A के अनुसार खातेदार /सह खातेदार का नाम एवं जाति	नामांकन पत्र अनुसार नौकरी नामांकित व्यक्ति का वास्तविक नाम व जन्मतिथि	नाम में अन्तर वाले व्यक्ति	दस्तावेजों के अनुसार खातेदार/सह खातेदार, बालिग आश्रित तथा नौकरी नामांकित व्यक्ति के नाम (बी-I, पी-II, नामांतरण पंजी, ऋण-पुस्तिका, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, अंकसूची, राशन कार्ड आदि में)	टिप्पणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	1304/1 1306/1 कुल 02	0.054हे. 4.196हे. 4.250 हेक्टेयर (10.50 एकड़)	श्यामबाई पिता धरमसिंह, माखन सिंह (फौत) पिता जगेश्वर, सुरसिंह, पूरसिंह पिता जगेश्वर, ना. बा. सुमन, ना. बा. सूरज पिता कुलदीप, मु. चम्पीबाई बेवा कुलदीप, पा. मा. चम्पीबाई बेवा कुलदीप, संदीप, प्रदीप, ना. बा. अमित पिता भवनसिंह (वर्तमान में बालिग), फूलोबाई बेवा भवनसिंह, पा. मां फूलोबाई बेवा भवनसिंह, कवलसाय पिता मुरलीधर, जाति कंवर	(1) घनश्याम राठिया पिता-लालचरण जाति कंवर जन्मतिथि 09.06.2005 (2) बृंदावन राठिया पिता-पूरसिंह राठिया जाति कंवर जन्मतिथि 30.12.1984 (3) राहुल राठिया पिता-हेमचंद राठिया जाति कंवर जन्मतिथि 29.09.2008 (4) अमित कुमार पिता-भुवन सिंह जाति कंवर जन्मतिथि 20.07.2003 (5) टुकेश कुमार पिता-कवलसाय जाति कंवर जन्मतिथि 19.04.1997	श्यामबाई पिता - धरमसिंह	(1) बी-I वर्ष 2013-14 में श्यामबाई पुत्री धरमसिंह, जाति कंवर है। (2) नामांतरण पंजी में श्यामबाई पिता धरमसिंह है। (3) बी-I वर्ष 2022-2023 में श्यामबाई पिता धरम सिंह, जाति कंवर है। (4) पी-II वर्ष 2022-2023 में श्यामबाई पिता धरम सिंह, जाति कंवर है। (5) ऋण-पुस्तिका में श्यामबाई पिता धरमसिंह है। (6) आधार कार्ड में श्यामबाई पति सुखसिंघ (Shyambai W/o Sukhsingh) है। (7) वंश वृक्ष में श्याम बाई पिता धरम सिंह है। (8) Statement-V में श्यामबाई पुत्री धरम सिंह है। (9) संशोधित सत्यापित Statement-V में श्यामबाई पिता धरमसिंह है।	दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम खातेदार श्यामबाई पिता - धरमसिंह का ही नाम है।
					धरम सिंह पिता जगेश्वर	(1) पी-II वर्ष 2013-14 में धरम सिंह पिता जगेश्वर एवं धरम सिंह वर्ग कंवर है।	दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नामखातेदार धरम सिंह पिता जगेश्वर का ही नाम है।
					सूरसिंह पिता जगेश्वर राठिया	(1) बी-I वर्ष 2013-14 में सूरसिंह पिता जगेश्वर, जाति कंवर है। (2) नामांतरण पंजी में सूरसिंह पिता जगेश्वर, जाति कंवर एवं सूर सिंह पिता जगेश्वर है। (3) बी-I वर्ष 2022-2023 में सूर सिंह पिता जगेश्वर, जाति कंवर है। (4) पी-II वर्ष 2022-2023 में सूर सिंह पिता जगेश्वर है। (5) ऋण-पुस्तिका में सूरसिंह/जगेश्वर है। (6) आधार कार्ड में सूरसिंह पिता जागेश्वर राठिया(Sursingh S/o Jageswar Ratiya) है। (7) वंश वृक्ष में सूरसिंह है। (8) Statement-V में सूरसिंह पिता जगेश्वर है। (9) संशोधित सत्यापित Statement-V में सूरसिंह पिता जगेश्वर है।	दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम सहखातेदार सूरसिंह पिता जगेश्वर राठिया का ही नाम है।
					माखन सिंह पिता जगेश्वर	(1) बी-I वर्ष 2013-14 में माखन सिंह पिता जगेश्वर, जाति कंवर है। (2) पी-II वर्ष 2013-14 में माखन सिंह पिता जगेश्वर है। (3) नामांतरण पंजी में माखन सिंह पिता जगेश्वर है। (4) मृत्यु प्रमाण पत्र में माखन सिंह पिता जगेश्वर है। (5) वंश वृक्ष में माखन सिंह है। (6) Statement-V में माखन सिंह पिता जगेश्वर है। (7) संशोधित सत्यापित Statement-V में माखन सिंह पिता जगेश्वर है।	दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम सहखातेदार माखन सिंह पिता जगेश्वर का ही नाम है।
					पूरसिंह राठिया पिता जगेश्वर राठिया	(1) बी-I वर्ष 2013-14 में पूरसिंह पिता जगेश्वर, जाति कंवर है। (2) नामांतरण पंजी में पूरसिंह पिता जगेश्वर, जाति कंवर एवं पूर सिंह पिता जगेश्वर है। (3) बी-I वर्ष 2022-2023 में पूर सिंह पिता जगेश्वर, जाति कंवर है। (4) पी-II वर्ष 2022-2023 में पूर सिंह पिता जगेश्वर है। (5) ऋण-पुस्तिका में पूर सिंह पिता जगेश्वर है। (6) आधार कार्ड में पूरसिंह राठिया पिता जागेश्वर राठिया (Ghursingh Rathia S/o Jageshwar Rathia) है। (7) वंश वृक्ष में पूरसिंह है। (8) Statement-V में पूरसिंह पिता जगेश्वर, जाति कंवर है। (9) संशोधित सत्यापित Statement-V में पूरसिंह पिता जगेश्वर, जाति कंवर है।	दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम सहखातेदार पूरसिंह राठिया पिता जगेश्वर राठिया का ही नाम है।
					चम्पी बाई बेवा कुलदीप	(1) नामांतरण पंजी में मु. चम्पी बाई बेवा कुलदीप,जाति कंवर एवं चम्पीबाई पति कुलदीप है (2) बी-I वर्ष 2022-2023 में चम्पीबाई पति कुलदीप, जाति कंवर है। (3) पी-II वर्ष 2022-2023 में चम्पीबाई पति कुलदीप है। (4) ऋण-पुस्तिका में चम्पीबाई बेवा कुलदीप है। (5) आधार कार्ड में चांपी राठिया पति कुलदेप राठिया, (Champi Rathia W/o Kuldep Rathia) है। (6) वंश वृक्ष में चम्पी बाई पति कुलदीप है। (7) संशोधित सत्यापित Statement-V में मु. चम्पीबाई बेवा कुलदीप, जाति कंवर है	दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम सहखातेदार चम्पी बाई बेवा कुलदीप का ही नाम है।
					सुमन राठिया पिता कुलदीप राठिया	(1) नामांतरण पंजी में ना. बा. सुमन पिता कुलदीप है। (2) बी-I वर्ष 2022-2023 में ना. बा. सुमन पिता कुलदीप, जाति कंवर है। (3) पी-II वर्ष 2022-2023 में ना. बा. सुमन पिता कुलदीप है। (4) ऋण-पुस्तिका में ना. बा. सुमन पिता कुलदीप है। (5) आधार कार्ड में सुमन राठिया पिता कुलदीप राठिया (Suman Rathia D/o Kuldeep Rathia) है। (6) वंश वृक्ष में सुमन पिता कुलदीप है। (7) संशोधित सत्यापित Statement-V में ना. बा. सुमन पिता कुलदीप,जाति कंवर है	दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम सहखातेदार सुमन राठिया पिता कुलदीप राठिया का ही नाम है।
					सूरज राठिया पिता कुलदीप राठिया	(1) नामांतरण पंजी में ना. बा. सूरज पिता कुलदीप है। (2) बी-I वर्ष 2022-2023 में ना. बा. सूरज पिता कुलदीप, जाति कंवर है। (3) पी-II वर्ष 2022-2023 में ना. बा. सूरज पिता कुलदीप है। (4) ऋण-पुस्तिका में ना. बा. सूरज पिता कुलदीप है। (5) आधार कार्ड में सूरज राठिया पिता कुलदीप राठिया (Suraj Rathia S/o Kuldeep Rathia) है। (6) वंश वृक्ष में सूरज पिता कुलदीप है। (7) संशोधित सत्यापित Statement-V में ना. बा. सूरज पिता कुलदीप,जाति कंवर है	दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम सहखातेदार सूरज राठिया पिता कुलदीप राठिया का ही नाम है।
					कुलदीप पिता भवन सिंह	(1) बी-I वर्ष 2013-14 में कुलदीप पिता भवन सिंह, जाति कंवर है। (2) पी-II वर्ष 2013-14 में ना. बा. कुलदीप पिता भवन सिंह है। (3) नामांतरण पंजी में कुलदीप पिता भवन सिंह है। (4) मृत्यु प्रमाण पत्र में कुलदीप पिता भवन सिंह है। (5) वंश वृक्ष में कुलदीप पिता भवन सिंह है। (6) Statement-V में कुलदीप पिता भवन सिंह, जाति कंवर है।	दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम सहखातेदार कुलदीप पिता भवन सिंह का ही नाम है।
					संदीप राठिया पिता भुवन सिंह राठिया	(1) बी-I वर्ष 2013-14 में संदीप पिता भवन सिंह, जाति कंवर है। (2) पी-II वर्ष 2013-14 में ना. बा. संदीप पिता भवनसिंह है। (3) नामांतरण पंजी में संदीप पिता भवनसिंह, जाति कंवर एवं संदीप पिता भवन सिंह है। (4) बी-I वर्ष 2022-2023 में संदीप पिता भवन सिंह, जाति कंवर है। (5) पी-II वर्ष 2022-2023 में संदीप पिता भवन सिंह है। (6) ऋण-पुस्तिका में संदीप पिता भवनसिंह है। (7) आधार कार्ड में संदीप राठिया पिता भुवन सिंह राठिया (Sandeep Rathia S/o Bhuwan Singh Rathia) है। (8) वंश वृक्ष में संदीप पिता भवन सिंह है। (9) Statement-V में संदीप पिता भवनसिंह, जाति कंवर है। (10) संशोधित सत्यापित Statement-V में संदीप पिता भवनसिंह, जाति कंवर है।	दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम सहखातेदार संदीप राठिया पिता भुवन सिंह राठिया का ही नाम है।
					प्रदीप राठिया पिता भवन सिंह राठिया	(1) बी-I वर्ष 2013-14 में प्रदीप पिता भवनसिंह, जाति कंवर है। (2) पी-II वर्ष 2013-14 में ना. बा. प्रदीप पिता भवनसिंह है। (3) नामांतरण पंजी में प्रदीप पिता भवनसिंह, जाति कंवर एवं प्रदीप पिता भवन सिंह है। (4) बी-I वर्ष 2022-2023 में प्रदीप पिता भवन सिंह, जाति कंवर है। (5) पी-II वर्ष 2022-2023 में प्रदीप पिता भवन सिंह है। (6) ऋण-पुस्तिका में ना. बा. प्रदीप पिता भवनसिंह, जाति कंवर है। (7) आधार कार्ड में प्रदीप राठिया पिता भवन सिंह रर्तिन (Pradeep Rathia S/o Bhawan Singh Rathia) है। (8) वंश वृक्ष में प्रदीप पिता भवन सिंह है। (9) Statement-V में प्रदीप पिता भवनसिंह, जाति कंवर है। (10) संशोधित सत्यापित Statement-V में प्रदीप पिता भवनसिंह, जाति कंवर है।	दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम सहखातेदार प्रदीप राठिया पिता भवन सिंह राठिया का ही नाम है।
					अमित कुमार पिता भुवन सिंह	(1) कक्षा-आठवी के अंकसूची में अमित कुमार पिता भुवन सिंह एवं जन्मतिथि-20.07.2003 है (2) अस्थायी सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र में अमित कुमार पिता स्व. भुवन सिंह,जाति कंवर है। (3) स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र में अमित कुमार पिता भुवनसिंह है। (4) आधार कार्ड में अमित कुमार पिता भुवन सिंह (Amit Kumar S/o Bhuvan Singh) एवं आधार नंबर 581711063016 है। (5) राशन कार्ड में अमीत पिता स्व. भवनसिंह है। (6) बी-I वर्ष 2013-14 में अमित पिता भवन सिंह, जाति कंवर है। (7) पी-II वर्ष 2013-14 में ना. बा. अमित पिता भवन सिंह है। (8) नामांतरण पंजी में ना. बा. अमित पिता भवन सिंह, जाति कंवर है। (9) बी-I वर्ष 2022-2023 में ना. बा. अमित पिता भवनसिंह, जाति कंवर है। (10) पी-II वर्ष 2022-2023 में ना. बा. अमित पिता भवनसिंह है। (11) ऋण-पुस्तिका में अमीत पिता भवन सिंह है। (13) वंश वृक्ष में अमित पिता भवन सिंह है। (14) Statement-V में अमित पिता भवनसिंह, जाति कंवर है। (15) संशोधित सत्यापित Statement-V में अमित पिता भवनसिंह, जाति कंवर है।	दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम सहखातेदार एवं नौकरी हेतु नामांकित व्यक्ति अमित कुमार पिता भुवन सिंह का ही नाम है।
					फूलो राठिया बेवा भवन सिंह	(1) बी-I वर्ष 2013-14 में पा.मां फूलो बाई बेवा भवन सिंह, जाति कंवर है। (2) पी-II वर्ष 2013-14 में पा.मां फूलो बाई बेवा भवन सिंह है। (3) नामांतरण पंजी में फूलो बाई बेवा भवन सिंह, जाति कंवर है। (4) बी-I वर्ष 2022-2023 में फूलो बाई पति भवन सिंह, जाति कंवर है। (5) पी-II वर्ष 2022-2023 में फूलो बाई पति भवन सिंह है। (6) ऋण-पुस्तिका में फूलो बाई बेवा भवन सिंह है। (7) आधार कार्ड में फूलो राठिया पति भवन सिंह, (Fulo Rathiya W/o Bhavan Singh) है। (8) वंश वृक्ष में फूलो पति भवन सिंह है। (9) Statement-V में पा. मां. फूलोबाई बेवा भवनसिंह, जाति कंवर है। (10) संशोधित सत्यापित Statement-V में फूलोबाई बेवा भवनसिंह,जाति कंवर है।	दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम सहखातेदार फूलो राठिया बेवा भवन सिंह का ही नाम है।
					कवल साय राठिया पिता मुरलीधर राठिया	(1) बी-I वर्ष 2013-14 में कवलसाय पिता मुरलीधर, जाति कंवर है। (2) पी-II वर्ष 2013-14 में कवलसाय पिता मुरलीधर है। (3) नामांतरण पंजी में कवलसाय पिता मुरलीधर,जाति कंवर एवं कवल साय पिता मुरली धर (4) बी-I वर्ष 2022-2023 में कवल साय पिता मुरली धर, जाति कंवर है। (5) पी-II वर्ष 2022-2023 में कवल साय पिता मुरली धर है। (6) ऋण-पुस्तिका में कवलसाय पिता मुरलीधर है। (7) आधार कार्ड में कवल साय राठिया पिता मुरलीधर राठिया,(Kawal Sai Rathia S/o Murlidhar Rathia) है। (8) वंश वृक्ष में कवल साय है। (9) Statement-V में कवलसाय पिता मुरलीधर, जाति कंवर है। (10) संशोधित सत्यापित Statement-V में कवलसाय पिता मुरलीधर,जाति कंवर है।	दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम सहखातेदार कवल साय राठिया पिता मुरलीधर राठिया का ही नाम है।
					घनश्याम राठिया पिता लालचरण	(1) हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10+2) 2021 मार्च, 2021 प्रमाणपत्र-सह-अंकसूची, कक्षा-दसवी के अंकसूची में Ghanshyam Rathiya S/o Lalcharan एवं जन्मतिथि-09.06.2005 है। (2) हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10+2) 2023 मार्च, 2023 प्रमाणपत्र-सह-अंकसूची, कक्षा - बारहवी के अंकसूची में Ghanshyam Rathiya S/o Lalcharan है। (3) स्थायी सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र में घनश्याम राठिया पिता लालचरण राठिया, जाति कंवर है। (4) स्थानीय निवासी प्रमाणपत्र में घनश्याम राठिया पिता लाल चरण राठिया है। (5) आधार कार्ड में घनश्याम राठिया पिता लाल चरण राठिया (Ghanshyam Rathiya S/o Lal Charan Rathiya) एवं आधार नंबर 267448916429 है। (6) राशन कार्ड में घनश्याम राठिया पिता लालचरण है। (7) वंश वृक्ष में घनश्याम राठिया पिता लालचरण है।	दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम नौकरी हेतु नामांकित व्यक्ति घनश्याम राठिया पिता लालचरण का ही नाम है।
					बृंदावन राठिया पिता पूरसिंह राठिया	(1) हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10+2) प्रमाणपत्र-सह-अंकसूची (छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर), कक्षा - दसवी के अंकसूची में Brindavan Rathia S/o Ghursingh Rathia एवं जन्मतिथि- 30.12.1984 है। (2) स्थायी जाति प्रमाण पत्र में वृन्दावन पिता पूरसिंह, जाति कंवर है। (3) निवास प्रमाण पत्र में बृन्दावन पिता घूरसिंह है। (4) आधार कार्ड में बृंदावन राठिया पिता घूरसिंह राठिया, जाति कंवर (Brindawan Rathia S/o Ghursingh Rathia) एवं आधार नंबर 301600612609 है। (5) मतदाता परिचय पत्र में वृन्दावन राठिया पिता घुर सिंह राठिया है। (6) राशन कार्ड में बृंदावन राठिया एवं वृंदावन राठिया है। (7) वंश वृक्ष में बृन्दावन राठिया पिता घूरसिंह है।	दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम नौकरी हेतु नामांकित व्यक्ति बृंदावन राठिया पिता पूरसिंह राठिया का ही नाम है।
					राहुल राठिया पिता हेमचंद राठिया	(1) कक्षा - आठवी के अंकसूची में Rahul Rathia S/o Hemchand Rathia एवं जन्मतिथि - 29.09.2008 है। (2) स्थायी सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र में राहुल राठिया पिता स्व. हेमचंद राठिया, जाति कंवर है। (3) स्थानीय निवासी प्रमाणपत्र में राहुल राठिया पिता स्व. हेमचंद राठिया है। (4) आधार कार्ड में राहुल राठिया पिता हेमचंद राठिया एवं आधार नंबर 997894938408 है। (5) राशन कार्ड में राहुल पिता हेमा चंद है। (6) वंश वृक्ष में राहुल पिता हेमचन्द है।	दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम नौकरी हेतु नामांकित व्यक्ति राहुल राठिया पिता हेमचंद राठिया का ही नाम है।
					टुकेश कुमार पिता कवलसाय	(1) कक्षा-आठवी के अंकसूची में टुकेश कुमार पिता कवलसाय एवं जन्मतिथि-19.04.1997 है (2) स्थायी सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र में टुकेश कुमार पिता कवल साय,जाति कंवर है। (3) स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र में टुकेश कुमार पिता कवल साय है। (4) आधार कार्ड में टुकेश कुमार पिता कवलसाय राठिया (Tukesh Kumar S/o Kawalsay Rathia) एवं आधार नंबर 770219648167 है। (5) वंश वृक्ष में टुकेश पिता कवल साय है।	दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम नौकरी हेतु नामांकित व्यक्ति टुकेश कुमार पिता कवलसाय का ही नाम है।

एसईसीएल में उपरोक्त प्रस्तावित नौकरियों हेतु किसी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो और साथ ही आवेदक भू-स्वामी व नौकरी हेतु नामांकित व्यक्तियों के पहचान व नाम में भिन्नता के संबंध में किसी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत कार्यालय महाप्रबंधक, एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के समक्ष उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

SECL/23-24/209

प्रभारी अधिकारी (भू-राजस्व), छाल उपक्षेत्र, एसईसीएल, रायगढ़ क्षेत्र

छत्तीसगढ़ में पहले चरण में 20 सीटों पर 70.87 प्रतिशत मतदान, पिछली बार से 6.01 फीसदी कम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण की 20 सीटों पर मतदान मंगलवार शाम 5 बजे खत्म हो गया है। 5 बजे के बाद जो बूथ के अंदर रह गए हैं, वही मतदाता वोट कर रहे थे। शाम 5 बजे तक 70.87 प्रतिशत मतदान हो चुका था। जो 2018 विधानसभा चुनाव के मुकाबले 6.01 फीसदी कम है। हालांकि 5 बजे के बाद भी मतदाता बूथ के अंदर थे। ऐसे में वोटिंग के आंकड़े बढ़ने की संभावना भी है।

सीएम भूपेश बोले- रमन सिंह पीछे हो गए

पहले चरण के चुनाव में डॉ. रमन सिंह कांग्रेस प्रत्याशी से पीछे हो गए हैं। उन्होंने पीएम मोदी को लेकर कहा कि, वे प्रधानमंत्री हैं, लेकिन प्रचार मंत्री बन गए हैं। छत्तीसगढ़ में जब-जब चुनाव होता है तब तब खाली प्रचार के लिए उनका आना होता है।

रमन बोले- भाजपा की सरकार बनने जा रही

पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि, अकबर कुछ भी कहें, जनता का मूड दूसरा दिख रहा है। रमन सिंह सीएम बनेंगे या नहीं बनेंगे, ये पार्टी और विधायक दल के नेता तय करेंगे।

सुकमा के कोंटा में कांग्रेस प्रत्याशी और मंत्री कवासी लखमा ने नागारास में बने पोलिंग बूथ पर मतदान किया। यहां 575 वोटर हैं। संवेदनशील इलाका होने की वजह से बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती की गई है।

कोंडागांव जिले के सरगीपाल पारा मतदान केंद्र में भाजपा प्रत्याशी लता उसेंडी ने सबसे पहले मतदान किया। वोट डालने के बाद स्याही लगी उंगली दिखाती उसेंडी।

दंतेवाड़ा में भाजपा प्रत्याशी चैतराम अटामी ने पत्नी के साथ कासोली मतदान केंद्र में मतदान किया।

सुकमा में मतदान के लिए पहुंची एक बुजुर्ग महिला का बूथ के बाहर सहयोग करते स्काउट्स और गाइड के कैडेट्स।

मोहला-मानपुर में मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए पोलिंग बूथ को निर्वाचन आयोग ने सजाया है।

जगदलपुर। जिले की चित्रकोट विधानसभा सीट पर मतदान करने पहुंची महिलाएं अपने पहचान पत्र लेकर वोट डालने का इंतजार करती दिखाई दीं।

सुकमा में व्हीलचेयर पर मतदान के लिए पोलिंग बूथ पहुंची महिला की मदद करता स्काउट का कैडेट।

कांकेर में मतदान के लिए एक पोलिंग बूथ पर लाइन में लगी महिला मतदाता अपने पहचान पत्र को दिखा रही हैं।

कांकेर के एक पोलिंग बूथ पर मतदाता अपने अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए लाइन में लगकर इंतजार कर रहे हैं।

भानुप्रतापपुर के दुर्गुकोंदल जिला कांकेर में मतदाताओं का पुष्पगुच्छ से स्वागत कर मतदाता मित्रों द्वारा उन्हें आवश्यक सुविधा प्रदान की गई।

कांकेर जिले के विशेष रेनबो मॉडल मतदान केंद्र में थर्ड जेंडर मतदाताओं ने किया मतदान। विशेष रेनबो मॉडल मतदान केंद्र में सुरक्षाकर्मी भी थर्ड जेंडर ही थे।

सोम ग्रुप के ठिकानों पर आईटी की दबिश

बिलासपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय आयकर विभाग की टीम ने आज सुबह-सुबह सोम ग्रुप के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की है। भोपाल से संचालित होने वाले सोम ग्रुप के सिरगिट्टी स्थित कार्यालय व अन्य ठिकानों पर दबिश देकर जांच-पड़ताल की जा रही है। बताया जाता है कि सिरगिट्टी के बॉटलिंग प्लांट के अलावा अन्य स्थानों पर आईटी की टीम सघन जांच-पड़ताल कर रही है। हजारों करोड़ों के इस ग्रुप पर आयकर विभाग की नजर काफी पहले से थी और आज सुबह-सुबह अचानक टीम ने ताबड़तोड़ जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार आयकर की छापामार टीम में इन्दौर और मुम्बई के अधिकारी शामिल हैं।